रांची, शुक्रवार
12:05:2023
अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 128
epaper.rashtriyakhabar.com
ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

देश/विदेश 11 केंद्र सरकार को हर चीज में दखल देने का अधिकार ... | झारखंड 9 विशु शिकार तीसरे दिन भी खेला गया .. | अभिव्यक्ति 6 पाकिस्तान से हमें सीखने की जरूरत है | सारा अली खान ने शेयर .. 10






**शहर >> अपडेट**

## राज ठाकरे ने बिना शर्त माफी मांगी

**रांची:** बिहारियों, उत्तर भारतीय लोगों और हिन्दी भाषियों पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के एक मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे ने बिना शर्त माफी मांगी है। कोर्ट ने उनका माफीनामा स्वीकार कर लिया है। यह मामला पिछले सोलह साल से अदालती प्रक्रिया में था। बता दें कि जमशेदपुर के एक अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने साल 2007 में राज ठाकरे के खिलाफ वहाँ के सोनारी थाने में शिकायत की थी।पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर उन्होंने 13 मार्च 2007 को जमशेदपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में शिकायत वाद दर्ज कराया। सीजेएम ने यह केस तत्कालीन प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डी सी अवस्थी के कोर्ट में सुनवायी के लिए भेज दिया।

**पर्यटन** मुख्यमंत्री पर्यटन विहार की दी सौगात

# पतरातू डैम के विकास से कई और कड़ियां जुड़ेंगी: मुख्यमंत्री




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड को प्रकृति ने कई खूबसूरत सौगातें दी है। इस राज्य को खनिज -संपदा के लिए तो जाना ही जाता है । इसके अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, मनोरम और मनमोहक वादियां और धार्मिक स्थल भी आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां के पर्यटक स्थल और भी खूबसूरत हों। यहां सैलानियों को सभी जरूरी सुविधाएं मिलें । देश- दुनिया के सैलानियों का यह आकर्षण का केंद्र बनें। इसे ध्यान में रखकर सरकार द्वारा सभी पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है और उसे चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज पतरातू लेक रिसोर्ट परिसर में नवनिर्मित पर्यटन विहार (वीआईपी गेस्ट हाउस) राज्यवासियों को समर्पित करते हुए यह कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड को एक अलग पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि यह पर्यटक स्थल आपकी संपत्ति है। आप यहां पिकनिक मनाएं। घूमे-फिरे और मनोरंजन करें। लेकिन, इसे किसी भी सूरत में नुकसान ना पहुंचाएं । इसे प्रदूषित नहीं करें। पूरे परिसर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। सरकार किसी भी पर्यटक स्थल के आधारभूत संरचना को मजबूती दे सकती है, लेकिन इसे चलाना और सुरक्षित रखना आपकी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पर्यटक स्थल के रूप में पतरातू डैम की एक अलग छवि बन रही है । यहां आने वाले सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है । इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। इससे एक तरफ आसपास के क्षेत्रों का विकास होगा, वहीं रोजगार के भी नए अवसर बढ़ेंगे। यह सिर्फ एक डैम नहीं है, बल्कि आपकी आमदनी का एक बड़ा स्त्रोत भी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आम जनता की सहभागिता के बिना कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पतरातू डैम कैचमेंट एरिया का सीमांकन किया जाएगा। ताकि, इसका अतिक्रमण नहीं हो और इसे सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि डैम परिसर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई

राज्य के पर्यटन मंत्री श्री हफीजुल हसन ने पतरातू डैम परिसर को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले सैलानियों के लिए जल्द ही रोपवे का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा पतरातू और नेतरहाट के लिए भी बस सेवा की शुरूआत की जाएगी । वहीं, पतरातू डैम में वाटर एक्टिविटीज तथा वाटर स्पोर्ट्स भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लगभग 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इसमें 7 करोड़ 10 लाख रुपए की 2 योजनाओं का उद्घाटन और 5 करोड़ 82 लाख रुपए की 4 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## राज्यपाल पहुंचे हजारीबाग पंचायत भवन, ग्रामीणों से किया संवाद



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राज्यपाल ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हुटपा, में बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए मध्याह्न भोजन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन ने आज बीएसएफ मेरू कैम्प, हजारीबाग में आयोजित ह्यदीक्षांत परेड समारोहह्न में भाग लेने के बाद हुटपा, हजारीबाग स्थित पंचायत भवन जाकर वहां ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने सखी मंडल की महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिये होते हैं, दोनों को एक-दूसरे का साथ देना चाहिये।उन्होंने उक्त अवसर पर कहा कि सभी लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिये तथा आय का सदुपयोग करना चाहिये, आमदनी को प्राथमिकता के आधार पर खर्च करना चाहिये तथा नशापान जैसी बूरी आदतों से दूर रहना चाहिये। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से बच्चों को शिक्षित करने के लिए विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने लोगों से लड़ाई -झगड़े से दूर रहने हेतु कहा। किसी प्रकार की विवाद हो तो मिल-बैठकर बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए।

## महंगी हवाई सफर से जनता परेशान

**रांची:** दिल्ली और अन्य रूटों पर बड़ी हवाई किराया और कन्फर्म ट्रेन टिकट की अनुपलब्धता से जनता को हो रही परेशानी को देखते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री शशि भूषण राय ने दक्षिण पूर्व रेलवे डी०आर०एम से मुलाकात की एवं मौजूदा स्थिति में भारतीय रेलवे को विकल्प पर काम करने का सुझाव देते हुए , दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल द्वारा कुछ ठोस कदम उठाने की मांग की .उन्होंने कहा कि राँची के यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाए एवं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए रांची राजधानी, गरीब रथ एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस जैसे ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाए . इसके आलावा कुछ साप्ताहिक ट्रेनों की आवाजाही के फेरों को सप्ताह में दो या तीन तक बढ़ाए, छात्र विशेष ट्रेन को कम रेल किराए पर चलाए एवं रांची और हटिया रेलवे स्टेशनों पर वरिष्ठ नागरिक यात्रियों और छात्र यात्रियों के लिए विशेष प्रतीक्षालय और हेल्प डेस्क की व्यवस्था हो। श्री राय ने कहा कि ये बडी हुई हवाई यात्रा का किराया आम आदमी और मध्यम आय वर्ग के लिए काफी असहज है कअभी जैसे-जैसे गर्मी की छुट्टियां नजदीक आ रही हैं और दिल्ली, दक्षिण भारतीय राज्यों और अन्य जगहों पर पढ़ने वाले झारखंड के कई विद्यार्थी छुट्टियों में घर लौटने के इच्छुक होंगे लेकिन उनके एवं अभिभावकों के लिए यह स्थिति काफी परेशान करने वालि है ।

झारखंड में बोर्ड निगम का जल्द होगा गठन

# कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री को भेजा गया नाम ही अंतिम

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** झारखंड में बोर्ड, निगम और आयोग के गठन में देरी को लेकर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने साफ किया है कि किसी भी दबाव में पार्टी उस सूची में बदलाव नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आलाकमान ने जो नाम बोर्ड निगम के लिए फाइनल कर मुख्यमंत्री को भेजा है। उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में बोर्ड निगम और आयोग के अध्यक्ष बनने के लिए सभी की महत्वाकांक्षा होती है, लेकिन सभी को पद मिलना संभव नहीं है। रांची और दुमका में 20 सूत्री के गठन नहीं होने को लेकर आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य में 20 सूत्री के अध्यक्ष स्टीफन मरांडी की तबीयत खराब है, जिस वजह से दोनों जिलों में 20 सूत्री का गठन नहीं हो सका है।इस मामले पर पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि साढ़े तीन सालों में भी ये सरकार बोर्ड निगम का गठन नहीं कर सकी है। कांग्रेस के बड़े नेता पद पा लिए हैं, प्रदेश अध्यक्ष भी राज्यमंत्री का दर्जा पा लिए हैं, ऐसे में पार्टी का झंडा ढोने वालों को कौन पूछता है। सीपी सिंह ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पांच साल तक बोर्ड निगम का गठन हो पायेगा।झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है। महागठबंधन में सभी एकजुट हैं, जल्द ही राज्य में बोर्ड निगम का गठन हो जाएगा।झारखंड में बोर्ड, निगम और आयोग के गठन के लिए प्रक्रिया शुरू हुई थी। कांग्रेस ने इसके लिए 11-12 संभावित लोगो का नाम भेजा था। इसके बाद एक ओर पार्टी के अंदर विरोध के स्वर उभरे थे। आलोक दुबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव, राजेश गुप्ता, साधुशरण यादव सहित कई नेताओं ने इसका विरोध किया था। पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा, प्रदेश सचिव सुनील सिंह, धनबाद के शमशेर आलम ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर मुख्यमंत्री को भेजी गई बोर्ड निगम की लिस्ट में संशोधन की मांग की थी। वहीं राजद ने भी बोर्ड निगम में हिस्सेदारी नहीं मिलने पर नाराजगी जताई थी।

# डुमरी उपचुनाव लड़ेगा झारखंड खतियानी मोर्चा, 2024 में बनेगा मजबूत विकल्प : बेसरा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने झारखंड में तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए बेसरा ने कई संगठनों के साथ बैठक कर इसकी रणनीति तैयार की है बैठक में फैसला लिया गया कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मोर्चा अपना प्रत्याशी देगा। उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही होगी। इसके अलावा 2024 के चुनाव के लिए मोर्चा एक मजबूत विकल्प साबित हो, इसके लिए मोर्चा को और मजबूत किया जाएगा। संयोजक सूर्य सिंह बेसरा ने बताया कि बार- बार कहा जाता है कि झारखंड के निमार्ता शिबू सोरेन हैं, लेकिन असल में झारखंड के निमार्ता यहां के युवा और छात्र हैं, जिन्होंने संघर्ष कर झारखंड राज्य का निर्माण कराया। लेकिन विडंबना है कि इन युवाओं की लड़ाई अभी भी जारी है। कभी नियुक्ति के लिए, तो कभी नियोजन नीति के लिए , कभी स्थानीय नीति के लिए ये संघर्षरत हैं। इसलिए तीसरा मोर्चा का गठन किया गया है, जो गैर राजनीतिक है।बेसरा ने कहा कि जो भी हमारी विचारधारा से सहमत होगा, उसका स्वागत है। लेकिन बीजेपी,आजसू , कांग्रेस,जेएमएम और राजद को छोड़कर। बताया कि झारखंडी खतियानी मोर्चा ने चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लेना शुरू कर दिया है। 2024 के चुनाव के लिए प्रमंडल स्तर पर संयोजक भी बनाए गए हैं और जो भी उम्मीदवार चुने जाएंगे, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राहुल गांधी को 22 मई को रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया गया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद राहुल गांधी को 22 मई को रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया गया है। रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया है। जिस पर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी ने कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर की धारा 205 के तहत सशरीर पेशी से छूट मांगी थी। राहुल गांधी की सशरीर उपस्थिति से छूट की याचिका खारिज करते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट ने तीन पन्नो का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि किस विशेष परिस्थिति में सशरीर उपस्थिति से छूट क्यों दी जानी चाहिए, इसका स्पष्ट कारण नहीं दिया गया है। जबकि आवेदक (राहुल गांधी) अपनी पार्टी के कार्य और अन्य वादों में देश के सभी जगहों पर उपस्थित होते हैं। सभी के लिए समान न्याय की अवधारणा है, इसलिए आवेदक को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना चाहिए।बता दें कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव 2019 के प्रचार के दौरान रांची के मोरहाबादी मैदान में कांग्रेस की सभा में नरेंद्र मोदी, नीरव मोदी, ललित मोदी का नाम लेने के साथ कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी है, वे सभी चोर हैं।

**राजनीति** कर्नाटक चुनाव में जीत को लेकर झारखंड की महागठबंधन की सरकार आश्वस्त

# जो हनुमान चालीसा पढ़ना नहीं जानते वो बजरंगबली की कर रहे बात'



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** कर्नाटक चुनाव में जीत को लेकर झारखंड की महागठबंधन की सरकार आश्वस्त है। कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि पूरा देश महंगाई से परेशान है। बीजेपी केवल धर्म की राजनीति कर के वोट लेना चाहती है। जनता उनके छल में नहीं आने वाली है। कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। वहीं झामुमो नेता ने कहा कि जो हनुमान चालीसा नहीं जानते वो धर्म की राजनीति कर रहे हैं। कहा कि पहले इनलोगों ने राम को बेचा, अब बजरंगबली को बेच रहे हैं।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान का कार्य पूरा हो गया है। अलग अलग एजेंसियों के ओपिनियन पोल के अनुसार कर्नाटक में कांग्रेस लीड लेती दिख रही है। ऐसे में झारखंड के महागठबंधन में शामिल दलों के नेता खासे उत्साहित हैं। कांग्रेस के नेता कर्नाटक विधानसभा चुनाव से जीत का सिलसिला शुरू होने का दावा कर रहे हैं। साथ ही भाजपा पर तंज कस रहे हैं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल के नेता भी खुश हैं क्योंकि उन्हें भाजपा की हार होती दिख रही है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जनता का अपार समर्थन मिला है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि न सिर्फ कांग्रेस कर्नाटक जीत रही है, बल्कि आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश भी जीतेगी। कहा कि इसके अलावा कांग्रेस राजस्थान और छतीसगढ़ में फिर से परचम लहराएगी। राकेश सिन्हा ने कहा कि 13 मई को मतगणना वाले दिन पार्टी कार्यालय में जश्न मनाने की तैयारी है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल की झारखंड उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि पिछली बार भी कर्नाटक की जनता ने समाजवादियों को जिताया था, लेकिन भाजपा जेडीएस और कांग्रेस की सरकार को येन केन प्रकारेण हटाकर सत्ता पर बैठ गई थी। इस बार जनता उसका भी हिसाब लेगी और कर्नाटक में कांग्रेस की जीत होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि तमाम तरह के हथकंडे अपनाने के बावजूद कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी को जनता सत्ता से बाहर कर रही है। झामुमो नेता ने कहा कि भाजपा के बड़े बड़े नेताओं की व्याकुलता यह दशार्ती है कि वह कर्नाटक हार रहे हैं। हार सामने देख भाजपा के दिग्गज नेताओं ने राजनीति और सत्ता के लिए भगवान राम और बजरंगबली के नाम का इस्तेमाल किया। इसके बावजूद ये हारेंगे। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। कहा कांग्रेस दो तिहाई बहुमत से कर्नाटक में सरकार बनाएगी और महागठबंधन और मजबूत होगा।

**न्यूज फटाफट**

### 15 मई को माओवादियों ने किया उत्तर भारत बंद का आह्वान

**रांची :** भाकपा माओवादी संगठन ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद का आह्वान किया है। माओवादियों ने प्रेस रिलीज जारी कर बंद का ऐलान किया। भाकपा माओवादी संगठन के पूर्व रीजनल ब्यूरो रिजनल कमेटी के प्रवक्ता ने प्रेस रिलीज जारी किया गया है। जारी रिलीज में कहा गया है, 3 अप्रैल को झारखंड के चतरा में कोवर्ट के जरिये नशीले पदार्थ खिलाकर सीआरपीएफ द्वारा किये गये पांच माओवादी नेता की हत्या, छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल को ड्रोन के जरिये की गई भारी बमबारी, झारखंड के पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम में एक साल से रॉकेट लॉचर से किये जा रहे अंधाधुंध बमबारी और रामनवमी के अवसर पर बिहार के बिहारशरीफ, सासाराम, गया और देश के विभिन्न भागो में आरएसएस और भाजपा के गुंडो द्वारा भड़कायी गयी संप्रदायिक हिंसा के खिलाफ 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत को सफल बनाएं। बंद से दूध, मेडिकल, एंबुलेंस, अग्निशमन सेवा को मुक्त रखने की बात कही गई है।

### बढ़ते प्रदूषण और जल संकट को लेकर भाजपा नेता ने बीसीसीएल और निगम को ठहराया जिम्मेदार

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह गुरुवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बीसीसीएल प्रबंधन पर जमकर बरसी। कहा कि प्रबंधन केवल यहां से कोयले का खनन कर रहा है। बदले में यहां के लोगों को कोई सुविधा मुहैया नहीं कर रहा है। गंदगी को रोकने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। सड़क पर उड़ रहे धूल से लोग त्रस्त हो गए हैं। इस पर बीसीसीएल का कोई ध्यान नहीं है। पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा, प्रबंधन बेखबर है। झरिया की गिनती आज गंदे शहरों में होने लगी है।कोयलांचल में प्रदूषण और जल संकट लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। प्रदूषण के कारण लोग बीमार हो रहे है। वहीं पानी की समस्या से लोग हर दिन जूझ रहे है। भाजपा नेता ने कहा कि झरिया में प्रदूषण दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जिससे यहां के लोगों का रहना दुर्लभ हो गया है। जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कहा कि यहां के लोगों के बारे में ना जिला प्रशासन गंभीर है ना ही बीसीसीएल के उच्च अधिकारी। बीसीसीएल मानकों को पूरा किये बिना कोयला खनन कर रही है। इस दौरान नगर आयुक्त को भी उन्होंने आड़े हाथों लिया। कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन और नगर आयुक्त दोनों टाल मटोल का रवैया अपना रहे हैं। कहा कि जल्द पर्यावरण सुरक्षा के लिए पेड़ पौधे नहीं लगाए साथ ही जहां धूल उड़ती है, वैसे जगहों पर पानी का छिड़काव करवाए। साथ ही नागरिक सुविधा के लिए कदम नहीं उठाए गए। अगर ऐसा नहीं किया जाएगा तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

**पेज एक का शेष**

### शीर्ष अदालत के फैसले .. ..

भूमिका निभाने का अधिकार दिया है। पीठ ने कहा कि चूंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान सभा सदन में शक्ति परीक्षण का सामना किए बगैर खुद ही इस्तीफा दे दिया था, इस वजह से उनके नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी सरकार को अब वह बहाल नहीं कर सकती। इस सरकार में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल थी। शीर्ष अदालत ने 16 मार्च को इस मामले में आठ दिनों तक चली सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शिवसेना में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद श्री ठाकरे ने अपने पद से सदन में शक्ति परीक्षण से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद श्री शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से राज्य में सरकार बनाई थी। महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल श्री कोश्यारी को तत्कालीन मुख्यमंत्री ठाकरे से विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहा था, लेकिन बागी शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार को अवैध घोषित करने से परहेज किया था। श्री ठाकरे ने विश्वास मत का सामना किए बिना मुख्यमंत्री ने खुद इस्तीफा दे दिया था। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई वस्तुनिष्ठ सामग्री नहीं थी कि श्री ठाकरे महाविकास अघाड़ी सरकार (कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना) के नेता के रूप में विधायकों का बहुमत खो चुके हैं। शिंदे सरकार से असंतुष्ट थे हालांकि, उन्होंने सरकार से समर्थन वापस लेने की अपनी इच्छा व्यक्त नहीं की। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि केवल ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना विधायक दल के पास पार्टी के मुख्य सचेतक को नामित करने की शक्ति थी। अदालत ने कहा कि शिंदे समूह द्वारा भरत गोगावाले को शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में नियुक्त करने के अध्यक्ष के फैसले को अवैध घोषित कर दिया। पीठ ने अपने फैसले में शिंदे समूह के इस तर्क को खारिज कर दिया कि मुख्य सचेतक विधायक दल द्वारा नियुक्त किया जाता है न कि राजनीतिक दल द्वारा। पीठ ने एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों द्वारा विद्रोह के बाद राज्यपाल की कार्रवाई के संबंध में कहा कि न तो संविधान और न ही कानून ने राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने और अंतर-पार्टी या अंतर-पार्टी विवादों में भूमिका निभाने का अधिकार दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी नेता देवेंद्र फडणवीस और निर्दलीय विधायकों के एक पत्र के आधार पर विधानसभा में शक्ति परीक्षण कराने के राज्यपाल के फैसले को नामंजूर कर दिया। पीठ ने 2016 के फैसले को संविधान पीठ द्वारा संदर्भित करने का फैसला किया, जिसमें अध्यक्ष की शक्ति को अयोग्यता याचिका तय करने के लिए प्रतिबंधित किया गया था, क्योंकि निष्कासन के प्रस्ताव के लंबित होने के मद्देनजर उसे दसवीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के प्रभाव के कारण सात-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष रखा गया।

### पूरे छह सौ में छह .. ..

ऑडिटर बनना चाहती है। नंदिनी तमिलनाडु कक्षा बारहवीं की परीक्षा में छह विषयों में से प्रत्येक में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाली पहली थी। नंदिनी तमिलनाडु के डिंडीगुल की रहने वाली हैं। पिता पेशे से बढ़ई हैं। घर की आर्थिक हालत ऐसी है कि चावल लाने के बाद नमक के पैसे नहीं बचते हैं। इसी चुनौती के बीच नंदिनी संघर्ष करके सर्वश्रेष्ठ से श्रेष्ठ बन गई है। हर तबके के लोगों ने उसकी सफलता की तारीफ की। उस राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी बधाई दी। तमिलनाडु कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। नंदिनी ने परीक्षा में प्रथम आने के बाद कहा कि वह बड़ी होकर ऑडिटर बनना चाहती है। उनके शब्दों में, मैं 600 में से 600 अंक पाकर बहुत खुश हूं। मैं अपनी सफलता को शिक्षकों और माता-पिता को समर्पित करना चाहता हूं। अगर आत्मविश्वास हो तो नामुमकिन को मुमकिन बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने नंदिनी को उनकी उच्च शिक्षा के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। इसी परीक्षा में एन गायत्री भी सामान्य परिवार से आती हैं। उसकी मां एक फल की दुकान पर काम करती हैं। पिता प्राइवेट लाइब्रेरियन हैं। उसे 12वीं की परीक्षा में 592 अंक मिले थे। उन्हें दो विषयों में 100 में से 100 और बाकी चार विषयों में 99 अंक मिले हैं। नतीजों की घोषणा के बाद गायत्री ने कहा, सिर्फ शिक्षा ही लोगों की जिंदगी बदल सकती है। शिक्षा ही दूसरों को समझने का एकमात्र तरीका है। चेन्नई की एक और बेटी मनीषा पुलिस अधिकारी बनना चाहती है। 12वीं की परीक्षा में उन्हें 499 अंक मिले थे। माता-पिता मनीषा की मां सफाई कर्मचारी का काम करती हैं। मनीषा के शब्दों में, हमें वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी पढ़ाई नहीं छोड़नी चाहिए। भले ही अभी स्थिति खराब है, आने वाले दिनों में बदलेगी। यह बदलाव हमारी शिक्षा और प्रतिभा से संभव है। तमिलनाडु कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस बार लड़कियों की जीत मार्च-अप्रैल के महीने में आयोजित बारहवीं कक्षा की परीक्षा में कुल 8,03,385 छात्र शामिल हुए थे। 7,55,451 पास हुए। जिसमें से लड़कियों का पास रेट 96.38 प्रतिशत और लड़कों का पास रेट 91.45 प्रतिशत है।

12:05:2023



अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 128 epaper.rashtriyakhabar.com ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

स जीवति गुणा यस्य यस्य धर्मः स जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवितं निष्प्रयोजनम्॥

भावार्थ : संसार में वही जीवित रहता है, जिसमें गुण और धर्म जीवित रहता है। गुणों और धर्म से रहित मनुष्य का जीवन व्यर्थ है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 38.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.21 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.08 बजे

## मणिपुर के हालत हो गये हैं बहुत खराब : भक्तचरण

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने मणिपुर में हिंसा की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से राज्य में शांति बहाली के लिए तत्काल कदम उठाने, मृतक परिजनों को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है । कांग्रेस के मणिपुर के प्रभारी भक्त चरण दास ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मणिपुर के हालत बहुत खराब हो गये हैं। हिंसा के कारण वहां लोग तबाह हो गए हैं और अपनों को खोने के बाद राहत शिविरों में रहने को विवश है लेकिन आश्चर्य की बात है कि केंद्र सरकार हिंसा रोकने और शांति बहाली के कोई उपाय नहीं कर रही है।

## हिन्दू युवती ने दरगाह में नमाज पढ़ने की मांगी इजाजत

**नैनीताल :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश की एक हिन्दू युवती की ओर से रूड़की की पिरान कलियर दरगाह में नमाज पढ़ने और उसे सुरक्षा मुहैया कराये जाने के मामले में सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही युवती को असुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस थाना में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। मध्य प्रदेश नीमच निवासी भावना व फरमान की ओर से एक याचिका दायर कर अदालत से पिरान कलियर दरगाह में नमाज पढ़ने की अनुमति देने और उसे सुरक्षा मुहैया कराये जाने की मांग की गयी है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## कीमत के मामले में भारतीय आम इसके आस पास नहीं

# एक आम की कीमत 19 हजार रुपये

- खास ग्रीन हाउस के अंदर हैं बगीचा
- हर साल पांच हजार आम उगते हैं

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** भारत में अभी आम का ही मौसम चल रहा है। यहां पर हिमसागर, चौशा, दशहरी, लंगड़ा, अल्फांसो विदेशों में निर्यात किए जाते हैं। भारत के इन आमों की ख्याति विश्वभर में है। देश के कई इलाकों की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार भी आम का इस मौसम में निर्यात है। इस निर्यात से अनेक किसानों को काफी अच्छी आमदनी होती है। इसके बाद भी जापान का आम मियाजाकी कीमत में सभी भारतीय आमों की प्रजाति को पीछे छोड़ देता है। अगर आप एक आम भक्त हैं, लेकिन अभी तक



मियाजाकी की कोशिश नहीं की है, तो आपका मैंगो मैन होना व्यर्थ है। क्यों कि ये है दुनिया का सबसे महंगा आम इसका स्वामद दिखने में जितना खूबसूरत है। एक आम की कीमत 19 हजार रुपए तक हो सकती है। यानी एक किलो आम की कीमत लाख रुपये से अधिक हो सकती है। इस खास प्रजाति के मियाजाकी आम का उत्पादन जापान में होता है। तेल का कारोबार था। किसी ने उन्हें आम की खेती और व्यापार करने की सलाह दी।

### ठंडे जापान में गर्मियों के फल आम की खेती करना आसान नहीं था

आम की खेती सुनने में तो आसान लगती है पर जापान के लिए यह कोई आसान काम नहीं है। ठंडे जापान में गर्मियों के फल आम की खेती करना आसान नहीं था। विश्व प्रसिद्ध आम उत्पादक नाकागावा ने असम्भव को प्राप्त करने के लिए प्राकृतिक तरीके से ग्रीनहाउस बनाया। वह 2011 से उत्तरी जापान के बर्फ से ढके टोकाची क्षेत्र में एक ग्रीनहाउस के अंदर आम उगा रहे हैं। जबकि ग्रीनहाउस के बाहर का तापमान -8 डिग्री सेल्सियस या उससे कम है, अंदर का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के औसत तापमान के साथ भारतीय गर्मी है। नाकागावा के आम के बाग से एक मियाजाकी आम की कीमत 230 डॉलर है। यानी भारतीय मुद्रा में 19 हजार रुपये। वास्तव में ऐसा ही हुआ। बहुत से लोग लाल भव्य मियाजाकी को अच्छी कीमत पर खरीदने को तैयार हैं। वर्तमान में नाकागावा ग्रीनहाउस में सालाना 5,000 आम का उत्पादन होता है। यह समझा जाता है कि लाभ कैसे बनाया जाता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि जहां आम हर जगह गर्मियों में उगाए जाते हैं, वहीं नाकागावा के बगीचे सर्दियों में उन्हें पैदा करते हैं। नतीजतन, मांग अधिक है। नाकागावा का दावा है कि उनका आम किसी भी आम से बेहतर है। इसे कष्टों का फल कहा गया है। और रूप को मोहक कहा जाता है। दुनिया के सबसे महंगे आम का नाम भी जापानियों ने रखा है। मियाजाकी का पसंदीदा नाम का अर्थ सूर्य की किरणों का अंडा है।

**हर्ष** › `सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राज्यपाल कोश्यारी की भूमिका को गलत बताया

# शीर्ष अदालत के फैसले से एकनाथ शिंदे को राहत

- राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में जाने का अधिकार नहीं
- उद्धव ने खुद इस्तीफा दिया तो बहाल नहीं
- ठाकरे गुट को ही पार्टी व्हिप का अधिकार

राष्ट्रीय खबर




**नयी दिल्ली:** महाराष्ट्र में पिछले साल के राजनीतिक संकट पर उच्चतम न्यायालय के गुरुवार के फैसले से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोग से मुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बनी सरकार पर मंडराते संकट के बादल फिलहाल छंट गए। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम. आर. शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की संविधान पीठ ने कहा कि पूरे घटनाक्रम में तत्कालीन राज्यपाल राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा सदन में विधायकों के शक्ति परीक्षण कराने और विधानसभा अध्यक्ष का व्हिप की नियुक्ति का फैसला गलत था। पीठ ने श्री शिंदे और उनके समर्थक विधायकों द्वारा शिवसेना में विद्रोह के बाद राज्यपाल की कार्रवाई के संबंध में कहा कि न तो संविधान और न ही कानून ने राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने और राजनीतिक दलों के बीच या उनके विवादों में कोई

›› पेज 2 भी देखें

## बढ़ई की बेटी ने बना दिया बारहवीं की परीक्षा में एक नया इतिहास

# पूरे छह सौ में छह सौ अंक प्राप्त किये



- बड़ा होकर ऑडिटर बनना चाहती है वह
- घर की माली हालत बहुत खराब ही थी
- हर विषय में पूरे अंक का नया रिकार्ड

राष्ट्रीय खबर

**चेन्नई:** बारहवीं की परीक्षा में 600 में से 600 अंक लाकर तमिलनाडु की बढ़ई-बेटी नंदिनी ने एक मिसाल कायम की है। यहां के बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। नंदिनी ने परीक्षा में प्रथम आने के बाद कहा कि वह बड़ी होकर

›› पेज 2 भी देखें



## शहर >> अपडेट

### तीन दिवसीय समर कैंप 14 मई से

**रांची:** अग्रवाल सभा महिला समिति द्वारा समर कैंप-2023 का आयोजन 14 मई से 16 मई तक महाराजा अग्रसेन भवन में किया जा रहा है। इसमें कक्षा एक से कक्षा तीन तक के और कक्षा 4 से कक्षा 10 तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम संयोजिका रूपा अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं मंत्री मनोज चौधरी ने बताया कि तीन दिवसीय समर कैंप में बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों में योग के लिए योग गुरुनंद दुलाल दत्ता, हस्तकला के लिए मोहम्मद साबिर हुसैन, चित्रकला के लिए सुबोध कुमार, जूडो कराटे के लिए सुनील किस्पोट्टा, संगीत के लिए अजय गोस्वामी, नृत्य के लिए दीपक कुमार (पाजेब) और शतरंज के लिए दीपक कुमार ने अपनी सहमति दे दी है। समर कैंप की विस्तृत जानकारी एवं प्रचार प्रसार के लिए एक पोस्टर का विमोचन अग्रसेन भवन में किया गया।

कृषि विपणन विधेयक

### फरवरी में व्यापारियों ने किया था आंदोलन

# बैठक की तारीख तय कर कृषि विभाग ने ले ली चिट्ठी वापस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कृषि उपज पशुधन विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ व्यवसायियों ने फरवरी में आंदोलन किया था। जिसके बाद कृषि मंत्री ने व्यापारियों को आश्वसत किया था कि व्यासायियों के विचार विमर्श के बाद विधेयक तैयार किया जायेगा। जिसमें व्यापारियों के सुझाव शामिल किये जायेंगे। जिसके बाद व्यवसायियों ने विधेयक वापस ले लिया। लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गयी। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बताया कि अप्रैल महीने में कृषि विभाग की ओर से मामले में बैठक की तारीख तय की गयी थी। इस संबध में चैंबर ऑफ कॉमर्स को पत्र दिया गया था। लेकिन इस पत्र को विभाग ने वापस ले लिया। इसके पीछे अपरिहार्य कारण बताया गया। इसके बाद विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की गयी और न ही बैठक की तारीख तय की गयी। बता दें व्यापारियों के आंदोलन को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स नेतृत्व कर रहा था। ऐसे में चैंबर की अगुवाई में व्यवसायी बैठक में शामिल होंगे। कृषि विपणन बिल को लेकर राज्य में दो बार व्यापारियों का आंदोलन हो चुका है। साल 2022 के मार्च महीने में व्यापारियों ने पहला आंदोलन किया। तब राज्यपाल ने बिल वापस किया। इसके बाद फिर से साल 2022 के दिसंबर में आयोजित शीतकालीन सत्र में सरकार ने बिल को मंजेरी दी। जिस पर आंदोलन तेज हुआ। वहीं, इस साल फरवरी में व्यापारियों ने आंदोलन किया। सरकार के आश्वासन के बाद




आंदोलन वापस लिया गया। बता दें इस दौरन कृषि मंत्री ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि बैठक कर व्यवसायियों की आपत्ति पर विचार करते हुए विधेयक में संशोधन किया जायेगा। व्यापारियों का मत है कि केंद्र सरकार के प्रावधानों का हवाला देते हुए किसानों और व्यापारियों के शोषण के लिये बिल तैयार किया गया है। व्यापारियों का कहना है कि कृषि शुल्क लागू होने से किसानों को मिलने वाला मुनाफा कम हो जायेगा। ऐसे में उत्पाद शुल्क कम हो जायेगा। जिससे किसानों को नुकसान होगा। व्यापारियों ने विधेयक को किसान, व्यापारी और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के हित में नहीं बताया है। व्यापारियों में शुल्क के रूप में जो अतिरिक्त टैक्स बढ़ेगा उसकी भरपाई व्यापारी उपभोक्ताओं से करेंगे।

कैंसर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर का

# आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 12 मई को कांके के कदमा में बने रांची कैंसर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इस अस्पताल के निर्माण पर करीब चार सौ करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस अस्पताल का शिलान्यास 10 अक्तूबर, 2018 में हुआ था। अब करीब तीन साल में यह अस्पताल सुचारु रूप से संचालित होने के लिए तैयार है। हालांकि, रिनपास की जमीन पर एक साल पहले अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। अभी मरीजों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 135 रुपये लिये जा रहे हैं। अस्पताल में फिलहाल 82 बेड उपलब्ध है। इसमें से 50 फीसदी बेड स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित होंगे। साथ ही इस अस्पताल में 14 ऑपरेशन थियेटर और 28 बेड का



आइसीयू भी रहने की बात कही जा रही है। साथ ही जरूरतमंद लोगों के लिए यहां आवासीय परिसर का निर्माण भी कराया जायेगा। ज्ञात हो कि इस अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के शुरू होने से ना केवल झारखंड, बल्कि झारखंड के पड़ोसी राज्यों के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। अब कैंसर रोगियों को टीएमएच मुंबई के अलावा महानगरों के कैंसर अस्पताल में इलाज के लिए नहीं जाना होगा। वर्तमान में झारखंड के कैंसर रोगियों का इलाज रिम्स में होता है।

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण ने

# बीएयू को बनाया झारखंड का नोडल केंद्र

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को झारखंड के नोडल केंद्र के रूप में अधिसूचित किया है। इस संबंध बीएयू को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार) के पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण ने सूचित किया है। इस अधिसूचना के मुताबिक बीएयू के निदेशालय अनुसंधान के माध्यम से पूरे झारखंड क्षेत्र में विभिन्न फसलों, फल, सब्जी, फूल, पौध रोपण सामग्री एवं मसाला फसलों और पौधा से सबंधित मुआवजे के दावे का अग्रसारण प्राधिकरण को किया जा सकेगा। तत्काल प्रभाव से बीएयू केंद्र के अधिकार क्षेत्र यानी संपूर्ण झारखंड प्रदेश के गांव या स्थानीय समुदाय की और से किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह (चाहे सक्रिय रूप से खेती में लगे हों या नहीं) या किसी



सरकारी या गैर-सरकारी संगठन और जिन्होंने किसी भी पंजीकृत किस्म के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो, के द्वारा दावा दायर किया जा सकता है। संबंधित किसी भी दावे के संबंध में किसानों/ कृषक समुदायों को कोई भी शुल्क देय नहीं होगा।निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने स्थानीय पौधों की किस्मों की सुरक्षा एवं संरक्षण और पौधों की नई किस्मों के विकास के लिए पीपीभी एंड एफआर अधिनियम 2001 को लागू किया है। यह अधिनियम नई फसल पौध किस्मों के विकास के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, उनमें सुधार तथा उन्हें उपलब्ध कराने में किसानों के योगदान को मान्यता प्रदान करता है।डॉ सिंह ने कहा कि किसानों को स्थानीय किस्मों के पंजीयन के लिए अपना आवेदन का उस क्षेत्र विशेष के जिला कृषि पदाधिकारी से अनुमोदन और उस क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी से फार्म पीवी-1 के माध्यम से पत्राचार के लिए स्वीकृति लेनी होगी।कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने प्राधिकरण द्वारा नोडल केंद्र बनाये जाने पर खुशी जताया। कहा इसे राज्य में किसानों के हित में अग्रणी भूमिका के निर्वहन का एक अनूठा अवसर बताया। उन्होंने बताया कि कृषकों के किस्मों का संरक्षण उनके दुर्लभ गुणों की वजह से अति आवश्यक है।डॉ सिंह ने कहा कि इस अधिनियम द्वारा कृषक किस्मों को बौद्धिक संपदा सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों की पारंपरिक अच्छी किस्मों की रक्षा और क्षेत्र में पारंपरिक किस्मों की जैव-चोरी को रोकने में यह अधिनियम बेहद कारगर होगी।

# वन विभाग ने की मिशन लाइफ अभियान की शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग (झारखंड), झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (जेएसपीसीबी) और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा संयुक्त रूप से गुरुवार से मिशन लाइफ पर जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के पहले दिन कई रचनात्मक गतिविधियों की कड़ी में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्रों द्वारा मिशन लाइफ के लोगो को मानव श्रृंखला के जरिये बेहद मनमोहक और आकर्षक तरीके से चित्रित किया गया। यह अभियान करीब एक महीने तक विभिन्न रचनात्मक क्रियाकलापों के जरिए 5 जून को



विश्व पर्यावरण दिवस के संपन्न होने तक चलेगा। प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट और हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग (झारखंड) ने अभियान की शुरूआत के मौके पर कहा कि मिशन लाइफ अभियान का उद्देश्य एक सस्टेनेबल और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए लोगों के सामूहिक और व्यक्तिगत प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। हर व्यक्ति को अपने स्तर से सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इसके लिए सकारात्मक व्यवहार और दृष्टिकोण से जुड़ा हर छोटा प्रयास मायने रखता है। मिशन लाइफ के तहत जलवायु-अनुकूल सामाजिक मानदंडों, विश्वासों और दैनिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत राज्य में जागरूकता प्रसार एवं लोगों का सहयोग एवं समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के महत्व के बारे में शशिकर सामंता (आईएफएस) अध्यक्ष, झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने बताया कि मिशन लाइफ अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। इसके जरिये व्यक्तिगत और सामुदायिक व्यवहार को सकारात्मक ढंग से बदलने से पर्यावरण और जलवायु संकट को कम करने में मदद मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण के समाधानपरक उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने में आम नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

# ग्रीष्मावकाश में शिक्षकों को कॉपी जांच कराने के मामले पर निदेशक से मिला प्रतिनिधिमंडल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जेसीईआरटी के निदेशक किरण कुमारी पासी से मिला। उनसे गर्मी की छुट्टी में कॉपी जांच कराने के विषय पर आपत्ति दर्ज की। इसमें संशोधन की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक गर्मी की छुट्टी की परेशानियों को देखते हुए निदेशक ने संघ की मांगों से सहमति जतायी। इसमें आवश्यक संशोधन कर पत्र निर्गत करने की बात कही। वार्ता में बनी समझौते के अनुसार जिन जिलों में 22 मई से गर्मी की छुट्टी हो रही है, वहां 22 मई से पूर्व शिक्षक कॉपी जांच का कार्य पूर्ण कर लेंगे। गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुलते ही बच्चों को परीक्षाफल उपलब्ध करा देंगे। जिन जिलों में 15 मई से गर्मी की छुट्टी हो रही है, उन जिलों में ग्रीष्मावकाश के बाद मूल्यांकन कार्य कर 12 जून तक रिजल्ट दे देंगे। शिष्टमंडल ने प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा से मुलाकात कर एक घंटा अतिरिक्त विद्यालय में रुकने सम्बन्धी आदेश को संशोधन करने संबंधी सचिव से वार्ता के बारे में भी बात हुई। जयंत मिश्रा ने बताया कि पत्र बनाकर भेजा गया था। इस संबंध में सचिव ने कहा कि पूर्व के पत्र में कुछ और भी अवांछनीय तथ्य अंकित है।

मौसम

### 12 मई से बंगाल के दक्षिणी पूर्वी क्षेत्र में मोका का तीव्र असर देखा जायेगा

# चक्रवाती तूफान मोका के रास्ता बदलने पर झारखंड में पड़ सकता है असर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**चक्रवाती तूफान मोका को लेकर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अर्लट जारी किया है। जिसके बाद राज्य मौसम विज्ञान केंद्र ने भी इससे संबधित जानकारी दी है। विभाग की मानें तो 12 मई से बंगाल के दक्षिणी पूर्वी क्षेत्र में मोका का तीव्र असर देखा जायेगा। वहीं, इसका असर झारखंड में कम पड़ने की संभावना है। विभाग ने बताया है कि अगर तुफान का रास्ता बदलता है तो राज्य में इसका असर पड़ सकता है। ऐसे नहीं। ऐसे में 15 मई से राज्य के



कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। वहीं, कुछ जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान भी लगाया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो इस बीच कई शहरों के तापमान में और अधिक बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुमान लगाया जा सकता है कि झारखंड में चक्रवाती तूफान ह्यमोकाह्न का कोई खास असर नहीं पड़ेगा। अगर तूफान ह्यमोकाह्न अपना रास्ता बदलता है या इसमें कोई बदलाव होता है तो यह संभव है कि इसका असर झारखंड में पड़े। मुख्य रूप से मोका का असर ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में खास असर पड़ सकता है। इस तूफान के आने से बंगाल के लोगों को 12 मई से सावधान रहने की काफी जरूरत है। विभाग की मानें तो आने वाले तीन चार दिनों तक राज्य के तापमान में कोई बदलाव नहीं देखा जायेगा। इस दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उसके पार रहने की संभावना बतायी गयी है। वहीं, 15 मई के पहले तक दोपहर या शाम के समय बादल छाये रहेंगे। लेकिन इससे तापमान में प्रभाव नहीं पड़ेगा। लोगों को गर्मी का एहसास होगा। वहीं, 15 और 16 मई को राज्य में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

### फ्लाइट का किराया उच्चतर स्तर पर

**रांची:** रांची से उड़ने वाली फ्लाइट का किराया उच्चतर स्तर पर पहुंच गया है। जिस रांची-दिल्ली फ्लाइट का न्यूनतम किराया 4 हजार रुपए था वह अभी 17 हजार तक पहुंच गया है। जानकारों का कहना है कि किराया बढ़ने की मुख्य वजह विमान सेवाओं की संख्या में कमी है। यहां से एयर इंडिया और स्पाइस जेट की विमान सेवा लगभग डेढ़ साल से बंद है। जिसका फायदा इंडिगो, एयर एशिया और गो एयरवेज ने उठाना शुरू कर दिया है। गो एयरवेज ने अपनी बुकिंग बंद कर इन कंपनियों को अधिक किराया लेना आसान कर दिया। इसका असर अब यात्रियों की जेबों पर दिखने लगा है। विशेषतौर पर रांची से महानगरों का विमान किराया आसमान छूने लगा है। रांची से दिल्ली का किराया चार गुणा से ज्यादा महंगा हो गया।

## न्यूज फटाफट

### ऊर्जा संरक्षण व युवा संवाद 2047 सेमिनार का आयोजन

**रांची:** विवेकानंद युथक्वेक फाउंडेशन द्वारा ऊर्जा संरक्षण व देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए पंच प्रण पर युवा संवाद2047 पर सेमिनार व प्रतियोगिता का आयोजन डी ए वी गांधीनगर, स्कूल कांके रोड में किया गया ।जिसमे प्रथम स्थान काव्य राशि ,द्वितीय स्थान तानिया दास व तृतीय स्थान राज कुमार को मिला ।इस कार्यक्रम का अध्यक्षता विवेकानंद युथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने किया ।एवम धन्यवाद यापन विवेकानन्द युथक्वेक फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी रहे ।मुख्य अतिथि के रूप में एस एस मेमोरियल में प्राचार्या डॉ वंदना रॉय एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में डी ए भी के प्राचार्य एस के सिन्हा व अतिथि के रूप में एन एस एस राष्ट्रपति पुरस्कृत फलक फातिमा रही ।इस कार्यक्रम में ऊर्जा का संरक्षण कैसे रखा जाए व 2047 तक भारत मे युवाओ द्वारा कैसे विकसित किया जाए इस विशेष चर्चा हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नलनी ,जय ठाकुर, मेघना आंनद व सैकड़ो छात्र -छात्रा ने भूमिका निभाई।

### 15 से 17 मई तक जैप-वन में होगी बहाली

**रांची:** झारखंड में भूतपूर्व सैनिकों की स्पेशल आक्सिलियरी पुलिस (सैप) की दोनों बटालियन के लिए 771 पदों पर नियुक्ति की जायेगी। इसके लिए 15 से 17 मई तक डोरंडा स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) वन परिसर में विभिन्न पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को बहाल किया जाएगा। नियुक्ति प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण निदेशालय के अनुरोध पर पुलिस मुख्यालय ने एक डीआइजी के नेतृत्व में छह सदस्यीय चयन समिति का गठन कर दिया है। इस समिति के अध्यक्ष रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे हैं। पांच सदस्यों में जैप वन डोरंडा के समादेष्टा वाई एस रमेश, जैप-10 महिला बटालियन होटवार के समादेष्टा धनंजय कुमार सिंह, झारखंड जगुआर एसटीएफ के एसपी शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल, सीआइएटी स्कूल के पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त कर्नल खालिद अहमद खान व जैप वन डोरंडा के डीएसपी जयप्रकाश नाग शामिल हैं। : कुछ दिन पहले ही पुलिस मुख्यालय ने सैप में सूबेदार से रसोइया तक के पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। राज्य में विधि व्यवस्था संभालने, नक्सल विरोधी अभियान को गति देने, राज्य की काराओं में सुरक्षा, औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, थाना, आउट पोस्ट (ओपी), टेंपररी आउट पोस्ट (टीओपी) में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही भूतपूर्व सैनिकों की सेवा अनुबंध पर ली जा रही है।

### झारखंड जूनियर थ्रोबॉल की बालक और बालिका टीम ऊना रवान

**रांची:** हिमाचल प्रदेश के ऊना में कल 12 से शुरू हो रही 33वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम भी हिस्सा लेगी। जूनियर थ्रोबॉल बालक एवं बालिका टीम आज रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। रवानगी से पूर्व झारखंड प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रहे परिवर्तन संस्था के अध्यक्ष अमित तिवारी ने खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान खिलाड़ियों को आशीर्वचन देते हुए परिवर्तन संस्था के अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे है। उनका झारखंड टीम में चयन ही उनकी पहली सफलता है और यह खिलाड़ियों के लिए गर्व का विषय है। सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए अपनी क्षमताओं का निरंतर विकास करते रहेंगे। जब खिलाड़ी अपनी क्षमताओं में निरंतर विकास करते रहेंगे तो स्वतः खेल के परिणाम अनुकूल होंगे। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के सचिव नगीना कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान खेल के प्रतिस्पर्धाओं में मानसिक टच का योगदान बढ़ गया है। टीम को झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता, नगीना कुमार, जमील अंसारी, नीरज वर्मा, सोनू सिंह, देवव्रत कुमार, सुनील चक्रवर्ती, राजेश सिंह तथा क्वीन ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### जेईई एडवांस की परीक्षा चार जून को, दो पालियों में होगी परीक्षा

**रांची:** जेईई मेन के दोनों सत्रों का परिणाम जारी हो चुका है। अब देश के 23 आईआईटी में प्रवेश के लिए छात्रों की नजर जेईई एडवांस पर है। जेईई मेन उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को ही जेईई एडवांस में शामिल होने का मौका मिलेगा। जेईई एडवांस के लिए रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका है। अब प्रवेश पत्र 29 मई से 4 जून तक डाउनलोड किया जा सकेगा। जेईई एडवांस परीक्षा का आयोजन 4 जून को दो पालियों में होगा। पेपर-1 सुबह 9 से 12 और पेपर-2 दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक निर्धारित है। जेईई एडवांस परीक्षा के माध्यम से देश के 23 आईआईटी की लगभग 16 हजार 538 सीटों पर एडमिशन मिलता है। जेईई एडवांस कंप्यूटर आधारित परीक्षा है। परीक्षा संपन्न होने के बाद इसकी प्रोविजनल आंसर की 11 जून को उपलब्ध होगी और 12 जून तक आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। जेईई एडवांस का परिणाम और फाइनल आंसर की दोनों ही 18 जून को जारी होगी। जेईई मेन जनवरी व अप्रैल सत्र की परीक्षाओं में सफल होने और टॉप 2 लाख 50 हजार ऑल इंडिया रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार ही जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए पात्र हैं। इसमें सामान्य श्रेणी के 1 लाख 1 हजार 250, सामान्य ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 25000, ओबीसी के 67500, एससी के 37500 व एसटी के 18750 उम्मीदवारों को शामिल किया जाएगा।

### झारखंड की टीम चंडीगढ़ को 11-0 से रौंदकर पहुंची सेमी फाइनल में

**रांची:** 13वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन लगातार जारी है। ओडिशा के राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गये मैच में झारखंड ने हॉकी चंडीगढ़ को हराया। झारखंड हॉकी की महिला टीम ने चंडीगढ़ को एकतरफा मुकाबल में 11-0 से रौंद कर सेमीफाइनल में जगह बनायी। आज खेले गये मैच में शुरू से ही झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ टीम पर दबाव बनाये रखी। झारखंड की खिलाड़ियों ने तेज खेल का प्रदर्शन करते हुए एक एक कर चंडीगढ़ के गोल पोस्ट के अंदर 11 गोल दाग दिये। जवाब में चंडीगढ़ टीम की खिलाड़ियों ने एक भी गोल नहीं कर सकीं। झारखंड टीम की ओर से स्वीटी डुंगडुंग और जमुना कुमारी ने 5-5 गोल किये। अंकिता मिंज ने भी 1 गोल करने में सफलता पायी। फाइनल मैच 14 मई को होंगे। इससे पूर्व हॉकी झारखंड ने हॉकी उत्तराखंड को 4-0 से तथा हॉकी पश्चिम बंगाल को 18-0 से पराजित किया था। झारखंड टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, सरोजनी लकड़ा (खेल निदेशक, झारखंड) सहित हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### डीएवी के छात्र-छात्राएं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे योगाभ्यास

**रांची:** डीएवी कपिलदेव में नौवें योग दिवस को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। सत्यानन्द योग मिशन के निदेशक आचार्य मुक्तरथ जी ने हजारों बच्चों को योगाभ्यास कराये, जिसमें सर्वप्रथम वहां के बच्चों ने पांच मिनट वैदिक मंत्रोच्चार किया। फिर उन्हें ताड़ासन, त्रिकोणासन, कटि चक्रासन, अर्ध चक्रासन, तितली आसन, वृश्चिकासन, नाड़ीशोधन, भ्रामरी और मेडिटेशन कराया गया। डीएवी कपिलदेव के प्राचार्य सह डीएवी जोन के निदेशक श्री एम के सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष हमलोग सभी डीएवी विद्यालय के बच्चों के साथ 21 जून को योग करने का प्लान बना रहे हैं। उन्होंने कहा योग के करने से इससे आंतरिक अनुशासन डेवलप करता है और शारीरिक मजबूती के साथ मानसिक सबलता भी आती है।

## विधायक ने ईचागढ़ प्रखंड में किया तीन तलाब जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास



**चांडिल** : ईचागढ़ प्रखंड में अमृत सरोवर तालाब अनाबद्ध निधि के तहत स्वीकृत तीन तलाब जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधायक सविता महतो व जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी ने संयुक्त रुप से शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा नदीशाई पंचायत के कुटाम में साढ़े 13 लाख कि लागत से तलाव जीर्णोद्धार, गुदढ़ी पंचायत के जाहेरडीह में साढ़े 17 लाख कि लागत से तलाव जीर्णोद्धार व चिमटीया पंचायत के तामारी में 19 लाख कि लागत से तलाव का जीर्णोद्धार होगा। विधायक ने कहा गांव में तालाब का जीर्णोद्धार होने से लोगों को 12 महीने सिंचाई व दैनिक उपयोग के लिए पानी मिलेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नीताई उरांव, मुखिया किसुन किस्कु, मुखिया प्रतिनिधि कृष्ण सिंह मुंडा, पंचान्न पातर, अमित सिन्हा, विभिशन महतो आदि काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख से मिली विधायक



**चांडिल** : ईचागढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क दुघर्टना में ईचागढ़ प्रखंड के प्रमुख गुरुपद मार्डी के पिता फुलचांद मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। बुधवार को ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने प्रमुख गुरुपद मार्डी के घर पहुंचे एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया एवं दुर्धटना के बारे में जानकारी लिया। प्रमुख गुरुपद मार्डी ने विधायक को जानकारी दिया कि अभी तक उक्त वाहन पकड़ा नहीं गया है। वहीं ग्रामीण लोगों ने विधायक सविता महतो को सड़क में ब्रेकर देने का मांग किया। विधायक सविता महतो ने तत्काल विभाग को सड़क का सर्वे सभी घटना संभावित जगहों पर ब्रेकर देने की बात कही। मौके पर केंद्रीय सचिव काबलु महतो, मधु गोप, पंचानन पातर, इन्द्रजीत महतो आदि उपस्थित थे।

## चौका में खुला बजाज मोटरसाइकिल का शोरूम



**चांडील**:मोटरसाइकिल का घोष ऑटोमोबाइल शोरूम का उद्घाटन खगेन महतो ने विधिवत रूप से काट कर किया। इस दौरानघोष ऑटोमोबाइल शोरूम के मालिक सुशांत घोष ने कहा कि चौका में नया बजाज मोटरसाइकिल का शोरुम खोलने से ग्राहकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा इसके अलावा चांडिल के में भी घोष ऑटोमोबाइल बजाज मोटरसाइकिल का एक शोरूम है। चौका क्षेत्र में ग्राहकों का मांग को देखते हुए नया शोरूम का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर दी जा रही है। मौके पर समाजसेवी इंद्रजीत गुप्ता, चौका बाजार समिति के अध्यक्ष बसंत प्रामाणिक, संतोष साव, मनीष महतो आदि उपस्थित थे।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**चांडिल** : कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल को पीएफआई के साथ जोड़ने और कर्नाटक में सरकार बनने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात घोषणा पत्र में कही है, जो कि अत्यंत दुर्भाग्य और द्वेषपूर्ण है। इसके विरोध मे विश्व हिन्दू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी की अगुवाई मे चांडिल विवेकानंद केन्द्र हनुमान मंदिर में विशाल सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ सह महाआरती का आयोजन किया गया। विहिप कोषाध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा की कर्नाटक कोंग्रेस के अलावा कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड तथा महाराष्ट्र में कुछ कॉग्रेसी नेताओं ने बिहार में अन्य जनता दल (यु) जैसे दल के नेता प्रतिबंध जैसे स्वर मे स्वर मिला रहे हैं, किन्तु राष्ट्रभक्त संगठन बजरंग दल पर लगे इन जूठे आरोपों का सर्वत्र विरोध भी हो रहा है। बजरंग दल अनुशासित संगठनात्मक स्वरुप के लिए जाना जाता है, श्री चौधरी ने कहा की बजरंग दल का विरोध करने वाले नेताओ को नही दिखता है की बजरंग दल पुरे देश भर मे गौ रक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान शिविर, मठ मन्दिरो के रक्षा के साथ साथ धर्मांतरण रोकने सहित अन्य सेवा कार्यो में लगे हुए हैं। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ मे मुख्य रूप से नीलरतन खां, मनोज कुमार, चंदन, पिन्टू, रवि, सहित काफी संख्या में विहिप कार्यकर्ता एवं समाज के गणमान्य लोग

**आयोजन** लाइफ स्किल्स पर कार्यशाला का आयोजन

# मनोरंजन और रोचकता से भरपूर रहा लाइफ स्किल्स वर्कशॉप सत्र



राष्ट्रीय खबर

**बोकारोः** चिन्मय विद्यालय बोकारो में टीचर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत लाइफ स्किल्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सूत्रधार विकास कुमार परिधारिया थे। उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी चुनौतियों से भरा है। ऐसे में बच्चों की शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिये कि वे आने वाले सभी चुनौतियों का सामना कर सकें और एक सफल एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सकें। सत्र तीन स्तरों पर आधारित थी। प्रथम सत्र ब्रेन स्टॉर्मिंग सेशन पर था। दूसरे सत्र में लाइफ स्किल्स क्या है। इसके बारे में जानकारी दी गई। तीसरे सत्र में रचनात्मक कार्यों से जुड़ा हुआ था। जिसमें शिक्षकों को तत्क्षण कविता, कहानी, गीत, नाटक आदि लिखने थे। सभी लाइफ स्किल समाहित हो। शिक्षकों ने कई तरह की रोचक रचनाएं प्रस्तुत की जो मनोरंजक एवं उद्देश्य पूरक थी। इसके बाद शिक्षकों को विकास परिधारिया ने बड़े ही रोचक एवं सरल तरीके से तकनीक सिखाया कि कक्षा में इसका प्रयोग कैसे करें। सभी स्तर पर कई जीवंत गतिविधियों में शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विकास परिधारिया ने सरलतम तरीके से सभी के प्रश्नो का समाधान किया। यह कार्यशाला समग्र रूपेण अपने उद्देश्य की प्राप्ति में शत प्रतिशत सफल रहा। सभी शिक्षक कार्यशाला से संतुष्ट दिखे और उन्होंने बताया कि ये सभी स्किल्स जो कार्यशाला में सिखाये गए है। उन्हें आसानी से क्लासरूम टीचिंग में लागू किया जा सकता है और बच्चों को सामर्थ्यवान बनाया जा सकता है। कार्यशाला का संचालन सुप्रिया चौधरी एवं रश्मि शुक्ला ने किया। विद्यालय अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी व प्राचार्य सूरज शर्मा ने कार्यशाला की बहुत उपयोगी और आज की शिक्षा पद्धति की जरूरत बताया। इस कार्यशाला के जरिए बच्चों को आने वाले दिनों की चुनौतियों से अवगत कराना, वर्तमान दौर की आवश्यकता है। सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने की वजह से यह चुनौती भारत के लिए और भी जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समय समय पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ युवाओं को रोजगार कौशल के प्रति जागरूक बनाने का आह्वान किया है। दूसरी तरफ दिल्ली के स्कूलों में आमूलचूल परिवर्तन होने के बाद दूसरे राज्यों में भी शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में काम प्रारंभ हो गया है। दिल्ली में सरकारी स्कूलों में इस बदलाव की वजह से वे अब निजी स्कूलों के मुकाबले अधिक बेहतर हो गये हैं। अब आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वहां भी इसे लागू करना प्रारंभ कर दिया है।

## डीपीएस बोकारो के प्राचार्य को मिला प्रिंसिपल ऑफ द ईयर का सम्मान

राष्ट्रीय खबर

**बोकारोः** डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने एक बार पुनः अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की बदौलत विद्यालय परिवार, बोकारो इस्पात नगर और पूरे झारखंड प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. गंगवार को इंदौर में आयोजित छठे एडु लीडर्स समिट 2023 में प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इंदौर के अंबर गार्डन में आयोजित उक्त भव्य कार्यक्रम के दौरान 19 विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के दर्जनों शैक्षणिक नेतृत्वकताओं की उपस्थिति में उन्हें यह उपलब्धि मिली। डॉ. गंगवार पूरे झारखंड से यह सम्मान पाने वाले एकमात्र प्राचार्य रहे। यूनिवर्सल मेंटर्स एसोसिएशन के सीईओ संदीप गुलाटी ने समारोह की सहयोगी संस्था ब्रेनवंडर्स के सीईओ मनीष नायडू सहित अन्य गणमान्य अतिथियों व शिक्षाविदों की उपस्थिति में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। शिक्षा के क्षेत्र में विगत तीन दशक से भी अधिक समय तक के उल्लेखनीय योगदान तथा पढ़ाई को रोचक बनाने हेतु नवाचार के विशेष प्रयोग के लिए उन्हें यह उपलब्धि मिली।

## मनोरंजन और रोचकता से भरपूर रहा लाइफ स्किल्स वर्कशॉप सत्र 2

**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय बोकारो में टीचर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत लाइफ स्किल्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सूत्रधार विकास कुमार परिधारिया थे। उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी चुनौतियों से भरा है। ऐसे में बच्चों की शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिये कि वे आने वाले सभी चुनौतियों का सामना कर सकें और एक सफल एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सकें। सत्र तीन स्तरों पर आधारित थी। प्रथम सत्र ब्रेन स्टॉर्मिंग सेशन पर था। दूसरे सत्र में लाइफ स्किल्स क्या है। इसके बारे में जानकारी दी गई। तीसरे सत्र में रचनात्मक कार्यों से जुड़ा हुआ था। जिसमें शिक्षकों को तत्क्षण कविता, कहानी, गीत, नाटक आदि लिखने थे। सभी लाइफ स्किल समाहित हो। शिक्षकों ने कई तरह की रोचक रचनाएं प्रस्तुत की जो मनोरंजक एवं उद्देश्य पूरक थी। इसके बाद शिक्षकों को विकास परिधारिया ने बड़े ही रोचक एवं सरल तरीके से तकनीक सिखाया कि कक्षा में इसका प्रयोग कैसे करें। सभी स्तर पर कई जीवंत गतिविधियों में शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विकास परिधारिया ने सरलतम तरीके से सभी के प्रश्नो का समाधान किया।

फोरलेन सड़क तक चौड़ीकरण

## सड़क निर्माण से पूर्व लोग कर रहे है अतिक्रमण



राष्ट्रीय खबर

**बोकारोः** चास आईटीआई मोड़ से उकरीद फोरलेन सड़क तक सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कार्य चल रहा है। बारह मोड़ से उकरीद फोरलेन चौक तक सड़क का निर्माण अभी जारी है। लेकिन कुछ लोग अभी से ही सड़क किनारे अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। साथ ही गुमठियां व ठेला रखने की तैयारी शुरू कर दी है। को-आपरेटिव कालोनी मोड़ से नया मोड़ जाने वाली सड़क के किनारे लोग चौकी रखकर दुकान का संचालन करना भी शुरू कर दिया है। इसके बावजूद भी पथ निर्माण विभाग के अधिकारी सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले लोगों को नहीं हटा रही है। न किसी तरह की कार्रवाई कर रही है। कई स्थान पर ठेकेदार सड़क किनारे बन रहे नाली को सीधा नहीं बनाकर टेड़ा मेड़ा नाली का निर्माण कर रहे है। जिन लोगों की दुकानों को पथ निर्माण विभाग ने निर्माण कार्य से पहले हटाया था। प्रशासन के ढीले की वजह से ये लोग फिर से दुकान रखने की तैयारी करने लगे है। गुरूवार की सुबह को आपरेटिव मोड़ के पास एक दुकान सड़क किनारे ठेका लगाकर दुकान भी शुरू कर दिया है। इस तरह के दुकानदारों को रोकने वाला कोई नहीं है।

## चास सदर बाजार में खुला एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट



**चास**: चास के सदर बाजार में गुरुवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण की धर्मपत्नी नीना नारायण ने एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर नीना नारायण ने कहा कि सदर बाजार में एक भी एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट नहीं था। एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट खुल जाने से आसपास के लोग आसानी से प्रीमियम जमा कर पाऐंगे। प्रोपराइटर मनोज कुमार बरनवाल ने कहा कि सदर बाजार में यहां पहला एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट खुला है, लोगों को जो भी सुविधा है हम देंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री राजेश बरनवाल, जिला महामंत्री संजय त्यागी, ब्रांच मैनेजर मनोज शंकर शर्मा, सहायक शाखा प्रबंधक आशीष हांसदा, विकास आधिकारी प्रभास कुमार झा, अरुण बरनवाल, राजेश बरनवाल, सुरेश बरनवाल, निशा, रानी, नेहा, सारिका, रानी, एकता, रेशमी, भारती, ज्योति, स्वरूप, मोहित, नैतिक, आस्था, शिवानी, कनक, अमन एवं कई लोग उपस्थित थे।

## तन्नू साहु का हुआ भव्य स्वागत



चांडिल : चांडिल प्रखंड के दिरलोंग निवासी हाराधन साहू की बेटी तन्नू साहु का गुरुवार को दिल्ली के ऐतिहासिक सांसद भवन में आयोजित रविन्द्र नाथ टैगोर के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेकर वापसी के दौरान चौका मोड़ में स्थानीय लोगों द्वारा गाजे बाजे के साथ फुलमाला पहना व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मालूम हो कि तन्नू साहु ने कोरोना काल के समय एनसीईआरटी द्वारा आयोजित गुरु तेग बहादुर जी पर लेख लिखा, उसमें पूरे झारखंड से सिर्फ तन्नू साहु का चयन हुआ था। जिसके लिए एनसीईआरटी के द्वारा उन्हें संसद भवन दिल्ली बुलाया गया था। जहां पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया एवं रविन्द्र नाथ टैगोर के जीवनी पर अपना विचार व्यक्त करने का मौका मिला। इस अवसर पर जय देव साव, इंद्रजीत गुप्ता, गुरुचरण साव, श्रीमनत साव, मुकेश साव, चामुराम भुईया, रतन साव, मिंटू गुप्ता समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/28/2022-23

| क्रम सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RE-RDD/SD/HZB/28/01/2022-23 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्डान्तर्गत पंचायत [illegible] के ग्राम [illegible] में आरईओ रोड से देवी मण्डप तक पथ निर्माण। | 7597600.00 | 152000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.05.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 22.05.2023 को अपराहन 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 23.05.2023 अपराहन 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 24.05.2023 अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान– i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9431323436
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 297168 Rural Development(23-24)#D



झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0 :– RCD/HAZARIBAG/622/2023-24 दिनांक :–10.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "[illegible] से [illegible] (MDR-99) (कुल लम्बाई 25.757 कि0मी0) पथ का 2 Lane में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (Job. No. CRF-JHR-2022-23/55)" |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू0 84,65,00,000.00 (चौरासी करोड़ पैंसठ लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 18.05.2023 10:30 बजे पूर्वाहन |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.06.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | Pre-Bid बैठक | 24.05.2023 12:00 बजे दिन |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9431326172 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eeredhazari-jhr@nic.in , Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 297132 Road(23-24).D



कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–C, चाईबासा रोड खूँटी, पिन – 835210
Email Id – deoofficekhunti@gmail.com

आम सूचना

विषय : संस्कृत

| क्रमांक | अभ्यर्थियों का नाम | मोबाईल नं0 | Councelling हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शिव पूजन | 7309949680 | 13/05/2023 |
| 2 | राहुल कुमार यादव | 9984988366 | 13/05/2023 |
| 3 | राजेश कुमार | 7408605328 | 13/05/2023 |
| 4 | धनंजय | 8802649453 | 13/05/2023 |
| 5 | वीणा यादव | 7004024588 | 13/05/2023 |
| 6 | मुकुन्दकान्त शुक्ल | 7054517370 | 13/05/2023 |
| 7 | रणजीत | 9552345480 | 13/05/2023 |
| 8 | अनिल कुमार प्रजापति | 9452658038 | 13/05/2023 |

जिला शिक्षा पदाधिकारी
खूँटी

PR 297093 District(23-24)#D



झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी0, चाईबासा रोड, खूँटी – 835210
E-mail ID – jepkhunti@gmail.com

जिला के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) में नामांकन के संबंध में आवश्यक सूचना

आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत जिला के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के तहत् सम्बद्धता प्राप्त कर संचालित किया जाना है। उक्त विद्यालयों में नामांकन हेतु नामांकन प्रपत्र संबंधित विद्यालय तथा जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.khunti.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन हेतु विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र. | विद्यालय का नाम | नामांकन हेतु कक्षा | बालक/बालिका | विद्यालय प्रधान का नाम | सम्पर्क संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एस.एस.+2 उच्च विद्यालय, खूँटी | IX, XI | बालक–बालिका | श्रीमती अनिमा तिर्की | 9939173973 |
| 2. | आदर्श +2 उच्च विद्यालय, खूँटी | KG, I, II, III, VI, IX, XI | बालक–बालिका | श्रीमती कविता कुमारी | 7061329147 |
| 3. | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय कर्रा | VI | बालिका | श्रीमती रश्मि कुमारी | 6200965922 |

जो भी माता–पिता/अभिभावक संबंधित विद्यालय में अपने बच्चे/पाल्य के नामांकन हेतु इच्छुक हैं वे यथाशीघ्र उस विद्यालय से सम्पर्क करते हुए नामांकन के संदर्भ में विशेष जानकारी प्राप्त करते हुए अपने बच्चे/पाल्य का नामांकन ले सकते हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 297086 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D


**मांग** ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने कि मांग

# उदरंगी कब्रिस्तान घेराबंदी का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाए विभाग:आलोक

राष्ट्रीय खबर



**भंडराः**भंडरा प्रखंड के ग्राम उदरंगी के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू आज उदरंगी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान का घेराबंदी की स्वीकृति समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) से मिला है इसके लिए विधिवत विभाग द्वारा लाभुक समिति का चयन भी कर लिया गया है। इस योजना में जमीन से संबंधित कुछ मामला प्रकाश में आया लेकिन उसका निदान करने में विभाग उदासीन है ।महीना पूर्व लाभुक समिति का चयन होने के बावजूद भी अभी तक कार्य प्रारंभ होने का आदेश विभाग द्वारा नहीं दिया गया है। वर्षा का मौसम प्रारंभ हो जाएगा तो घेराबंदी करने में परेशानी होगा। ग्रामीणों ने श्री साहू से अविलंब घेराबंदी का कार्य प्रारंभ करने की मांग किए। मौके पर श्री साहू ने कहा की आदिवासी एवं मुस्लिमों के धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहे उसके लिए झारखंड की यूपीए कांग्रेसनीत झारखंड सरकार आईटीडीए विभाग से लोहरदगा में व्यापक स्तर पर योजना का चयन किया है। जिसके तहत 40 सरना स्थल घेराव, 27 धूमकुड़िया भवन, 22 मुस्लिमों का जनाजा शेड, 22 मुस्लिम कब्रिस्तान में आधारभूत संरचना का निर्माण ,23 मुस्लिम कब्रिस्तान का घेराबंदी की स्वीकृति मिली है, झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है, मौके पर से ही श्री साहू ने जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम से वार्ता कर उदरंगी कब्रिस्तान घेराबंदी के जमीन का मामला को शीघ्र निदान कर घेराबंदी का कार्य प्रारंभ करवाने की बात कहे। इस पर कल्याण पदाधिकारी ने समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर समीम अंसारी , मुमताज अंसारी, गुलाम मुस्तफा अंसारी, मेराज अंसारी, अख्तर अंसारी, तबरेज अंसारी, एजाजुल अंसारी, ओलिक अंसारी, जमील अंसारी, तौफीक अंसारी, परवेज अंसारी, रफीक अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

संपादकीय

# पाकिस्तान से हमें सीखने की जरूरत है

पाकिस्तान में कल हुई हिंसा से देश के अंदर अनेक लोग खुश नजर आ रहे हैं, यह अत्यंत खतरनाक मानसिकता है। दरअसल पड़ोसी के घर में आग लगने पर अपना हाथ गर्म करने की यह सोच देश को दिमागी तौर पर उस गहरे दलदल में धकेल रही है, जो बाद में भारत को भी पाकिस्तान जैसी हालत में पहुंचा देगा। वैसे तो भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान वर्षो से द्विपक्षीय और विवादास्पद संबंधों के कारण चर्चा में रहा है। यहां तक कि इन दोनों देशों के बीच युद्ध भी हुआ है और विभाजन के समय एक विवादास्पद विषय के रूप में सामने आया था। पाकिस्तान ने भारत के साथ नेतृत्व करने वाली अदालती प्रक्रिया को नकारा है, जबकि भारत ने अपने पड़ोसी देश के खिलाफ आतंकवाद को लेकर चेतावनी दी है। पाकिस्तान के साथी प्रशासनिक संबंध भारत के लिए एक विपरीत चुनौती है। यह देश न सिर्फ आतंकवाद को संरक्षण देता है, बल्कि आतंकी संगठनों को भी प्रोत्साहन देता है। हमने आतंकवाद के विरुद्ध कई आपातकालीन और जटिल योजनाएं बनाई हैं, ताकि ऐसे घटनाओं को रोका जा सके जो भारतीय



नागरिकों के जीवन और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। विपरीतता यहां पर यह है कि पाकिस्तान इन योजनाओं को नकार रहा है और अपने क्षेत्रीय हितों को प्रमुखता दे रहा है। पाकिस्तान ने अपने दूसरे देशों के साथ राजनैतिक, सामरिक और आर्थिक संबंधों में भी विश्वासघात किया है। यह देश अक्सर अपने आंतरविदेशी नीति में अस्थिरता प्रदर्शित करता है, जिसके कारण द्विपक्षीय मसलों को सुलझाना मुश्किल होता है। उदाहरण के रूप में, पाकिस्तान ने अपनी पड़ोसी देश अफगानिस्तान में आतंकवाद का समर्थन किया है और वहां के स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। यह परिस्थिति पुरे क्षेत्र के शांति और सुरक्षा को प्रभावित करती है। पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय रिश्तों की मुख्य समस्या उनकी आतंकवादी नीति है। यह देश आतंकवाद के खिलाफ सख्त नहीं है और आतंकी संगठनों को संरक्षण देता है, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित संगठन अपनी कार्रवाई को बचा लेते हैं। यह भारत के लिए एक सीधा खतरा है और समय-समय पर घातक हमलों का कारण बनता है। भारत ने बार-बार यह संदेश दिया है कि पाकिस्तान को आतंकवाद के मुकाबले अपनी सचेतता बढ़ानी चाहिए और आतंकी कार्रवाई को रोकने के लिए संयुक्त मजबूत कदम उठाने चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान ने इस दिशा में सक्रिय योगदान नहीं दिया है। अभी गोवा आये पाकिस्तान के विदेशमंत्री को भारतीय विदेशमंत्री ने इसी बात पर दो टूक सुनायी है। इसके अलावा,पाकिस्तान के द्वारा भारत के खिलाफ अभियान चलाने की राजनीतिक योजना भी देखी जा सकती है। पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे पर अपनी आपसी संघर्षवादी नीति और आतंकवादी समर्थन के माध्यम से भारतीय कश्मीर को गोलमाल बनाने की कोशिश करता है। यह देश अपने भारत के साथ सीमा क्षेत्रों में अवैध हथियार और सैन्य बलों को समर्थन देता है, जो स्थानीय जनता की जीवन प्रणाली को प्रभावित करते हैं। पाकिस्तान के द्वारा अपनी पड़ोसी देशों के साथ नाकाम और असंवेदनशील संबंधों की उपस्थिति न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करती है, बल्कि इसका भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर भी सीधा प्रभाव पड़ता है। यह हमारी प्रयासों को कमजोर करता है और विभाजन और सहयोग की बजाय दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता है। वैसे इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि पाकिस्तान में सैन्य शासन के कुप्रभाव गहरे और व्यापक हैं। सैन्य शासन के दौरान देश में न्याय की कमी होती है, मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है और लोगों की स्वतंत्रता और स्वतंत्रता के अधिकारों पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं। सैन्य शासन के दौरान मीडिया, न्यायिक प्रक्रिया और सिविल संस्थाओं पर नियंत्रण लगाया जाता है, जिससे सामान्य जनता की आवाज को दबाया जाता है। सैन्य शासन के दौरान व्यक्तिगत स्वतंत्रता और न्याय की सुरक्षा में कमी होती है। गिरफ्तारी, हिरासत में रखना, न्यायिक प्रक्रिया की अवहेलना, बगावती जजमेंट और अन्य मानवाधिकारों की उल्लंघन की स्थिति प्रामाणिक होती है। इसमें सैनिकों को अधिकार होता है और उन्हें जनता पर अधिकता दिखाने की अनुमति मिलती है, जिससे लोकतंत्र को हानि पहुंचती है। लिहाजा इन दुष्परिणामों को देखने समझने के बाद भी अगर हम पाकिस्तान की लीक पर चलते हैं तो इतनी अधिक आबादी वाले देश में इससे अधिक परेशानियां पैदा हो सकती हैं। यह तय माना जाना चाहिए कि दुनिया के अनेक विकसित देशों को भारत की तरक्की पसंद नहीं आती। भारत के आगे बढ़ने पर उनका अपना व्यापार और उनकी अर्थव्यवस्था प्रभावित होने का खतरा है। लिहाजा अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के मंच पर ऐसे देश भी सीधे नहीं तो परोक्ष तौर पर भारत का हित तो नहीं चाहते होंगे। लिहाजा पाकिस्तान में भड़की हिंसा से खुश होने की कतई जरूरत नहीं है। इस बात को समझना होगा कि पाकिस्तान की जनता को भी भारत विरोधी शिक्षा दिये जाने तथा उसके बहाने अपना उल्लू सीधा करने की चाल ने ही अब पाकिस्तान को इस हालत में पहुंचा दिया है।

# नर्सों के समाज के लिए योगदान को नमन




दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 203वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। ह्यलेडी विद द लैंपह्न के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से ह्यफ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कारह्न की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने



**योगेश कुमार गोयल**
पत्रकार

अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था।

1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है।

ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी

1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई।

उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को ह्यअंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवसह्न के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

# परिष्कृत व्यक्तित्व

अध्यात्म साधना का दूसरा सिद्धांत है –परिष्कृत व्यक्तिव । आपने देखा होगा हम जब भी किसी नौकरी के लिए आवेदन करते हैं तो लिखित परीक्षा के पश्चात हमें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता हैं । क्यों ? क्योंकि हमें काम पर रखने वाला यह देखना चाहता हैं कि जिस काम के लिए हम इस आदमी को चुन रहे हैं । आखिर यह आदमी उस काम के लायक हैं भी या नहीं ।

देश दुनिया की सारी संस्थाएं चाहे वो सरकारी हो या निजी, किसी भी शक्स को अपने यहाँ काम पर रखने से पहले उस व्यक्ति का व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार जरुर लेती हैं । सीधे शब्दों में कहें तो किसी भी काम को हमें अपने हाथ में लेने से पहले अपनी पात्रता को सिद्ध करना



पड़ता हैं । यह बताना पड़ता हैं कि हाँ ! हम उस काम के लायक हैं ।ठीक उसी तरह ईश्वर के साम्राज्य में भी, जो इस सम्पूर्ण विश्व का सञ्चालन कर्ता हैं । हमें अपनी पात्रता को सिद्ध करना पड़ता हैं । परिष्कृत व्यक्तित्व का मतलब हैं कि आदमी चरित्रवान हो । चरित्रवान –जो सद्भाव, सद्गुण और सद्कर्मो के सम्मुचय को अपने स्वभाव का अभिन्न अंग बना कर रखे, उसे चरित्रवान कहते हैं । जो सज्जन हो, संयमी हो, जो व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं परमार्थ के लिए जीता हो । ऐसा व्यक्ति ही परिष्कृत व्यक्तित्व कहाँ जा सकता हैं । ऐसे ही लोगों की साधनायें ही सफल होती हैं । हमें अपनी पात्रता को सिद्ध करना ही पड़ता हैं । इतिहास में ऐसे ढेरों के ढेरों उदहारण हैं जो इस बात का प्रमाण हैं । आपने रामायण तो देखि ही होगी । राजा जनक जिन्हें अपनी पुत्री सीता के लिए एक योग्य वर की तलाश थी । अतः उन्होंने सीता के योग्य वर की तलाश के लिए एक स्वयंवर रचा । सम्पूर्ण आयार्वृत के बड़े –बड़े सम्राटों को आमंत्रित किया । शर्त यह थी कि जो उनके राजदरबार में रखे भगवान शंकर के धनुष को उठा कर भंग कर देगा । .. .. .. **जारी।**

विश्व योग दिवस

# योग से जगी वैश्विक जन कल्याण में आरोग्य की अलख

इकीसवीं सदी में भारत ने पूरी दुनिया को एकजुटता का रास्ता दिखाया और अपनी विरासत को अधिकारिक रूप से विश्व में मान्यता मिली अग्रेंजी औपनिवाशिक काल में योग और आयुर्वेद को हैर दृष्टि से देखा जाता था आज उसी योग और आयुर्वेद की मुरीद पूरी दुनिया है प्रतिवर्ष 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है इसकी शुरूआत 2015 से हुई प्रधानमंत्री जी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ के 177 देशों के समर्थन के साथ वर्ष - 2014 में इसे अधिकारिक मान्यता मिली इस बार हम नौवां योग दिवस मनाएँगे ।



**डॉ रघुवीर चारण**
स्तंभकार

वर्ष 2023 में भारत ॠ20 देशों का नेतृत्व कर रहा है इसलिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण को विशेष रूप से मनाया जाएगा इस बार विश्व योग दिवस को वसुधैव कुटुम्बकम' की थीम ( यानी एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य' है ) पर मनाया जाएगा वैश्विक जन कल्याण के लिए योग अनमोल देन हैं

**स्वास्थ्य दृष्टिकोण से शरीर का शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन योग से संभव है स्वास्थ्य की समग्र परिभाषा योग में सम्मिलित हैं दुनिया बदलती जीवनशैली के कारण विभिन्न प्रकार की व्याधियों से ग्रसित है।**

विश्व योग दिवस -2023 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है योग को लेकर विभिन्न कार्य शालाओं और योगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है आने वाले योग दिवस पर हमारे देश के गाँव - ढाणी से लेकर संयुक्त राष्ट्र (वठ) तक पूरी दुनिया योगमय होंगी योग के माध्यम से भारत ने पूरी दुनिया को संगठित होकर एकजुटता का संदेश दिया है।

योग का सामान्य भाषा में अर्थ होता है एकत्व या जोड़ना । स्वास्थ्य दृष्टिकोण से शरीर का शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन योग से संभव है स्वास्थ्य की समग्र परिभाषा योग में सम्मिलित हैं दुनिया बदलती जीवनशैली के कारण विभिन्न प्रकार की व्याधियों से ग्रसित है इन विकारों के शमन और स्वस्थ जीवनशैली प्रदान करने में योग ने नए आयाम स्थापित किए योग और सूर्य नमस्कार से लोगों की दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव दिखाई दिया। वैश्विक महामारी कोरोना के समय दुनिया ने योग की महता को अच्छी तरह से समझा उस समय कोविड पॉजिटिव अल्प लक्षणों वाले मरीजों में मानसिक तनाव को कम करने में योग कारगर साबित हुआ साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में प्राणायाम का महत्वपूर्ण योगदान रहा इनमे कपालभांति, भस्त्रिका, भ्रामरी, और अनुलोम- विलोम शामिल है। योग का इतिहास अति पुरातन है प्राचीन भारतीय वैदिक काल उपनिषदों और षडदर्शन में योग का वर्णन मिला इसके साथ बौद्ध, जैन, इसाई, इस्लाम और हिंदु धर्म में भी योग का उल्लेख मिलता है पाश्चात्य देशों में योग का प्रसार स्वामी विवेकानंद ने किया श्रीमद् भगवद् गीता में वर्णित ₹योगः कर्मसु कौशलम् ₹अर्थात झ योग से ही कर्मों में कुशलता है। कर्म में कुशलता का अर्थ है, ऐसी मानसिक स्थिति में काम करना कि व्यक्ति कर्म एकदम अच्छे तरीके से करे और फल की चिंता में पड़कर खुद को व्यग्र न करे। भारत में योग परंपरा को समृद्ध बनाने में निम्न योग गुरुओं का योगदान रहा योगसूत्र के रचियता महर्षि पतंजलि,अयंग'योग के जन्मदाता बीके एस अयंगर महर्षि महेश योगी, तिरुमलाई कृष्णमाचार्य( आधुनिक योग के पिता),धीरेंद्र ब्रहमचारी, स्वामी रामदेव और श्रीश्री रविशंकर का योगदान अतुलनीय है इनकी बदोलत आज पूरी दुनिया में योग की गूंज है ऋषि मुनियों का सपना साकार होता दिखाई दे रहा योगगुरू भारत ने विश्व को योग जैसी अदभुत कला सिखाई योग एक कला और विज्ञान है जो एक अच्छी तरह से संतुलित और सार्थक जीवन को सक्षम बनाता है जो आपको चटाई के भीतर और बाहर स्त्रोत तक ले जाता है। महान भारतीय योग ऋषि, पतंजलि द्वारा संकलित योग सूत्र, योग पर एक अधिकार है जैसा कि हम जानते हैं।

जानकारी

# कूर्ग का नामद्रोलिंग मठ



कूर्ग हिल स्टेशन से लगभग 34 किलोमीटर दूर स्थित नामद्रोलिंग मठ, जिसे स्वर्ण मंदिर भी कहा जाता है, पर्यटकों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। नामद्रोलिंग मठ को तिब्बती बौद्ध धर्म संबंधित स्कूलों का सबसे बड़ा शिक्षण केंद्र माना जाता है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी तिब्बती बस्ती बाइलाकुप्पे में स्थित, यह 3 मंजिला बौद्ध मंदिर 5000 से अधिक भिक्षुओं और ननों का घर है और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को बनाए रखने के लिए समर्पित है। आप इस स्वर्ण मंदिर का भ्रमण कर सकते हैं, आराम कर सकते हैं, लेकिन बिना परमिट के यहां रह नहीं सकते। इस मंदिर में घूमने का समय सुबह 7 बजे से रात के 8 बजे के बीच है।

# 12GB रैम के साथ लॉन्च हुआ गूगल का पहला फोल्डेबल फोन

साइबर दुनिया

नई दिल्ली : Google Pixel Fold Launched: Google Pixel Fold को बुधवार, 10 मई को Google I/O 2023 इवेंट में लॉन्च किया गया। कई लीक और अफवाहों के बाद, Google ने आखिरकार अपना पहला फोल्डेबल डिवाइस (Google Pixel Fold Specifications) खुद डेवलप किए गए Tensor G2 SoC Google Pixel Fold फोल्डेबल डिवाइस Android 14 पर चलता है और इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है। यह 12ळ्ढ रैम और 512ळ्ढ स्टोरेज के साथ आता है। फोल्डेबल (Google Pixel Fold Battery) डिवाइस में 4,821mAँ की बैटरी मिलती है। पिक्सल फोल्ड (Google Pixel Fold Sale Date) का मुकाबला Samsung IZY Galaxy Z Fold सीरीज, OPPO Find N2 Flip और Huawei Mate X2 से होगा।



Google Pixel Fold price, availability

Google Pixel Fold IZY 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत $1,799 (लगभग 1,47,500 रुपये) से शुरू होती है। 512GB स्टोरेज वाले मॉडल की कीमत $1,919 (लगभग 1,57,300 रुपये) रखी गई है। फोन ओब्सीडियन और पोर्सिलेन कलर ऑप्शन में उपलब्ध होगा।

Google Pixel Fold अमेरिका में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है और अगले महीने से ग्राहकों तक पहुंचना चाहिए। फोल्डेबल को चुनिंदा बाजारों में ही बेचा जाएगा। Google ³fZ Google I/O कीनोट के दौरान ढ्ळ' 7 से भी पर्दा उठाया। इसकी भारत में कीमत 43,999 रुपये है और यह Flipkart के जरिए खरीद के लिए उपलब्ध है। Google Pixel Fold 512GB तक इनबिल्ट स्टोरेज के साथ दो स्टोरेज वेरिएंट में आता है। कनेक्टिविटी ऑप्शन में 5G, 4G LTE, वाई-फाई 802.11 ए/बी/जी/एन/एसी/एक्स, ब्लूटूथ 5.2, जीपीएस/ ए-जीपीएस, एनएफसी और एक यूएसबी टाइप-सी पोर्ट शामिल हैं। फोन में साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर शामिल है।

टॉप ट्वीट

"दिल्ली के लोगों के साथ न्याय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का तहे दिल से शुक्रिया। इस निर्णय से दिल्ली के विकास की गति कई गुना बढ़ेगी। जनतंत्र की जीत हुई।" कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा "सत्यमेव जयते! बधाई दिल्ली , सालों के संघर्ष के बाद केजरीवाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिलाया उसका हक। आखिरकार जनता की जीत हुई , लोकतंत्र की जीत हुई।"

**अरविंद केजरीवाल**
**दिल्ली के मुख्यमंत्री**





"जब मैं पहली बार केदारनाथ आई थी तब मैंने जिंदगी में कभी कैमरा फेस नहीं किया था। यहां तक कम ही लोग आ पाते हैं और जो आते हैं वो काफी खुशनसीब होते हैं। मैं भी उन लोगों में से हूं क्योंकि मैं केदारनाथ तक आ पाई हूं।"

**सारा अली खान**
**बॉलिवुड अभिनेत्री**

संपादक के नाम पत्र

## जीवन विकास का बाधक तत्व अहंकार

अहंकार को आलपिन की उपमा दी है ।आलपिन कागज में प्रवेश करती है ।किंतु उसका बड़ा सिर उसे आगे बढ़ने से रोके रखता है ।इसी तरह जो अहंकार से ग्रस्त हो गया है ।उसे उसकी प्रगति का रास्ता वही पर बन्द हो गया ।जो मान अभिमान से दूर है ।वह शांत भाव से आगे बढ़ता है ।निराभिमानी मनुष्य और सब जन सभी को प्रिय लगतां है ।अहंकार सभी कषायों का विशेषकर क्रोध कषाय का जनक है ।सच्ची प्राप्ति करनी है तो अहंकार से दूर होना पड़ेगा ।जिसने अहंकार को गले लगा दिया ,उसका अंत भी जन्दी ही आता है ।अहंकार से कभी किसी का भला नही होता ।कभी कभी मानव को सत्ता का अनुभव हो जाता है ।सत्ता के मद में चूर अहंकारी को इतिहास के पृष्टों को पलटकर देख लेना चाहिए ।कुछ लोग अपने सौंदर्य का अहंकार करते है ।अहम का मिथ्या बोध ही अहंकार है ।जिस दिन मनुष्य अहंकार से शून्य हो जाता है उस शून्य अवस्था मे परमात्मा का स्वरूप झलकने लगेगा ।अहंकार विकास मार्ग में चट्टान बनकर खड़ा जो जाता है ।उसके लिए सबसे बड़ा बाधक तत्व है ।श्रीकृष्ण ने कहा–अर्जुन एक तरफ शस्त्रविहीन में हूँ और दूसरी तरफ शास्त्रों से सुसज्जित मेरी एक अक्षोहिणी नारायणी सेना है ।सारथी यदि श्रेष्ठ होता है तो वह मुश्किलों में भी अपने रथ को निकाल ले जाता है ।वह विवेक ही हमारा सारथी है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### जहर खाने से युवक मौत, गांव में शोक की लहर

**इचाक :** इचाक थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव में जहर खाने से एक युवक की मौत हो गयी। इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार करियातपुर निवासी मोती राणा के 22 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार 10 मई की रात में जहर खा लिया। जिसके बाद इलाज के लिए घर वालों ने उसे तुरंत हजारीबाग ले गए। परंतु स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### दुकान हटाने पहुंची टीम बैरंग लौटी

**बेरमो :** बोकारो जिला के कथारा फुसरो मार्ग पर कथारा मोड़ स्थित शिव मंदिर के समीप बोरिया बस्ती से सटे पान दुकान को न्यायालय आदेश से हटाने आए पुलिस टीम को एक बार फिर बिना हटाये बैरंग वापस लौटना पड़ा। टीम को ग्रामीणो का भारी विरोध झेलना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरिया बस्ती से सटे घनश्याम पान दुकान को न्यायालय आदेश के बाद 10 मई को एक बार फिर नियुक्त दंडाधिकारी अजीत कुमार स्वर्णकार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल हटाने पहुंची।टीम के आने की सूचना पाकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उक्त स्थल पर पहुंचकर भारी विरोध शुरू कर दिया। इसी बीच पान दुकान के संचालक घनश्याम महतो द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेट को बताया गया कि उसके द्वारा न्यायालय में उक्त भूमि का मालिकाना हक होने का दावा पेश किया जा चुका है।दावेदार महतो के अनुसार बीते माह 25 अप्रैल को न्यायालय द्वारा उक्त जमीन के दूसरे दावेदार मंजर हुसैन को अपना दावा पत्र न्यायालय के सुपुत्र करने का आदेश दिया गया था। महतो ने बताया कि मंजर हुसैन द्वारा न्यायालय से एक माह का समय मांगा गया, बावजूद इसके दुकान को हटाने का यह कार्य न्यायोचित नहीं है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भाजपा किसान मोर्चा के नगर कमेटी का विस्तार

**बेरमो :** भाजपा किसान मोर्चा फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक गिरी के द्वारा गुरुवार को कमेटी का विस्तार किया।जिसमे आशुतोष सिन्हा एवम विवेश सिंह को महामंत्री का दायित्व दिया गया। किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वैभव चौरसिया एवं किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत वर्मा के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। कहा कि किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का बहुत ही सशक्त मोर्चा है। दोनों महामंत्री पहले से भी भाजपा के कार्यकर्ता रहे हैं और अब महामंत्री का दायित्व मिल जाने से उनके कार्य क्षमता का विस्तार होगा और फुसरो नगर भाजपा किसान मोर्चा और सशक्त रूप से काम करेगा। इस अवसर पर अजय गिरी, रमेश कुमार, कन्हैया वर्मा, मिथिलेश कुमार, विशाल कुमार, रवि कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रिजेक्ट कोयला रोड सेल को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**बेरमो :** बेरमो प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर बेरमो के प्रभारी एसडीएम सह सीओ मनोज कुमार व बीडीओ मधु कुमारी के साथ सीसीएल कथारा वाशरी रिजेक्ट कोयला रोड सेल समस्याओं को लेकर ग्रामीण विस्थापितों के साथ बैठक हुई। यहां भाजपा नेता व पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक के नेतृत्व में ग्रामीण विस्थापित एवं रोड से से जुड़े संबंधित लोगों के साथ बैठक की गयी। यहां लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि उक्त रोड सेल में ग्रामीण विस्थापित हस्त लदनी कोयला मजदूर, महिलाओं एवं स्थानीय बेरोजगार युवाओं के साथ उसकी भागीदारी को लेकर भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

---

**समारोह** बीएसएफ मेरु में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

# बीएसएफ का गौरवशाली इतिहास, हम सभी को गर्व: राधाकृष्णन

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरूवार को बीएसएफ मेरू कैंप,हजारीबाग में उपनिरीक्षक बैच संख्या 67 को लेकर आयोजित दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का गौरवशाली इतिहास रहा है, इस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर जवान राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने के साथ आतंकवाद, तस्करी एवं आपराधिक गतिविधियों आदि पर नियंत्रण हेतु सदैव सचेष्ट रहते हैं व अथक परिश्रम करते हैं। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण व कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने 1971 के युद्ध में अपनी दक्षता व साहस का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया है। देश के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिये बीएसएफ को सलाम है। राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षु उप-निरीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों को मातृभूमि की सुरक्षा व सेवा करने का अहम अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने इन उप निरीक्षकों द्वारा प्रदर्शित परेड की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रशिक्षण के दौरान आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आपने जिस करियर का चयन किया है, वह चुनौतीपूर्ण व सम्मानजनक है। राष्ट्र की सुरक्षा का अहम दायित्व आप पर है। उन्होंने बीएसएफ के परिजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग प्रंशसनीय है। राज्यपाल ने सीमा सुरक्षा बल द्वारा लगाये गये शस्त्र प्रर्दशनी का अवलोकन किया। इस मौके पर विधानसभा सदस्य मनीष जयसवाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक हजारीबाग जोन, उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, हजारीबाग समेत बीएसएफ मेरू कैम्प के अधिकारीगण व जवान उपस्थित थे। इस मौके पर राज्यपाल ने उपायुक्त से कहा कि आवास योजना से वंचित लाभुकों को शीघ्र योजना के लाभ से आच्छादित किया करने की बात कही है।

## पुलिस ने राईका गांव में चलाया सर्च अभियान, बोलेरो व बाइक किया जप्त

राष्ट्रीय खबर

**गुवा :** नक्सल प्रभावित राईका गांव में जेटेया थाना पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ विशेष सर्च अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पुलिस को विशेष सफलता हाथ नहीं लगी। जबकि राईका गांव निवासी काशी नाथ दिग्घी ने जेटेया थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुये बताया की पुलिस हमारे घर में जबरन घूसकर घर में रखे 40 हजार रुपये नकद, काला रंग का पुराना बोलेरो, लाल रंग का होंडा साइन मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, बैग आदि समान को बिना किसी कारण के जब्त कर अपने साथ ले गई। घटना के समय उसकी पत्नी घर पर थी जिसके साथ भी पुलिस ने गलत बर्ताव किया। काशी नाथ दिग्घी स्वंय दौड़कर जंगल में भागे और पुलिस से अपने आप को बचाया। एक सवाल के जबाब में उसने बताया कि वह विधायक निधि से पीसीसी सड़क का निर्माण करवा रहा था, उसी कार्य में लगे मजदूरों को देने के लिए पैसा रखा हुआ था। कुछ लोगों से उधार मांगकर अपने घर में 40 हजार रुपया रखे हुए थे। उसने बताया कि काले रंग की बोलेरो गाड़ी उसके साथी चम्पुआ निवासी पद्म लोचन महंता का है, उससे मांग कर गाड़ी लाए थे। जिसे पुलिस अपने साथ ले गई। उसने बताया कि उसके खिलाफ नोटबंदी के दौरान नक्सलियों का पैसा बैंक से बदलने का एक झूठा आरोप लगाते हुए पुलिस ने उस पर केस दर्ज कराया था। आज भी उस पर केस चल रहा है। उसमें हमारे खिलाफ कोई वारंट भी नहीं है। नोटबंदी के दौरान लेबेया सूंडी नाम के एक शिक्षक नोवामुंडी में पैसा बदली करने गए थे जिसे पुलिस ने पकड़ लिया था उसी ने किसी दबाब में आकर मेरा नाम बता दिया।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष

## बृजभूषन शरण सिंह के विरोध में महिला कांग्रेस ने निकाला कैन्डल मार्च




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग देश के नामचीन पहलवान तथा भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषन शरण सिंह के द्वारा देश की पहलवान बेटियां के साथ किये गए दुर्व्यवहार के विरोध में जिला महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व संध्या नगवां स्थित कालोनी पर कैन्डल मार्च का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बेबी देवी ने किया । इस अवसर पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महिलाएं सुरक्षित नही उन्होंने कहा कि देश के लिए पदक जीतने वाली महिला पहलवानों कई दिनों प्रोटेस्ट कर रही और केन्द्र सरकार के कानो मे जूं तक नही रेंग रहा है । जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश के नामचीन पहलवान और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषन शरण सिंह को नैतिकता के आधार पर अभी तक त्यागपत्र दे देना चाहिए । कैन्डल मार्च में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव पिंकी सिंह झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के महासचिव कविता सिंह, जिला कांग्रेस के ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, जावेद मल्लिक, कृष्णा किशोर प्रसाद, महिला कांग्रेस की सारो देवी, सुनिता देवी, आरती देवी, रिंकू देवी, द्रौपदी देवी, मंजू देवी, किरण देवी, जारो देवी, सुकरी देवी, शोभा देवी, निशा देवी, रेखा देवी, ममता देवी, चिता देवी, रीना देवी, ललिया देवी, शिला देवी, कौशल्या देवी, गंगिया देवी, सरिता देवी, आरती मोसेमात के अतिरिक्त कई कांग्रेसी महिला व पूरूष शामिल थे ।

हजारीबाग में तैनात स्पेशल ब्रांच के

## एक जवान के पैर में लगी गोली, निजी अस्पताल में भर्ती



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग राज्यपाल बीएसएफ मेरु कैंप के कार्यक्रम शुरू होने से पहले सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे स्पेशल ब्रांच के एक जवान से मिस फायरिंग हो गई। जिससे स्पेशल ब्रांच के एक जवान बाल गोविंद घायल हो गया। बाल गोविंद के बाएं पैर में गोली लगी है। गोली लगते ही जवान गिर गया। आनान-फानन में उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर गोली को बाहर निकाला है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के आने से पहले एक जवान बाल-बाल बचा। राज्यपाल कार्यक्रम शुरू होने से पहले सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे स्पेशल ब्रांच के एक जवान से मिसफायरिंग हो गई। जिससे स्पेशल ब्रांच के एक अन्य जवान बाल गोविंद घायल हो गया। बाल गोविंद के बाएं पैर में गोली लगी है। गोली लगते ही जवान गिर गया। आनान-फानन में उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर गोली को बाहर निकाला है। फिलहाल, जवान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**क्या है मामला :—**

बताया गया कि गुरुवार को हजारीबाग के मेरु स्थित सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र में जवानों के पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रुप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए।

## देश के विकास में कोयला मजदूरों का योगदान महत्वपूर्ण : अनूप

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष इंडियन नेशनल माइंस वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया गया। पूर्व में इंटक के राष्ट्रीय सचिव में अनूप सिंह संगठन में अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे थे। जारी केंद्रीय कमेटी की सूची में लग्न शीलता कार्यकुशलता और मजदूरों के प्रति निरंतर कार्य के प्रति सेवा के कारण संगठन में पदोन्नति देते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर चयन हुआ यह बेरमो और झारखंड के लिए गौरव है। केंद्रीय श्रम संगठन में बेरमो बोकारो का परचम हमेशा लहराता रहा है। आज उसी कड़ी में बेरमो आ गए बढ़ रहा है। यह मजदूरों का प्रेम और विश्वास को दशार्ता है। प्रतिनिधिमंडल को अपनी भावना से अवगत कराते हुए नवनिर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा प्राकृतिक के संरचना के विपरीत कोयला मजदूर जोखिम भरा कार्य कर देश के विकास में हमेशा अपने निरंतर सेवा देते रहे हैं। करोना काल का समय में जब सभी लोग अपने को सुरक्षित रखने के लिए कमरे में बंद रहे वही कोयला मजदूर अपनी जान का परवाह किए बिना अपनी सेवा देते रहे।

**द केरल स्टोरी** हजारीबाग जिले के प्लस टू स्कूल और विभिन्न कॉलेजों में

# 15 सौ से अधिक युवतियों ने एक साथ सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'द केरल स्टोरी'देखी

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उनके अनुषांगिक संगठन बजरंग दल के आवाह्न पर हजारीबाग जिले के प्लस टू स्कूल और विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत करीब 15 सौ से अधिक युवतियों ने एक साथ गुरुवार को सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'द केरल स्टोरी'देखी। हजारीबाग के लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार में लक्ष्मी चित्र मंदिर में दिन का पहला शो सभी ने सामूहिक रूप से देखा। फिल्म देखने पंहुची युवतियों में एक प्रकार का ललक देखा गया जो अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागृत होने का सकारात्मक परिचायक है। कड़ी धूप और प्रचण्ड गर्मी के बावजूद इस सच्ची घटना पर आधारित सिनेमा ने सिनेमा हॉल पहुंचने को विवस भी किया। सिनेमा देखने पहुंची सभी युवतियों और माताओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल के कार्यकताओं ने हाथ जोड़कर मुख्य द्वार पर अगवानी किया। बड़े ही अनुशासित ढंग से सभी दर्शकों ने 3 घंटे के इस ज्ञानवर्धक फिल्म का आनंद उठाया।

इस दौरान सभी दर्शकों के लिए अल्पाहार का भी उचित व्यवस्था संघ द्वारा किया गया। पहले शो में करीब 1200 और दूसरे शो में करीब 300 युवतियों ने यहां द केरल स्टोरी मूवी देखी। मूवी के रिव्यू में सभी ने सामूहिक रूप से एक बात बताई की फिल्म का लास्ट डायलॉग मन को बहुत तकलीफ दे गया की 'बाबा आपने हमें धर्म की शिक्षा क्यों नहीं दी' फिल्म संचालन के दौरान हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल लक्ष्मी सिनेप्लेक्स परिसर पहुंचे और सिनेमा देख रही माताओं/ बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए धर्म परिवर्तन के खिलाफ चल रहे आतंकी मंसूबे को समझने का सभी से अपील किया। संघ की ओर से दर्शकों की उचित व्यवस्था में जुटे संघ के सक्रिय स्वयंसेवक सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, संघ के प्रांत शारीरिक प्रमुख कुणाल जी, विभाग प्रचारक आशुतोष जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल जी सहित बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने बताया की हमारे देश की बहन/ बेटियों का ब्रेनवाश कर पाश्चात्य संस्कृति से निभाते हुए उनका दुरुपयोग कर आतंकी धर्म परिवर्तन कराते हैं। केरल की ऐसी ही एक सच्ची घटना पर आधारित यह फिल्म 'द केरल स्टोरी' आतंकी षडयंत्रों को उजागर करता है और हमें अपनी धर्म के प्रति जागृत करता है। समाज के हर एक लोगों को यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए।

---

## न्यूज फटाफट

### गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में चालक अमरेंद्र पांडे के ब्यान पर बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किया गया

**बड़कागांव :** बड़कागांव एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोल माइंस के अधीनस्थ ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर शरद कुमार को अज्ञात अपराधियों द्वारा बड़कागांव में गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में चालक अमरेंद्र पांडे के ब्यान पर बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किया गया। थाना कांड संख्या 156/ धारा 302, 307, 353, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीन अज्ञात अपराधियों पर मामला दर्ज की गई। वहीं बड़कागांव पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी की टीम गठित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस अनुमंडल अधिकारी श्री सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग 6 टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही है। कई टीम राज्य के बाहर भी जांच के लिए निकल चुकी है। इस संबंध में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि अभी तक 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है एवं कई जांच टीम राज्य के बाहर भी जांच में गई है। ज्ञात हो कि 9 मई को बड़कागांव-हजारीबाग पथ के पकरी बरवाडीह-हेठगढ़ा के समीप जर्जर सड़क में बने गड्ढे के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा रित्विक कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर शरद कुमार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि अंगरक्षक राजेंद्र प्रसाद घायल हो गया था। इधर इस घटना को लेकर एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एवी आर रेड्डी खनन क्षेत्र एवं सिकरी साइड कार्यालय पहुंचकर घटनाक्रम की जायजा लीं।

### बूथ मजबूती को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने की बैठक



**गुवा :** भारतीय जनता पार्टी की बूथ सशक्तिकरण की बैठक बुधवार को करंजिया गांव में संपन्न हुई ।इसकी अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन भैंसा ने किया। जिसमें अतिथि के रुप में वरिष्ठ भाजपा नेता साहु पुरती, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरिश तांती, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रा प्रभा कुमारी,भाजयुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष मंजीत कोड़ा शामिल थे। बैठक में बूथ को मजबूत करने पर चर्चा की गई। मंजीत कोड़ा ने कार्यकताओं संबोधित करते कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। चुनाव जीतने के लिए बूथ जीतना पड़ता है। कहा की कोड़ा दम्पति के लगभग 25 साल के शासन काल से जनता त्रस्त हो चुकी है। कार्यकर्ता लोगों से संवाद बनाये, उनके सुख-दुख की साथी बने। अगले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एक-एक कार्यकर्ता सम्पर्ण और संघर्ष से कार्यकर्ता के बीच से ही विधायक और सांसद बनेगें।भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मंत्री साहु पुरती ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह डुबी हुई है। जनता का कोई कार्य नहीं हो रहा है। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष रवि दास, अर्जुन भैंसा, महामंत्री पिंटु सिंह, विधासागर गागराई, मिश्रो गागराई,सुदर्शन दास, सुशांत गोप, रितिक गोप, सोमनाथ कोड़ा,सुरेन लागुरी, अखिलेश गोप, अनिल हेस्सा, चंद्र भानु गोप,सनमति सोय,अशोक कुमार दास आदि उपस्थित थे।

### सेल गुवा क्लब में रविंद्र नाथ टैगोर की 162 वी जयंती मनाई



**गुवा :** मंगलवार देर शाम को सेल गुवा क्लब में रविंद्र नाथ टैगोर की 162 वी जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि सेल गुवा के मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार गिरी एवं महिला समिति अध्यक्ष स्मिता गिरी तथा विशिष्ट अतिथि चिड़िया माइंस के सीजीएम कमल भास्कर सहित सेल के अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं रविंद्र नाथ टैगोर के फोटो पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरी ने लोगों को संबोधित कर रविंद्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 में बंगाल के कोलकाता स्थित जोरासंको हवेली में हुआ था। रविंद्र नाथ टैगोर एक कवि के साथ-साथ संगीतकार, चित्रकार और लेखक भी थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। देश के जन गण मन राष्ट्रगान के रचयिता भी टैगोर थे। लेकिन उन्होंने केवल एक ही नहीं दो देशों के राष्ट्र गानों को अपनी कलम से सजाया जन गण मन के अलावा टैगोर ने बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमान सोनार बांग्ला की भी रचना की थी। उसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही महिलाओं ने भी रविंद्र नाथ टैगोर के गीत गाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं महिलाओं को मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान मंच का संचालन संजय बनर्जी व दीपा राय चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन देवाशीष गांगुली ने दिया। इस दौरान मौके पर गुवा सेल के सीजीएम बीके गिरी, महिला समिति अध्यक्ष स्मिता गिरी, चिड़िया सेल माइंस के सीजीएम कमल भास्कर, डॉक्टर सीके मंडल, दीपक प्रकाश, एसएन पंडा, सीबी कुमार, दयानिधि दलाई, डॉ एस सरकार, प्रदीप कुमार, डॉ प्रियंका रानी पात्रो, जयश्री नंदकोलियर, दीपा राय चौधरी, एसपी दास, संजय बनर्जी, सीमा शरण, सुषमा चंदन सहित अन्य मौजूद थे।

### मध्यान भोजन खाने से दो पशु की हुई मौत

**पेटरवार :** पेटरवा प्रखंड के ओरदाना मध्य विद्यालय की लापरवाही के कारण दो पशु की हुई मौत बताया जाता है कि ओरदाना मध्य विद्यालय के द्वारा फेंका गया मध्यान भोजन खाने से एक दुधारू पशु की मौत गुरुवार की सुबह में हो गयी। इसके पूर्व मंगलवार को भी फेका हुआ मध्यान भोजन खाने से एक बैल की मौत हो चुकी है। भुक्तभोगी ब्यक्ति ने गुरुवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापिका मंजुलता नायक से मुलाकात कर मुआवजे की मांग की। ओरदाना गांव निवासी संजय सिंह का एक दुधारू पशु विद्यालय परिसर के बाहर बंधा हुआ था। रसोइया ने बच्चों को मध्यान भोजन देने के बाद बचे हुए भोजन को विद्यालय के चहारदीवारी के पास फेक दिया जिसे उक्त दुधारू पशु ने खा लिया। भुक्तभोगी ने बताया कि काफी मात्रा में मध्यान भोजन खाने पर पशु की तबीयत खराब हो गयी और गुरुवार को उसकी मौत हो गयी। इस संबंध में रसोइया का कहना है कि कुछ बच्चे मध्यान भोजन नही किये थे उसी का भोजन बच गया था और उसे विद्यालय के बाहर फेंक दिया गया था। यह भी कहा कि हमे नही मालूम था कि वहां पर जानवर बंधा हुआ है। बता दे कि बीते मंगलवार को फेका हुआ मध्यान भोजन खाने से चेतन महतो का एक बैल की मौत हो चुकी है।

## प्रदेश >> अपडेट

**30 जून तक लंबित आवासों को करें पूर्ण : उपायुक्त**

**पाकुड़ :** उपायुक्त श्री वरुण रंजन के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। जिले के सभी प्रखंडों के लिए अलग-अलग नोडल पदाधिकारी नामित किए गए हैं। सभी नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति में आवास लाभुक दिवस मनाया गया।सभी पदाधिकारियों द्वारा लंबित आवासों के लाभुकों की समस्याएं सुनीं गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**ममता ने न्यायाधीश शिवगणनम को दी बधाई**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर न्यायमूर्ति टी एस शिवगणनम को हार्दिक बधाई दी और अपनी शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति टी एस शिवगणनम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुश्री बनर्जी ने कहा, कलकत्ता में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति टी.एस. शिवगणनम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना एक सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, लोकतंत्र को बनाए रखने, बोलने की स्वतंत्रता बनाए रखने और शांति बहाल करने में न्यायपालिका का अत्यधिक महत्व है। न्यायपालिका के लिए हमारे मन में सर्वोच्च सम्मान है और मैं कानून के शासन को बनाए रखने और लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक सम्मान व्यक्त करती हूं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**माओवादी ने पूर्व सरपंच को गोली मारकर की हत्या**

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के कंधमाल जिले में हथियारबंद माओवादियों ने एक पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। माओवादियों को पूर्व सरपंच पर पुलिस मुखबिर होने के संदेह था। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि यह घटना फिरिंगिया थाना क्षेत्र के सौलीपाड़ा गांव में बुधवार रात हुई थी, जहां हथियाबंद माओवादी ने पूर्व सरपंच सुबाला कन्हार के घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी। पूर्व सरपंच उस समय घर में सो रहे थे और उन्हें जबरन घर से लगभग 20 मीटर दूर ले जाकर गोली मारी गयी। पीड़ति कन्हार माओवादियों के निशाने पर था और इससे पहले भी माओवादी उन्हें लगातार धमकियां दे रहे थे। माओवादियों को कन्हार पर पुलिस का मुखबिर होने का शक था। पुलिस को अभी तक कन्हार का शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं सौंपा गया है। पुलिस ने ग्रामीणों से शव को पोस्टमार्टम के लिए लाने का अनुरोध किया है।

**शांतिनिकेतन को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल करने की सिफारिश**

**कोलकाता :** गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शांति धाम शांतिनिकेतन को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर की सलाहकार संस्था इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स(आईसीओएमओएस) ने विश्व विरासत सूची में शामिल करने की सिफारिश की है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री किशन रेड्डी ने कहा, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर भारत के लिए अच्छी खबर है। पश्चिम बंगाल में शांतिनिकेतन को यूनेस्को विश्व विरासत केंद्र के सलाहकार निकाय, आईसीओएमओएस द्वारा विश्व विरासत सूची में शामिल करने की सिफारिश की गई है। श्री रेड्डी ने कहा कि यह दुनिया को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।

**विवाद** आखिरकार भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए जदयू के पूर्व अध्यक्ष

# नीतीश बाबू पलटी मार थे, हैं और रहेंगे : आरसीपी सिंह

- तीन दिन से विपक्षी एकता के लिए तीन प्रदेशों में घूम रहे हैं
- देश में कोई काम नहीं हो रहा है
- बिहार में भी गरीबों, पिछड़ों के लिए काम हो

राष्ट्रीय खबर



**पटना:** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह ने गुरुवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में श्री कुमार का अब कुछ नहीं बचेगा। वह पलटीमार थे, हैं और रहेंगे। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के महासचिव अरुण सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख ने श्री आर सी पी सिंह का भाजपा में स्वागत किया। इस मौके पर श्री प्रधान ने कहा कि श्री सिंह जदयू में हमेशा बुनियादी मूल्यों से बंधे रहे। किसानों, पिछड़ों एवं अति पिछड़ों के मुद्दों पर मुखर रहे। जदयू के राजनीतिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कई दिनों तक जदयू के अध्यक्ष के रूप में अपने अनुभव से भाजपा के साथ राजनीतिक गठबंधन को सुचारू रूप से चलाया लेकिन श्री नीतीश कुमार पीछे से घात करते रहे। भाजपा में शामिल होने पर गर्व व्यक्त करते हुए श्री आर सी पी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह एवं श्री प्रधान का आभार प्रकट किया। उन्होंने जदयू के नेता श्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह कहते हैं कि देश में कोई काम नहीं हो रहा है, लेकिन वह यह नहीं बता पाते हैं कि आखिर भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था कैसे बन गया। वह कहते हैं कि वह अपराध एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं लेकिन काम केवल कुर्सी बचाने का करते हैं। तीन दिन से विपक्षी एकता के लिए तीन प्रदेशों में घूम रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि श्री नीतीश कुमार पीएम बनने की ख्वाहिश रखते हैं। तो वह पहले भी पीएम थे, आज भी पीएम हैं और कल भी पीएम यानी पलटीमार रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत को किस ऊंचाई पर पहुंचाया है और देश को नयी पहचान दी है। भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। सारा बिहार चाहता है कि जिस प्रकार से केंद्र में मोदी सरकार काम कर रही है, उसी तरह बिहार में भी गरीबों, पिछड़ों के लिए काम हो।

## करियर काउंसलिंग में छात्रों को मिला मार्गदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के सभागार में बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए गुरुवार को करियर गाइड व काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ग ग्याहरवी एवं बारहवीं के बच्चों को आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मोटिवेशनल स्पीकर एवं शिक्षाविद श्री सौरभ चौधरी एवं विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए श्री चौधरी जी ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते हैं, उनके लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। करियर चुनाव से पहले कुछ फैक्टर को जानना अतिआवश्यक है जिनमे कारण, वेतन, इज्जत, जॉब सिक्योरिटी, हेल्थ इश्यू, आत्म विश्वास एवं परिस्थिति आदि शामिल है। करियर काउंसलिंग का पहला लक्ष्य छात्र से यह पूछना है कि किसी विशेष पाठ्यक्रम को वे क्यों अपनाना चाहते हैं। उनके शब्दों में कभी कभी कोई बच्चा करियर बनाना चाहता है, इसलिए नही कि उसमे उनकी रुचि है, वरन या तो साथियों या माता पिता के दबाव के कारण। ऐसे मामले में पहले हमे यह समझने की जरूरत है की वे क्या करना चाहते हैं। यह जानना महत्वपूर्ण है ताकि हम बच्चों को सही रास्ता चुनने में मदद कर सकें।

## पर्यटन स्थलों के लिये भारत गौरव स्पेशल ट्रेन 20 से



राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** पांच ज्योतिर्लिंग समेत अन्य पर्यटन स्थल का दर्शन कराने के लिए 20 मई को भारत गौरव स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। इसकी जानकारी एक होटल में आईआरसीटीसी के ज्वाइंट जनरल मैनेजर राजेंद्र बोर्बन ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि भारत गौरव स्पेशल ट्रेन द्वारा ज्योतिर्लिंग यात्रा श्रद्धालुओं के लिए प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि 20 मई से ज्योतिर्लिंग यात्रा की शुरूआत होगी। यह यात्रा 12 दिन और 11 रात की होगी। 20 मई को कोलकाता से ट्रेन रवाना होगी। जो 5 ज्योतिर्लिंग और अन्य कई पर्यटन स्थल का श्रद्धालूओं को दर्शन कराएगी। ट्रेन में 650 यात्रियों को ले जाने की व्यवस्था है। जो स्लीपर, थर्ड एसी और सेकंड एसी में अपनी सुविधानुसार यात्रा कर पाएंगे। स्लीपर क्लास के लिए 20 हजार, थर्ड एसी के लिए 30 हजार और सेकंड एसी का किराया 40 हजार निर्धारित किया गया है। ट्रेन कोलकाता से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, द्वारिकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, श्रीसोमनाथ ज्योतिर्लिंग शिरडी साईं धाम मंदिर, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, सनी सिगनापुर मंदिर का दर्शन कराएगी। 31 मई को यह यात्रा समाप्त होगी। दुमका के तीर्थ यात्रियों को अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट या बिहार के भागलपुर रेलवे स्टेशन पहुंच इस ट्रेन को पकड़ सकेंगे। सभी तीर्थ स्थानों पर ठहरने की बेहतर व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन पूरी तरह से पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रत्येक बोगी में दो अटेंडेंस और सुरक्षा गार्ड मौजूद रहेंगे।

## हाईवा व यात्री बस में भिड़ंत, आधा दर्जन यात्री घायल, दो गंभीर




राष्ट्रीय खबर

**दुमका :** कोयला लदा हाईवा और यात्री बस की सीधी भिड़ंत से एक बड़ी अनहोनी होने से टली। दुर्घटना में बस में सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गये। घायलों में चार यात्री को आंशिक चोंटे आयी थी। वहीं दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे गंभीर अवस्था में फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना बुधवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर नकटी गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार पाकुड़-रांची चलने वाली यात्री बस सानिया रग्बी रांची से दुमका होते हुए पाकुड़ जा रही थी। जहां दुमका से पैसेंजर उतारने के बाद पाकुड़ जाने के क्रम में नकटी के पास विपरित दिशा पाकुड़ से कोयला लदा हाईवा से टकरा गई। हादसे में करीब छह यात्री घायल हो गये। जिसमें से चार यात्री को आंशिक चोटे आयी। दो को गंभीर रूप से चोटिल हुए। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें देवघर जिला के सारठ निवासी उमाचरण गुप्ता प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गये। वहीं जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के बाखला सुखजोर गांव निवासी कनक बास्की गंभीर रूप से घायल हो गये। कनक बास्की पाकुड़ जिला में सिपाही के पद पर पदस्थापित था। वह रांची के ट्रेनिंग कर पाकुड़ के लिए जा रहा था। हालांकि कनक बास्की खतरे से बाहर बताया जा रहा है। जो मेडिकल कॉलेज में इलाजरत है। पुलिस सूचना पर दोनों वाहनों को जप्त कर थाने लाकर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## बीडीओ ने प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**जामा:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जामा में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सिद्धार्थ शंकर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कालाजार संक्रमण के रोकथाम के लिए चलाये जा रहे सर्वेक्षण कार्यक्रम एवं मिजिल्स रूबेला टीकाकरण कार्यक्रम की उपलब्धि एवं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिधर मिश्र ने बताया कि एमआर वेक्सिनेशन कार्यक्रम के तहत सभी केंद्रों में कुल 49582 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें अबतक 40931 उपलब्धि हासिल कर ली गई है। बताया कि आज बुधवार को 26 आंगनबाड़ी केंद्रों में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। बताया गया कि 2 मई से 16 मई तक कालाजार खोज पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके लिए लगभग लगभग 309 गांवों में जांच शुरू की गई है और अबतक 12 सम्भावित कालाजार प्रभावित रोगी को चिन्हित किया गया है,लेकिन अभी तक एक भी कन्फर्म नही किया गया है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही है। जिससे उन्हें हर तरह से सुरक्षा प्रदान किया जा सके।

## 'आजमीन ए हज' का प्रशिक्षण सह टिका करण शिविर का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** जिला मुख्यालय के हरिंनडंगा बाजार स्थित बापू पुस्तकालय में सफर हज 2023 में जाने वाले 'आजमीन ए हज' का प्रशिक्षण सह टीकाकरण शिविर का आयोजन बम्बे हज कमिटी व झारखण्ड हज कमिटी के नेतृत्व में अमल करते हुऐ हज इंतेजामिया पाकुड़ के द्वारा किया गया। मुस्लिम पंचायत के सेक्रेटी सह वर्ड पार्षद मो नुरुल हक अंसारी की अध्यक्षता में की गयी शिविर का आगाज मौलाना मजहरूद्दीन ने तलावत कुरान से की। वंही प्रशिक्षक हाजी अब्दुल कयूम ने आजमीन ए हज को बंगला जुबान में हज के दौरान होने वाली सारी बारीकियों को समझाया। उन्होंने कहा कि 'आजमीन ए हज' कलमा तलबिया का जिक्र कसरत से करेंगे।

हाजी कयूम ने बताया कि आजमीन ए हज रवानगी से केबल उमराह व हज के नियत के साथ रवाना होंगे। उमराह के बगैर हज मोकम्मल नही होगा। आजमीन ए हज सरकार के गाइड लाइन पर अमल करते हुऐ हज अरकान को अदा करेंगे। हाजी कयूम ने सभी आजमीन ए हज को मीना के मैदान मोजरफा आराफात के मैदान के साथ मदीना मन्वरा में नामाज अदायगी के बारे में तफशील से बताया। अब्दुल रहीम ने आजमीन ए हज को एहराम बांधने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि एहराम बांधने के साथ आप हज में दाखिल हो गए। इस दौरान कलमा तलबिया आप के जुबान पर होनी चाहिए गैर जरूरी बात भी ना करेंगे। जिला ब्यवस्थापक मो रियाज अली ने कहा कि सफर हज के दौरान आजमीन ए हज सभी जरूरी कागजात अपने साथ रखेगे। उन्होंने कहा कि आज जो टिका करण होगा उसका हेल्थ कार्ड आजमीन ए हज अपने साथ के जाना ना भूले अली ने कहा कि जो कोई आजमीन ए हज दवा का सेवन करते है तो डॉक्टर का पर्चा साथ ले जाएंगे। रियाल आप सभी को यही बैंक से उपलभ्ध होगा। बैंक से सम्पर्क कर रियाल खरीद ले मौके पर सामूहिक रूप से दुआ की गई। जिसमें मुल्क की सलामती और अमन चैन की दुआ की गई वंही अख्तर हुसैन ने प्रशिक्षण में शरीक हुए। आजमीन ए हज को सफर हज की मुबारकबाद पेश करते हुए सभी से दौराने हज मुल्क हिन्दुस्तान में आपसी भाई चारा और तरक्की के लिए दुआ करने की अपील की।

## न्यूज फटाफट

**नालियों की सफाई कराये नगर प्रशासन : सरोज**



**पलामू :** जिले के हरिहरगंज नगर क्षेत्र के सभी जाम नाले-नालियों की सफाई न होने पर बारिश के दिनों में जलनिकासी की बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। इसे देखते हुए विधायक प्रतिनिधि एनसीपी नेता सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने कहा है कि जितना जल्द हो सके नगर प्रशासन नगर क्षेत्र के सभी जाम नाले नालियों की अविलम्ब साफ सफाई कराए। ताकि शहरवासियों को मानसूनी वर्षा के दिनों में जल निकासी की समस्या से छुटकारा मिल सके। कहा कि काफी दिनों से नालियों की सफाई नहीं होने से सभी नालियां कूड़ा और दुर्गंधयुक्त गाद से भरे पड़े हैं। इसलिए बारिश में जल भराव जैसे हालातों पर काबू पाने के लिए नालीयों की सफाई जरुरी है। उधर कई शहरवासियों ने भी बताया कि हर साल बरसात के दिनों में पानी निकासी में काफी परेशानी होती है। जिस वजह से स्थानीय लोगों के साथ ही राहेगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहरवासियों ने बताया कि जामा मस्जिद मोहल्ला से ट्रासफोर्मर होते हुए एनएच 98 पाकड़ पेड़ तक सड़क के दोनो किनारे स्थित नाले में कूड़े भर जाने से सैकड़ों घरों के नालियों के पानी का बहाव प्रभावित है। यही हाल दुर्गा मन्दिर रोड , कांजी हाउस मोहल्ला आरसी लाल चौक तक और वैद्य बिगहा के अलावा अंसारी बिगहा , सतगावां और बंजारी का है ।

**द केरला स्टोरी 100 से अधिक आदिवासी बच्चियों ने देख सराहा**



**दुमका :** द केरला स्टोरी सिनेमा के तमाम शो में उपराजधानी दुमका के मिनी अमर सिनेमा हॉल में काफी भीड़ रह रही है। दुमका के अमर चित्र मन्दिर सिनेमा हॉल में 100 से अधिक आदिवासी बच्चियों ने 'द केरला स्टोरी' फिल्म देखा। बच्चियों ने मूवी को आईओपनर फिल्म बताया। बच्चियां सुस्मिता सोरेन के नेतृत्व में देखने पहुंची थी। दुमका में फिल्म देखने पहुंची महिलाओं एवं लड़कियों ने कहा कि यह मूवी काफी अच्छी है। यह कई गंभीर विषयों पर महिलाओं व युवतियों को सजग व सचेत करता है। इस फिल्म में किस प्रकार से अपने प्रेम जाल में फंसाकर एक लड़की की जिंदगी को बरबाद कर दी जाती है। बलात्कार जैसी घिनौने कृत्य किये जाते है। लव जिहाद से लड़कियों की जिंदगी बर्बाद नहीं हो, यह फिल्म उसे लेकर जागरूक करती दिख रही है।

**जनसेवक संघ ने ग्रेड पे में कटौती के विरोध में किया धरना प्रदर्शन**



**दुमका :** झारखंड राज्य जन सेवक संघ की जिला इकाई ने मांगों को लेकर पुराने समाहरणालय परिसर में बुधवार को धरना दिया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्राण मोहन मुर्मू ने किया। जनसेवक संघ ने ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 करने के विरोध में धरना दिया। हलांकि संघ 11 सूत्री मांगों के समर्थन में लंबे समय से आंदोलनरत है। ग्रेड पे घटाने के विरोध में संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। संघ 1 दिन के कलम बंद हड़ताल किया। दूसरे चरण में दो दिनों तक काला बिल्ला लगाकर जनसेवकों ने कार्य किया। 4 मई को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन के बाद 6 मई को रांची में राज भवन के सामने धरना दिया गया। 8 मई की शाम जिला स्तर पर मशाल जुलूस निकाल कर सरकार के इस निर्णय का विरोध किया। उसके बाद आज धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।

**लैम्पस के अध्यक्ष एवं सहायक प्रबंधक संग बीडीओ ने किया बैठक**

**दुमका :** विभिन्न लैम्पस के अध्यक्ष एवं सहायक प्रबंधक की बैठक सदर प्रखंड सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने की। बैठक में मुख्यत: धान बीज की उपलब्धता, धान खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण, लैम्पसों में अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने का अभियान, लैम्पस गोदाम निर्माण, कोल्डरूम निर्माण आदि के संबंध में समीक्षा किया गया। बैठक में बीडीओ ने एटीएम-बीटीएम को निर्देश दिया कि विभिन्न पंचायतों मे किसान धान पंजीकरण करने के लिए फॉर्म वितरित करना और पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। सभी लैम्पस के अध्यक्ष एवं सहायक प्रबंधक को निदेश दिया गया कि अपने लैम्पस के क्षेत्र अन्तर्गत धान बीज की आवश्यकता के अनुसार जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, दुमका को प्रतिवेदित करें। जिससे किसानों को ससमय बीज उपलब्ध कराया जा सके।

## एडीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** आसनसोल रेल डिवीजन के एडीआरएम एम के मीना दुमका रेलवे स्टेशन बुधवार को पहुचे। एडीआरएम ने रेलवे स्टेशन परिसर और कोल डंपिंग यार्ड का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीआरएम एम के मीना ने बताया कि निरीक्षण के उद्देश्य यात्री सुविधा को बेहतर बनाना है। रेलवे स्टेशन परिसर में शुरू किए गए कोल डंपिंग यार्ड नियम के अनुरूप कार्य कर रहा है या नहीं इसकी जानकारी लेते हुए उसे दुरुस्त करना है। इसको लेकर रेलवे समय-समय पर यात्रियों से भी फीडबैक लेती है। मंत्रालय द्वारा इसे लेकर अमृत भारत स्कीम के तहत कार्य करती है। जिसका उद्देश्य बस एक ही है कि यात्रियों को कोई असुविधा नहीं हो और यात्री सुविधा को कैसे बेहतर किया जाए।

## शहर >> अपडेट

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी घायल

**कोडरमा :** गुरुवार को जिले के तिलैया थाना अंतर्गत करमा के समीप कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों की पहचान कोडरमा के लखीबागी निवासी गुलाब नबी उम्र 60 वर्ष पिता शोबरती मियां एवं उनकी पत्नी खिताबन खातून उम्र 55 वर्ष के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक से कोडरमा से तिलैया की तरफ जा रहे थे इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### सड़क हादसे में तीन घायल, एक गम्भीर

**जयनगर :** थाना के कठहाडीह के समीप गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में 3 लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक स्विफ्ट डिजायर कार पर सवार होकर 2 लोग कठहाडीह से तिलैया की तरफ आ रहे थे। इस दौरान मोड पर अचानक एक साइकिल सवार के आ जाने से उसे बचाने में कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जाकर टकरा गई। जिसके बाद कार में सवार यदुटांड निवासी महावीर यादव (पिता स्व खेदन यादव), राजेश यादव (पिता जीतलाल यादव) एवं साइकिल सवार कठहाडीह निवासी अख्तर खान (पिता खुर्शीद खान) घायल हो गए।

### आमजनों की समस्याओं से डीसी हुए अवगत

**कोडरमा :** उपायुक्त आदित्य रंजन अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### गुमशुदगी को लेकर थाना में सनहा दर्ज

**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र के मरकच्चो निवासी मंजू सिंह पति स्व सिकन्दर सिंह ने मरकच्चो थाना में मंगलवार को एक आवेदन देकर अपनी बेटी रानी सिंह की गुमशुदगी को लेकर आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि हमारी बेटी रानी सिंह उम्र 26 वर्ष पति राजवीर सिंह ग्राम सुरजा पोस्ट खरीयोडीह थाना हीरोडीह ज़िला गिरिडीह की है जो 12 अप्रैल 2023 को शादी समारोह में मेरे घर आई थी। 6 मई को हम सब परिवार खाना खा कर सो गये थे। 8 मई की सुबह उठे तो मेरी बेटी रानी सिंह अपने कमरे में नही थी। काफी खोजबीन किया परंतु कही पता नहीं चल पाया।

### सामुदायिक पुस्तकालय में विविध कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा :** संस्था समर्पण एवं आरएमआई की ओर से सामुदायिक पुस्तकालय भीतिया में बच्चों को शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने के उद्देश्य विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने सपनो की दुनिया को कूची एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से एक आकार देने का प्रयास किया।

### किंडर गार्टन स्कूल में टिकाकरण शिविर का आयोजन

**कोडरमा :** जिला मुख्यालय स्थित किंडर गार्टन स्कूल में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टिकाकरण शिविर का आयोजन कर स्कूली बच्चों को खसरा और रूबेला से बचाव को लेकर एमआर मिजिल्स का टीका दिया। शिविर में डीएस डॉ मनोज कुमार ने कहा कि खसरा और रूबेला नामक रोग से जिले को मुक्त रखने के लिए शतप्रतिशत बच्चों का टिकाकरण बहुत जरूरी है।

**परंपरा** शिकार प्रस्थान करने के पहले सभी व्यक्तियों ने एक साथ मां चाला को याद किया

# विशु शिकार तीसरे दिन भी खेला गया





राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को भी तीन दिवसीय विशु शिकार आज तिसरे दिन भी खेला गया। शिकार प्रस्थान करने के पहले सभी व्यक्तियों ने एक साथ मां चाला एवं भगवान को याद किया गया। इसके बाद शिकार के लिए लोगों ने प्रस्थान किया। बाकि हर गांव के प्रतिनिधि के तौर पर विचार विमर्श के लिए एक कोर कमिटि का बैठक हुआ।बैढक में निर्णय लिया गया कि गैर आदिवासी पुरुषो के साथ ब्याहि गई आदिवासी महिला को जाति प्रमाण-पत्र देना सरकार अविलम बन्द करे।

पड़हा को सरकार द्वारा मान्यता दिलाने के लिए संघर्ष करेगी जैसेकि जाति प्रमाण-पत्र ,या जमीन का खरीद बिक्री या किसी तरह का आदिवसी प्रमाण पत्र जरूरी पड़े तो पड़हा जांच कर जांच प्रतिवेदन सरकार को सौपेगी। सीएनटी एक्ट अधिनियम आदिवासी जमीन का सुरक्षा कवच माना जाता है लेकिन झारखाड बनने के बाद सीएनटी एक्ट निष्प्रभावी बनता जा रहा है।आदिवासी जमीन को सादा पटटा में भूगुद बन्धा के नाम पर खरीदा जा रहा है और उस जमीन में खरीदार द्वारा लाखों-कड़ोरों का भवन बना दिया जा रहा है ।एक विशेष समुदाय तो इस घधें में योजना बना कर धड़ले से काम कर रहा है इसकी यह योजना को लव-जिहाद एवं जमीन जिहाद कहा जा सकता है। किसी कारखाना,या किसी खनीज संपदा का मामला होता है तो उस जमीन ूल्ल३ से अलग होजाता है पड़हा उस जमीन को भी सीएनटी में रखने के लिए भी आंदोलन करेगी। यदि काररवाना जरूरी है तो सीएनटी को बचाना भी जरूरी है । वेसे भी समाज में समस्था जो घटना घटती रहती है उसके लिए पड़हा एकदम ठोस निर्णय लिया है ।इस मौके पर बालुमाथ से पड़हा राजा प्रभु उरांव ,तेतर उरांव ,लालजी भगत एवं पलामु लातेहार के पड़हा प्रतिनिधि एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सधनु भगत पड़हा सरक्षक ,मंगरा उरांव ,राजी पड़हा कुडू के बेल बेंजामीन लकड़ा,पुर्व प्रमुख्य किसको मुनीलाल उरांव,कार्तिक भगत,पड़हा बेल सुकदेव उरांव,सोमनाथ उरांव,शंकर पहान, शुनील मुंडा पहान रामभगत पड़हा कोटवार चीरी पुजार,एवं बहुत गांव के पहान-पुजार महतो शामिल हुये।

## होली चाइल्ड स्कूल में बच्चों को टीका लगाया



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल में बुधवार को एमआर अभियान के तहत बच्चों को मीजल्स रूबैल्ला का टीका लगाया गया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका ओझा सहित सभी शिक्षक और अभिभावकगण बच्चों को टीका दिलवाने में काफी सजग दिखे। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। बच्चों को यह टीका प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी निकिता सिन्हा, शीला देवी, रानी देवी, संजू कुमारी, कमल हेंब्रम आदि के देखरेख में लगाया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक नवनीत ओझा (बंटी), शिक्षक गोपाल जी पांडे, आयुष कुमार, मोहम्मद फैयाज, अभिजीत हलधर, शिक्षिका सुचित्रा देवी, पूर्णिमा सिंह, मुस्कान सिन्हा, नेहा सिन्हा, प्रीति सिंह, काजल कुमारी, मीनू कुमारी, पूजा, साध्वी पांडे आदि मौजूद थी।

विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ

## संपन्न हुई कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** झारखंड बंगाली एसोसिएशन और निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन कोडरमा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कवि प्रणाम कार्यक्रम के माध्यम से विश्वकवि को झुमरीतिलैया अड्डी बंगला स्थित रवींद्र भवन में याद किया गया। स्थानीय वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अधीर कुमार विश्वास ने रवींद्रनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्वागत भाषण अध्यक्ष डॉ ओमियो विश्वास ने दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सुनील देवनाथ, चंद्रानी सरकार, मौसमी विश्वास और विपुल गुप्ता के सामुहिक संगीत से हुई।निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन, कोडरमा शाखा के सचिव कल्याण मजूमदार ने रवींद्रनाथ टैगोर के विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रथम चरण का संचालन विपुल गुप्ता ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रवीन्द्र नृत्य, रवीन्द्र संगीत एवं रवीन्द्र काव्य पाठ में स्थानीय एवं आसनसोल के कलाकारों ने भाग लिया। अहाना साहा, पीयू विश्वास, आयुषी मुखर्जी, अभिनंदन रॉय और असीम मुखर्जी ने संगीत प्रस्तुत किया और तबला वादक कल्याणमय तालुकदार ने बखूबी साथ दिया। अंतरा घोष, राजसी दास, अंतरा मुखर्जी, अहाना बनर्जी, अद्रीजा विश्वास और प्रत्याशा माझी के नृत्य को लोगों ने काफी सराहा। गिटार पर रवींद्र संगीत की धुन डॉ.लूना मित्रा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौसमी मल्लिक, जया मुखर्जी, इंद्रजीत गुप्ता व डॉ. सुबेंदु माईती ने पाठ किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भूदेव मुखर्जी द्वारा प्रस्तुत रवींद्रनाथ टैगोर पर प्रश्नोत्तर सत्र था। धन्यवाद ज्ञापन विपुल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक सरकार, बिमल चटर्जी, डॉ. अभिजीत रॉय, स्वपन डे, तारकनाथ दत्ता, तन्मय बनर्जी आदि मुख्य रूप से लगे रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर पंचायत स्तरीय जागरूकता रैली




राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** समर्पण एवं टीडीएच की ओर से डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत ढोढाकोला पंचायत में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वॉइस फॉर ग्रिन अर्थ अभियान के तहत पंचायत स्तरीय जागरूकता रैली सह नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगत सिंह युवा समूह की सदस्य कुसुम कुमारी, स्थानीय वार्ड सदस्य द्रोपती देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य छोटू तुरी, समर्पण के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा थे। मौके पर उपस्थित भगत सिंह समूह की सदस्य कुसुम कुमारी ने कहा कि आज जिस तरह आए दिन जंगलों में आग लग रही है ऐसे में जंगल की आग से न केवल मूल्यवान वनस्पतियों और जीवों का नुकसान होता है बल्कि तापमान के स्तर में भी वृद्धि होती है। इसके कारण कम वर्षा और भूजल स्तर में गिरावट आ रही है। वर्षा की मात्रा साल दर साल कम होती जा रही है क्योंकि वन आवरण कम हो रहा है। द्रोपती देवी ने कहा कि समर्पण एवं युवाओं के द्वारा इस तरह की जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजन करना एक सराहनीय प्रयास है, आज पूरा विश्व पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चिंतित है ऐसे में इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम से लोगों में एक चेतना जागृत होगी। शंकर लाल राणा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि हर कोई अपने जन्म दिन पर केक के बदले में कम से कम एक पौधा लगायें। मौके पर समर्पण के उमेश कुमार, बिमला देवी, मंगलदेव रजक, संतोषी देवी, बबिता कुमारी, सीमा कुमारी, भारती कुमारी, रोहित कुमार, बबलू कुमार, सागर कुमार, प्रदीप कुमार, सपना कुमारी, क्रान्ति देवी, लक्ष्मी देवी, आनंद सिंह उपस्थित थे।

## भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक में आंदोलन पर चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** भाकपा माले कोडरमा जिला कमेटी की बैठक मरकच्चो प्रखंड के ग्राम सिमरिया में भुनेश्वर सिंह के आवास पर जिला सचिव राजेंद्र मेहता के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में लोकल कमेटियों का गठन करते हुए ब्रांच कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया और स्थानीय ज्वलंत मुद्दे पर जन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव राजेंद्र मेहता और राज्य कमेटी सदस्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि जिला के सभी अंचल कार्यालय में भूमि ऑनलाइन और दाखिल खारिज में काफी लापरवाही बरती जा रही है। इसमें अविलंब सुधार करते हुए तेजी लाया जाए नहीं तो भाकपा माले जिले के सभी अंचल कार्यालय पर पुरजोर आंदोलन करेगी। राज्य कमेटी सदस्य सह ऐक्टू जिला संयोजक विजय पासवान ने कहा कि जयनगर प्रखंड के परसाबाद पावर सबस्टेशन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के इशारे पर दूसरे लोगों को लगा दिया गया है। बैठक में जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में जी-20 कार्यक्रम का आयोजन

▶▶ एक-दूसरे देश के साथ लोग व्यापारिक और फाइनेंस डील पर हस्ताक्षर करते हैं

▶▶ इस कार्यक्रम का फाइनल राउंड 13 मई को होगा




राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को दो दिनी जी-20 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन इस कार्यक्रम में भारत, यूरोपियन कंट्री, रूस, ऑस्ट्रेलिया, सउदी अरबिया, अमेरिका, अर्जेंटिना, फ्रांस, ब्राजील, जापान ब्रिटेन और चीन समेत अन्य देशों के प्रतिनिधि के रूप में बच्चे शामिल हुए। रूस के प्रेसिडंट के रूप में आस्ट्रेलया के पीएम के रूप में वंदना कुमारी शामिल हुईं। इसके पहले स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में दूसरे देशों की समझ बढ़ती है। जी-20 कार्यक्रम में कैसे एक-दूसरे देश के साथ लोग व्यापारिक और फाइनेंस डील पर हस्ताक्षर करते हैं, इसकी जानकारी मिलती है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी। स्वागत भाषण प्राचार्य नवीन कुमार ने दिया। बता दें कि कार्यक्रम में सभी देशों के प्रतिनिधि अपने देश के झंडे के साथ बैठे थे। पहले दिन शुक्रवार को ग्रीन डेवलपमेंट, जलवायु, वित्त, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, टेक्नॉजिकल ट्रांस्फार्मेशन समेत अन्य विषयों पर चर्चा हुई। निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, अनमोल रतन, पायल सिंह, फैयाज कैशर, जेपी सिंह थे। सभी कार्यक्रम एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा के निर्देशन में हुआ। इसमें लगभग 200 से अधिक बच्चों ने अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि के रुप में हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में अभिलाषा सिंह, आशुतोष गौतम, रजनीबाला, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, पवन ठाकुर, राहुल कुमार, सुमित साव समेत स्कूल के अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों का योगदान रहा। इस कार्यक्रम का फाइनल राउंड 13 मई को होगा। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा।

## न्यूज फटाफट

### अल्पसंख्यक मंत्री से कांग्रेस नेता ने आवास पर की मुलाकात



**कोडरमा :** झारखंड सरकार के मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण तथा पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद विभाग हाफिजुल हसन अंसारी से उनके रांची स्थित मंत्री आवास पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं कोडरमा जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य मनोज सहाय पिंकू ने औपचारिक मुलाकात किया। श्री सहाय ने मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर कोडरमा आगमन का न्योता दिया। ज्ञात हो कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाफिजुल साहब कोडरमा जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के प्रभारी मंत्री भी है। कोडरमा जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष श्रीमती लीलावती मेहता एवं जिला 15 सूत्री पदाधिकारी फैयाज केसर से दूरभाष पर वार्ता कर मंत्री ने 20 मई के बाद तिथि तय कर कोडरमा दौरा हेतु सहमति प्रदान करते हुए जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित करने की बात कही है। जबकि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की बैठक आयोजित कर अल्पसंख्यकों यथा सिख समुदाय, जैन समुदाय आदि के हित में विशेष पहल करने पर बल दिया।

### समारोह पूर्वक आयोजित हुई महाराणा प्रताप की जयंती



**कोडरमा :** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा की डोमचांच कालीमंडा इकाई के तत्वावधान मे महाराणा प्रताप की जयंती भव्य समारोह आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ डोमचांच कालीमंडा स्थित श्री परमहंस बाबा धर्मशाला परिसर मे मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कामाख्या नारायण सिंह और उपस्थित सभी क्षत्रिय सदस्यों ने बारी बारी से पुष्पार्पण कर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने प्रतिकूल परिस्थिति को झेलने के बाद भी कभी अपने सिद्धांत के साथ समझौता नही किया। उनके जीवनादर्शो को अपने जीवन मे उतारने का प्रयास करना चाहिए। अपने संबोधन मे युवा अधिवक्ता शिवशंकर सिंह ने कहा कि हमारे लिए यह एक गौरव का विषय है कि हम सभी महाराणा प्रताप के वंशज है जिसने मुगल बादशाह के दात खट्टे कर अपने इतिहास को गौरवान्वित किया।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जुड़े ग्रिजली विद्यालय के छात्र




**कोडरमा :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर भारत सरकार के द्वारा वर्चुअल वेबकास्ट का आयोजन किया गया जिसमे भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए और राष्ट्र को सम्बोधित किया। इस वर्चुअल वेबकास्ट में ग्रिजली विद्यालय के छात्र भी अटल टिंकरिंग लैब (अळछ) के माध्यम से वर्चुअल वेबकास्ट में शामिल हुए और प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना और देखा। उन्होंने कहा की कुछ साल पहले शुरू की गई अटल टिंकरिंग लैब्स आज देश की इनोवेशन नर्सरी बन रही है। भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में तेज गति से प्रगति कर रहा है, इस वर्ष के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का विषय स्कूल टू स्टार्टअप - इग्नाइटिंग यंग माइंड्स है। गौरतलब हो की भारत सरकार ने वर्ष 1999 में 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में घोषित किया और तब से यह दिन पूरे राष्ट्र के लिए एक विशेष महत्व रखता है। ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ स्कूल में अपनी एटीएल प्रयोगशाला से इस वेबकास्ट में भाग लिया।

### आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में बाल संसद का गठन



**जयनगर :** प्रखंड के आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में सत्र 2023-24 के लिए बाल संसद का गठन किया। प्राचार्य पुनीत यादव ने बाल संसद के सदस्यों का शपथ ग्रहण करवाया। विद्यालय के विधि व्यवस्था को चुस्त एवं दुरुस्त रखने के लिए चुने गए बाल संसद बड़े उत्साहित नजर आए। कैप्टन के रूप में सौरव कुमार, चीफ कमांडर सनी रजक, वाइस कैप्टन प्रिंस कुमार बर्णवाल, वाइस चीफ कमांडर सचिन कुमार वर्मा, गर्ल्स कैप्टन राखी कुमारी, वॉइस गर्ल्स कैप्टन सुप्रिया शरण, गर्ल्स चीफ कमांडर खुशबू कुमारी, वॉइस गर्ल्स चीफ कमांडर सपना रानी आदि विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण पदों की शपथ दिलाई गई। बाल संसद के सभी सदस्य विद्यालय के सभी गतिविधियों के लिए सक्रिय हो जाएंगे। बाल संसद के सभी गतिविधियों का परिचय कॉ-ऑर्डिनेटर महेंद्र कुमार ने कराया। अपने कार्यप्रणाली को लेकर सभी विद्यार्थी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर उप प्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव एवं रविंद्र कुमार रवि को-ऑर्डिनेटर महेंद्र कुमार, गोपाल कुमार, मुकेश राणा, नरेश सिंह, दीपक कुमार, चंदन कुमार, सीताराम यादव, सनोज कुमार, संतोष कुमार, पप्पू कुमार रजक, शाहिद हुसैन, शरीफ अंसारी, रंजीत यादव, नीलम प्रभा, महेंद्र कुमार पांडेय, नीतू कुमारी, सुनीता देवी, आरती देवी, जन्नत परवीन, पम्मी राय सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### डॉ रामेश्वर उरांव सुनेगे आम लोगों की समस्याएं



**कुडू :** सूबे के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत दिनांक 13 मई को समय 11:30 बजे पूर्वाहन कुडू प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित होंगे। जिसमें आम जनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अत: कुडु प्रखंड के सभी अपनी समस्या का समाधान हेतू अवश्य पधारें, साथ ही विशेष रूप से कुडू प्रखंड के जिला परिषद सदस्यगण,बीस सूत्री कार्यक्रम किर्यान्यवन समिति के उपाध्यक्ष, एवं सदस्य गण, कुडू प्रखंड-प्रमुख,उप प्रमुख ,कुडू प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण प्रखंड के सभी मुखियागण, सभी वार्ड सदस्य गण ,कांग्रेस पार्टी एवं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं सहयोगी दल के सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कार्यकर्तागण एवं प्रखण्ड के आम जनता गण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें।

## न्यूज फटाफट

### अतानु दास 'टॉप्स' में पुनः शामिल हुए



**नयी दिल्ली:** ओलंपियन तीरंदाज़ और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अतानु दास को घरेलू आयोजनों एवं तीरंदाजी विश्व कप अंताल्या में उनके हालिया प्रदर्शन के बाद युवा मामले और खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी सूचना दी। विश्व कप में पुरुषों की रिकर्व एकल रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल करने के लिए 673 अंक हासिल करने वाले अतानु लगभग डेढ़ साल बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रहे थे। अतानु के अलावा राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट जीतने वाली निशानेबाज़ मेहुली घोष और कैरो विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य जीतने वाली 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन को भी टॉप्स में शामिल किया गया है। टॉप्स कोर और डेवलपमेंट सूची में कुल 27 नये नाम शामिल किये गये, जिससे अब टॉप्स एथलीटों की कुल संख्या 270 (कोर में 101, डेवलपमेंट में 269) हो गयी है।

### भारतीय टीम सुदीरमन कप फाइनल्स के लिये रवाना




**नयी दिल्ली:** पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय जैसे अग्रणी खिलाड़ियों से सुसज्जित भारत की 23 सदस्यीय बैडमिंटन टीम 14 से 21 मई तक होने वाले बहुप्रतीक्षित सुदीरमन कप फाइनल्स 2023 में हिस्सा लेने के लिये चीन के सुझोउ रवाना हो चुकी है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विश्व मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप के रूप में भी पहचाना जाना वाला सुदीरमन कप एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां हर देश के बैडमिंटन खिलाड़ी अपनी टीम की जीत के लिये एक गहन लड़ाई में प्रतिस्पर्धा करते हैं। पिछले साल ऐतिहासिक थॉमस कप जीत के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरा है। इस साल बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मिली जीत ने भारत को दुनिया के अग्रणी बैडमिंटन देशों में से एक के रूप में स्थापित किया है। भारतीय टीम को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ''हमें अपने खिलाड़ियों और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है।

### रिंकू राष्ट्रीय टीम से दूर नहीं : हरभजन



**कोलकाता:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी की वाहवाहियां लूटने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही भारतीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर कहा, ''भारतीय टीम की टोपी रिंकू के सिर से बहुत दूर नहीं है। वह एक प्रेरणादायक खिलाड़ी है। वह आज जहां है वहां तक पहुंचने के लिए उसने कड़ी मेहनत की है। उसे इसका पूरा श्रेय जाता है। उसकी क्रिकेट यात्रा हम सब के लिए एक सबक है और सभी युवा खिलाड़ियों को उससे सीखना चाहिए।'' रिंकू ने आईपीएल के 2022 सीजन में सात मैच खेलकर 34.80 की औसत से 174 रन बनाये थे। पिछले साल रिंकू ने अपनी प्रतिभा की एक झलक दिखाई, जिसके कारण केकेआर ने उन्हें इस सीजन की शुरुआती एकादश में जगह दी। वह अब तक खेले गये 11 मैचों में 56.17 की औसत से 337 रन जड़ चुके हैं ।

**पूर्वालोकन** मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में मुकाबला करने के लिये आज उतरेंगे

# भारतीय मुक्केबाजों की निगाहें ऐतिहासिक स्वर्ण पर

- अमित पंघाल के रजत सहित अब तक विश्व चैंपियनशिप में सात पदक जीत चुका है
- अभी तक उसकी स्वर्ण जीतने की इच्छा पूरी नहीं हुई

**एजेंसियां**



**ताशकंद:** अपने गैर-मामूली अभियान से प्रेरणा लेते हुए जब दीपक कुमार, मोहम्मद हुसामुद्दीन और निशांत देव विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में मुकाबला करने के लिये शुक्रवार को रिंग में उतरेंगे, तो उनकी निगाहें सीधे स्वर्ण पदक पर होंगी। भारत भले ही 2019 में अमित पंघाल के रजत सहित अब तक विश्व चैंपियनशिप में सात पदक जीत चुका है, लेकिन अभी तक उसकी स्वर्ण जीतने की इच्छा पूरी नहीं हुई। इस बार तीन भारतीय मुक्केबाजों ने पहली बार एक साथ सेमीफाइनल में जगह बनायी है। तीन पदक सुनिश्चित होने के साथ भारत पदक तालिका में मेज़बान उज़्बेकिस्तान (नौ), क्यूबा और रूस (छह) तथा कज़ाकस्तान (पांच) के बाद तीसरे स्थान पर है। साल 2019 के एशियाई रजत पदक विजेता दीपक कुमार (51 किग्रा) सेमीफाइनल बाउट में दो बार के विश्व कांस्य पदक विजेता फ्रांस के बिलाल बेनामा से भिड़ते हुए स्वर्ण की होड़ में भारत की अगुवाई करेंगे। हरियाणा के हिसार से आने वाले 26 वर्षीय मुक्केबाज ने अपनी दूसरी विश्व चैंपियनशिप में अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसलों से तीन जीत दर्ज की हैं। उन्होंने शीर्ष-32 राउंड में कजाखस्तान के टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट साकेन बिबोसिनोव को भी पछाड़ा था। अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखने के लिए दीपक फाइनल में पहुंचना चाहेंगे, जहां उनका सामना रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हसनब्वाय दुसमातोव या मौजूदा यूरोपीय चैंपियन स्पेन के मार्टिन मोलिना से होगा। पहली बार विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा हुसामुद्दीन (57 किग्रा) टूर्नामेंट में अपनी पहली उपस्थिति में सफलतापूर्वक फाइनल में पहुंचने का लक्ष्य रखेंगे। सेमीफाइनल में उनका सामना क्यूबा के सैदेल होर्ता से होगा। तेलंगाना का रहने वाला यह मुक्केबाज फाइनल में पहुंचने पर संभावित रूप से 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता उज्बेकिस्तान के अब्दुमालिक खालोकोव या किर्गिस्तान के मुनारबेक सीटबेक-उलु से भिड़ सकता है, लेकिन उसके लिये हुसामुद्दीन को सैदेल की चुनौती पार करनी होगी। भारत के उभरते हुए मुक्केबाज़ों में से एक निशांत देव (71 किग्रा) सेमीफाइनल में मौजूदा एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान के असलानबेक शिमबर्गेनोव के खिलाफ उतरेंगे। वह पिछली विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टरफाइनल तक ही पहुंच सके थे लेकिन इस बार उन्होंने अपने लिये सफलतापूर्वक एक पदक सुनिश्चित कर लिया है। करनाल में जन्मे इस मुक्केबाज़ ने अब तक तीन जीत सर्वसम्मत निर्णयों से और एक जीत प्रतियोगिता रोककर (आरएससी) दर्ज की है। अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद के साथ 22 वर्षीय निशांत फाइनल में पहुंचकर उज्बेकिस्तान के दो बार के एशियाई चैंपियन सैदजामशीद जाफारोव या ब्राजील के 2018 दक्षिण अमेरिकी चैंपियन वांडरसन डी ओलिवरिया से भिड़ने के लिये दृढ़ संकल्पित होंगे। विश्व चैंपियनशिप में 107 देशों के कई ओलंपिक पदक विजेताओं सहित कुल 538 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं को दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि रजत पदक विजेताओं को एक लाख अमेरिकी डॉलर से सम्मानित किया जायेगा।

## खेल जगत अपडेट्स »

### ब्रावो का सटीक विकल्प हैं पथिराना: इरफान पठान



**चेन्नई:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की गेंदबाजी से प्रभावित होकर कहा है कि वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिये वही भूमिका निभा सकते हैं, जो कभी ड्वेन ब्रावो निभाया करते थे। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा,'' हर टीम को ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है, जिस पर वह डेथ ओवरों (पारी के अंतिम ओवरों) में निर्भर रह सकें। मुंबई इंडियन्स के पास कभी मलिंगा हुआ करते थे, अब बुमराह हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने जिन दो वर्षों में आईपीएल ट्रॉफी जीती थी, उन वर्षों में उनके पास सुनील नरेन थे। चेन्नई के पास ब्रावो थे और अब पथिराना हैं। वह (ब्रावो का) सटीक विकल्प हैं, और उनके पास रफ्तार भी है। '' चेन्नई ने पथिराना को अप्रैल 2022 में ऐडम मिल्ने की जगह टीम में शामिल किया था। श्रीलंका का यह 21 वर्षीय गेंदबाज इस साल आठ मैचों में 18.85 की औसत से आठ विकेट चटका चुका है और कई बार डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी से चेन्नई की जीत का नायक भी साबित हुआ है। पथिराना ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गये मैच में चार ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि चेन्नई ने 27 रन की जीत दर्ज की। इस मैच में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नौ गेंद पर 20 रन का योगदान दिया जो चेपौक की धीमी पिच पर बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। इरफान ने कहा कि चेपौक एकमात्र मैदान है, जहां क्रिकेट प्रेमी अपनी घरेलू टीम के विकेट गिरने पर भी खुश होते हैं, क्योंकि वह पिच पर धोनी के आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इरफान ने कहा, '' चेपौक एकमात्र मैदान है जहां दर्शक अपनी ही टीम का विकेट गिरने पर खुश होते हैं। इसका कारण यही है कि महेंद्र सिंह धोनी मैदान पर बल्लेबाजी के लिये आ रहे होते हैं। दर्शक अपने प्रिय थाला का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं ।

# काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन पर आये पहलवान

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली:** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानों ने प्रदर्शन के 18वें दिन गुरुवार को अपने बाजुओं और माथे पर काली पट्टी बांधकर अपना रोष जताया।

जंतर-मंतर पर विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और अन्य पहलवानों ने काली पट्टी बांधी तथा 11 मई को 'काला दिवस' करार दिया। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद अन्य समर्थकों ने भी अपनी बाजुओं पर काली पट्टी बांधी। उल्लेखनीय है कि देश के कई नामचीन पहलवानों ने बृजभूषण पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाये हैं। जनवरी 2022 में सरकार द्वारा जांच समिति के गठन के बाद पहलवानों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया था, लेकिन जांच समिति के काम करने के तरीके से नाखुश होकर वे अप्रैल में प्रदर्शन के लिए आगे आये और अब दिल्ली पुलिस द्वारा 'निष्पक्ष' जांच की मांग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ दो प्राथमिकियां दर्ज की हैं, जिनमें से एक पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) की धारा 10 से भी संबंधित है।

## मध्य ओवरों में डॉट गेंदें खेलना भारी पड़ा : पॉन्टिग

**एजेंसियां**



**चेन्नई:** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिग ने चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों मिली हार के बाद स्वीकार किया कि मध्य ओवरों में बहुत अधिक डॉट गेंदें खेलना उनके लिये घातक साबित हुआ। चेन्नई ने बुधवार रात चेपौक स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में दिल्ली के सामने 168 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में दिल्ली 140 रन ही बना सकी। इस हार के साथ दिल्ली प्लेऑफ की दौड़ से भी बाहर हो गयी। पॉन्टिग ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने दो विकेट जल्दी गंवा दिये, फिर तीसरा विकेट भी गिर गया। जब स्पिनरों की गेंदबाजी आयी तो हम तेजी से रन नहीं बना सके। मध्य ओवरों में हमने करीब 34 डॉट गेंदें खेलीं। अगर आप मध्य ओवरों में इतना डॉट गेंदें खेलेंगे तो कोई लक्ष्य हासिल नहीं कर सकेंगे।'' डेविड वॉर्नर, फिल सॉल्ट और मिचेल मार्श के विकेट मात्र 25 रन पर गिरने के बाद राइली रूसो और मनीष पांडे ने दिल्ली की पारी को संभाला। दोनों के बीच 59 रन की साझेदारी हुई, लेकिन उन्होंने इसके लिये 59 गेंदें भी खेलीं। पॉन्टिग ने कहा, ''मेरे खयाल से यह पांचवीं, छठी या शायद सातवीं बार है जब हमने पहले ओवर में ही विकेट गंवा दिये हों।

# सारा अली खान ने शेयर की केदारनाथ ट्रिप की फोटो

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने सोशल मीडिया पर केदारनाथ ट्रिप की फोटो शेयर की है। फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की। फोटो शेयर करते हुए सारा ने केदारनाथ से उन्हें एक हसीं जिंदगी देने के लिए शुक्रिया भी कहा। सारा अली खान ने लिखा, जब मैं पहली बार केदारनाथ आई थी तब मैंने जिंदगी में कभी कैमरा फेस नहीं किया था। यहां तक कम ही लोग आ पाते हैं और जो आते हैं वो काफी खुशनसीब होते हैं। मैं भी उन लोगों में से हूं क्योंकि मैं केदारनाथ तक आ पाई हूं।

सारा अली खान हाल ही में केदारनाथ ट्रिप पर गई थीं। सारा ने अपनी ट्रिप की

## महाभारत पर आधारित फिल्म बनाना चाहते हैं एसएस राजामौली

**एजेंसियां**



**मुंबई:** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एसएस राजामौली महाभारत पर आधारित फिल्म बनाना चाहते हैं। राजामौली अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत पर आधारित फिल्म बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने ये फैसला लिया है कि मैं 4-5 फिल्में बनाने के बाद ही महाभारत पर काम शुरू करूंगा। मैं महाभारत को अपने अंदाज में बताउंगा। इसके लिए मैं पूरा एक साल रिसर्च करूंगा। इसके बाद ही इस सब्जेक्ट पर फिल्म बनाऊंगा। ये मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट हैं और इसे मैं 10 पार्ट्स की फिल्म में बनाने की प्लानिंग कर रहा हूं। मैं महाभारत बनाने की सतत यात्रा पर हूं, जैसे ही मुझे लगेगा मैं इस पर काम शुरू कर दूंगा। राजामौली ने बताया कि महाभारत के लिये इंटरनेट पर जिस स्टार कास्ट की बात की जा रही है वह सही नहीं है। राजामौली ने कहा कि वे महाभारत बनाना चाहते हैं, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा।

राम-लक्ष्मण को नागपाश में बांध कर दिया था मूर्छित

## ये एक्टर बना है 'आदिपुरुष' के लंकेश का बेटा मेघनाद

**एजेंसियां**



**नई दिल्ली:** बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष का मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस ट्रेलर में प्रभास, कृति सेनन, सनी सिंह और सैफ अली खान के किरदारों को दर्शकों से रूबरू करवाया गया है। फिल्म में सैफ अली खान रावण का रोल कर रहे हैं। जबकि प्रभास राम, कृति सेनन सीता और सनी सिंह लक्ष्मण के रोल में नजर आने वाले हैं। लेकिन इस फिल्म जिसके किरदार की कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है वो रावण के बेटा इंद्रजीत यानी मेघनाद है। कहा जाता है कि मेघनाद वह शख्स था, जिसने भगवान इंद्र को भी जीत लिया था।ऐसा में हम आपको आज फिल्म आदिपुरुष के मेघनाद से मिलवाते हैं। प्रभास की इस फिल्म में अभिनेता वत्सल सेठ मेघनाद का रोल कर रहे हैं। वत्सल सेठ वही अभिनेता है जिन्होंने फिल्म टार्जन- द वंडर कार से बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग की शुरूआत की थी। इसके बाद वत्सल सेठ फिल्म हीरोज, तो बात पक्की, होस्टल, जय हो और मलंग जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। फिल्मों के अलावा वत्सल सेठ कई टीवी सीरियल की भी हिस्सा रहे हैं।

# 'द केरल स्टोरी' के बॉक्स ऑफिस पर होगा असर?

**एजेंसियां**

**मुंबई:** ईद पर रिलीज हुई फिल्म ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्व बुरी तरह पिटी। सलमान खान का स्टारडम भी इस मूवी को फ्लॉप होने से नहीं बचा पाया। सलमान जैसे स्टार की फिल्म जहां पानी मांगती दिखी, वहीं स्माल बजट मूवी द केरल स्टोरी बॉक्स ऑफिस पर परचम लहरा रही है। अदा शर्मा स्टारर ये फिल्म 6 दिन में 68.86 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है। पहले हफ्ते में द केरल स्टोरी की धुआंधार कमाई ने सभी को सरप्राइज किया। सेकंड वीकेंड में फिल्म का कलेक्शन और बढ़ सकता है। इस शुक्रवार यानी 12 मई को द केरल स्टोरी को चुनौती देने के लिए 2 और फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। विद्युत जामवाल की स्पाई ड्रामा क्ह71 और बेलमकोंडा साई श्रीनिवास की छत्रपति दस्तक देगी।

इन दोनों मूवीज के लिए द केरल स्टोरी से टकराना आसान बात नहीं होगी। अदा शर्मा की फिल्म सभी को तगड़ा कॉम्पिटिशन दे सकती है। दे केरल स्टोरी पर सियासी विवाद जारी है। फिल्म के कंटेंट पर बहस छिड़ी है। मूवी सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रही है। इस वक्त पूरा माहौल द केरल स्टोरी के फेवर में नजर आता है। बाकी नई रिलीज फिल्मों के रिव्यूज पर उनकी कमाई निर्भर करती है।



## प्रदेश >> अपडेट

### अमृतसर में धमाकों को लेकर पांच गिरफ्तार

**अमृतसर :** पंजाब में अमृतसर में पिछले पांच दिनों में तीन धमाकों के सिलसिले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने यह जानकारी आज यहां दी। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जिनकी गिरफ्तारी हुई उनकी पहचान आजाद वीर सिंह, अमरीक सिंह, साहिब सिंह, हरजीत सिंह और धर्मेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एनआईए का जम्मू-कश्मीर में 12 ठिकानों पर तलाश अभियान

**श्रीनगर :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी द्वारा आतंकी फंडिंग मामले की चल रही जांच में गुरुवार को कश्मीर में करीब 12 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और बारामूला जिले में 11 स्थानों पर तलाशी जारी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जम्मू-कश्मीर में एक गैरकानूनी संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेइएल) द्वारा आतंकी फंडिंग के मामले में छापेमारी की जा रही है।

### विषाक्त भोजन से एक ही परिवार के तीन व्यक्ति बीमार

**दमोह :** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के तेवरिया गांव में रात्रिभोजन के बाद एक ही परिवार के तीन सदस्य बीमार हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार हटा थाना क्षेत्र के तहत तेवरिया गांव निवासी गजेंद्र और उसके दो बच्चे सीमा तथा देवकरण को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद कल रात हटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया था। इसके बाद उन्हें यहां जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब तीनों की हालत स्थिर है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पिथौरागढ़ में भूकंप के झटके

**नैनीताल:** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में गुरुवार की सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र मिली जानकारी के अनुसार भूकंप के झटके आज सुबह 06.15 मिनट पर महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गयी। इसका केन्द्र पिथौरागढ़ से 32 किलोमीटर उत्तर की ओर तथा गहराई सतह से पांच किलोमीटर नीचे रही। भूकंप के झटके डीडीहाट, थल, नाचनी, बलुवाकोट, धारचूला एवं बंगापानी तहसीलों में महसूस किया गया। फिलहाल प्रभावित क्षेत्रों से किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है।

### राजीविका उत्पादों की हो बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग : कुमार

**जयपुर :** राजस्थान में जयपुर जिले के प्रभारी सचिव अभय कुमार ने कहा है कि राजीविका के उत्पादों में राज्य की कला संस्कृति की झलक उन्हें बेहद खास बनाती है। प्रभारी सचिव अभय कुमार ने प्रभारी सचिव ने बुधवार पंचायत समिति बस्सी के सभागार में राजीविका की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजीविका के उत्पादों के और भी बेहतर मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग की कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव के अंदर ही विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए पशु सखी कृषि सखी बनने के साथ-साथ किचन गार्डन, खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी जाए।

### शिवराज ने किया मोबाइल बस 'स्पेस ऑन व्हील्स' का शुभारंभ

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर मोबाइल बस 'स्पेस ऑन व्हील्स' का शुभारंभ कर इसका अवलोकन किया।

## अदालत

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा चुनी हुई दिल्ली सरकार ही असली बॉस

# केंद्र सरकार को हर चीज में दखल देने का अधिकार नहीं

- उपराज्यपाल सिर्फ प्रशासकीय प्रमुख रहेंगे
- जमीन और विधि व्यवस्था केंद्र के अधीन
- शेष सभी अधिकार राज्य सरकार के पास



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** दिल्ली सरकार वनाम उप राज्यपाल मामले में शीर्ष अदालत ने अपना फैसला राज्य सरकार के पक्ष में सुनाया है। अदालत ने कहा है कि सरकार की असली ताकत चुनी हुई सरकार के पास ही होती है। केंद्र द्वारा मनोनित कोई व्यक्ति इसके शीर्ष पर नहीं हो सकता। इसलिए वहां तैनात अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन का अधिकार भी दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास ही है। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने यह फैसला सुनाया है। इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा न्यायामूर्ति एमआर शाह, कृष्णा मुरारी, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा थे। अदालत ने अपने इस फैसले में साफ कर दिया है कि उस केंद्र शासित प्रदेश में केंद्र सरकार के पास सिर्फ जमीन, विधि व्यवस्था का अधिकार है।

शेष सब कुछ वहां की चुनी हुई सरकार के अधीन है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ये सर्वसम्मति का फैसला सुना रहे हैं और वो इसे दो हिस्से में सुना रहे हैं। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने सुनवाई के बाद 18 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दिल्ली सरकार को अफसरों का ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार है। इस मामले में दिल्ली सरकार की सुप्रीम कोर्ट की जीत हुई है। वहीं सर्वोच्च अदालत ने कहा कि जमीन, कानून-व्यवस्था और पुलिस का अधिकार केंद्र के पास रहेगा।दिल्ली दूसरे केंद्रशासित प्रदेशों से अलग है क्योंकि यहां चुनी हुई सरकार है। दिल्ली सरकार को वही शक्तियां हैं तो दिल्ली विधानसभा को मिली हुई हैं। चुनी हुई सरकार के पास ही प्रशासनिक व्यवस्था रहेगी। एग्जिक्यूटिव मामले में अधिकार एलजी के पास। उपराज्यपाल दिल्ली सरकार की सलाह और सहायता के साथ काम करेंगे। आदर्श स्थिति यही होगी दिल्ली सरकार को अधिकारियों पर नियंत्रण मिले। पुलिस और कानून व्यवस्था और जमीन जो दिल्ली सरकार के दायरे में नहीं आते हैं उसके अलावा बाकी अधिकारियों पर अधिकार दिल्ली सरकार को मिलनी चाहिए।

चीफ जस्टिस ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि अगर राज्य सरकार का अपने अधीन अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं होगा तो वो ठीक से काम नहीं करेंगे। वो सरकार की बात नहीं मानेंगे। अगर चुनी हुई सरकार है तो उसको शक्ति मिलनी चाहिए क्योंकि यह पूर्ण राज्य नहीं है। दिल्ली की चुनी हुई सरकार लेकिन अधिकार कम। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि दिल्ली के कुछ मामलों में एलजी का एकाधिकार है। विधानसभा को कानून बनाने का अधिकार है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील रखी कि संविधान में कभी ऐसा विचार नहीं किया गया था कि यूटी (केंद्र शासित प्रदेश) के लिए अलग सर्विस कैडर हो। यह सिर्फ यूनियन ऑफ इंडिया का एक्सटेंशन है और यूटी में जो भी कर्मी काम करते हैं, वे केंद्र के अधीन काम करते हैं।

2007 से लेकर अभी तक सिर्फ चार बार ऐसा मौका आया है, जिसमें चुनी हुई दिल्ली की सरकार और एलजी के बीच मतभिन्नता हुई और मामला राष्ट्रपति को रेफर हुआ था। सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि मामले को लार्जर बेंच को रेफर करने की जरूरत इसलिए है कि मामला संघीय ढांचे से जुड़ा है। साथ ही, केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश के बीच संघीय सिद्धांत को देखना जरूरी है। वहीं, चीफ जस्टिस और अन्य जजों ने मामले में सॉलिसिटर जनरल को अलग से नोट पेश करने की इजाजत दी थी।

### मणिपुर से आए सभी विद्यार्थी अपने गंतव्य स्थल पहुंचे : राजौरा

**भोपाल :** हिंसाग्रस्त मणिपुर में फंसे मध्यप्रदेश के सभी विद्यार्थी अपने गंतव्य स्थल पर सुरक्षित पहुंच गए हैं। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा ने कल देर रात बताया कि मणिपुर से आ रहे प्रदेश के सभी 24 विद्यार्थी निर्धारित गंतव्य स्थलों पर पहुंच गए हैं। 23 छात्र-छात्राएँ कल निर्धारित फ्लाइट से समय पर इंदौर हवाईअड्डे पहुंच गए। छिन्दवाड़ा का एक छात्र भी कोलकाता से सीधे नागपुर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि अब निश्चिंत होकर प्रदेश के विभिन्न शहरों में निवासरत छात्र-छात्रा अपने घर पहुंच जाएंगे।

### यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने छह नेताओं की निंदा की

# पुतिन के परेड में छह विदेशी राष्ट्राध्यक्ष

एजेंसियां



**कियेब:** यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रेड स्क्वायर पर दूसरे देशों के जो नेता मौजूद थे, वे दरअसल एक युद्ध अपराधी का साथ दे रहे हैं। पुतिन ने अपने भाषण के दौरान, क्रेमलिन नेता ने रूस के युद्ध अपराधों को न्यायोचित ठहराया, जिसमें यूक्रेन के खिलाफ हत्याएं, शहरों और गांवों का विनाश, बच्चों का अपहरण और दमन शामिल है। कब्जे वाले क्षेत्रों में लोगों की। मंत्रालय ने यह भी याद किया कि 9 मई के शुरूआती घंटों में, रूस ने यूक्रेन के खिलाफ एक और बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसमें 25 क्रूज मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से 15 कीव को लक्षित थीं।

विदेशी नेता सैन्य उपकरणों के प्रदर्शन को भी देखते हैं जिसका रूस ने लगभग दस वर्षों तक यूक्रेन पर अपने अकारण आक्रामक युद्ध में उपयोग किया है। हम एक युद्ध अपराधी के साथ एक सार्वजनिक कार्यक्रम में इन विदेशी राज्यों के नेताओं की भागीदारी पर विचार करते हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अज्ञात पैमाने पर यूरोप में युद्ध शुरू करने का दावा करता है, यूक्रेन के लिए एक अनैतिक और अमित्र कदम के रूप में, के लिए अवमानना की अभिव्यक्ति यूक्रेनी लोग जो अपने अस्तित्व और स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि मध्य एशिया और काकेशस के लोगों ने 78 साल पहले नाजीवाद पर जीत के लिए एक अमूल्य योगदान दिया था और क्रेमलिन द्वारा इस्तेमाल किए जाने के भाग्य के लायक नहीं है, जिसका अब कोई लेना-देना नहीं है। परेड शुरू होने से पहले, रूसी तानाशाह व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन और पश्चिम के बारे में झूठ को दोहराते हुए एक भाषण दिया और उन्हें रूस के अपने आक्रमण के युद्ध के लिए दोषी ठहराया।

### हॉल के अंदर मौजूद अमित शाह, बाहर हुई हाथापायी

# भाजपा के रवींद्र जयंती समारोह का ऐसा हाल



राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** रवींद्र जयंती समारोह के दौरान साइंस सिटी थिएटर के अंदर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। उसी दौरान प्रवेश द्वार के आसपास भाजपा कार्यकताओं की अफरातफरी और अशांति थी। हाथापाई हुई, थोड़ी नोकझोंक भी हुई। प्रदेश भाजपा नेतृत्व इससे असहज है। हालांकि, मंगलवार शाम तक प्रदेश नेतृत्व की ओर से किसी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रवीन्द्र जयंती के अवसर पर खोला हाओवा, यानी उन्मुक्त वातास नामक संस्था ने कविगुरु को श्रद्धा देने का कार्यक्रम का आयोजन किया। मालूम हो कि भाजपा के कुछ नेताओं ने वह संगठन बनाया है। उस मौके पर शाह मंगलवार शाम साइंस सिटी थियेटर में नजर आए। उनके थियेटर में घुसने के बाद कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता भी अंदर जाना चाहते थे। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि बवाल की शुरूआत इस बात को लेकर हुई थी कि कौन किस रास्ते से प्रवेश करेगा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य भी मौके पर मौजूद थे। उसके सामने अफरातफरी का माहौल है। आरोप है कि कार्यकताओं ने शामिक को अपशब्द कहे। कुछ कार्यकताओं ने उन पर उंगली उठाई और कहा, आप कैसे नेता हैं? इसके बाद शमिक ने पार्टी कार्यकताओं को रोकने की कोशिश की। हालांकि, शमिक ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। राज्य भाजपा नेतृत्व या शमिक की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया बाद में इस रिपोर्ट में जोड़ी जाएगी। शाह सोमवार रात कई कार्यक्रमों के साथ राज्य आए थे। केंद्रीय गृह मंत्री मंगलवार सुबह रवींद्रनाथ के घर जोरासांको ठाकुरबाड़ी पहुंचे।

# शिकारी खुद बन गया शिकार



एजेंसियां

**होशियारपुर :** एक सुपारी हत्यारे ने नशे में अपने 'शिकार' को बता दिया कि उसकी सुपारी मिली है और जान बचानी है तो सुपारी की रकम से बड़ी रकम दो। इसका खामियाजा उसे अपनी जान गंवाकर चुकाना पड़ा। होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज सिंह चहल ने पिछले महीने जिले के गांव भरतपुर जोगियां के जंगलों में मिले एक क्षत-विक्षत शव की गुत्थी सुलझाने का दावा करते हुए उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को शव मिला था। युवक के हाथ कलाइयों से कटे हुए थे और उसकी शिनाख्त भी मुश्किल थी। बाद में उत्तर पद्रेश के सहारनपुर से आये युवक के पिता ने शव की शिनाख्त की। युवक अमित कुमार था। पुलिस ने हत्या की जांच करते हुए दो संदिग्धों हरपाल सिंह और कुंदन लाल को हिरासत में लिया। चहल ने बताया कि हरपाल और कुंदन की पूछताछ में सामने आया कि अमित खुद एक सुपारी किलर था। एक बार नशे में अमित ने हरपाल और कुंदन को बताया कि एक महिला जिसके पति की पांच साल पहले दुर्घटना में मौत हो गई थी, उसे संदेह है कि वह दुर्घटना नहीं थी और हरपाल ने वह हत्या कराई थी।

## पड़ताल

### अदालत ने पुलिस से अद्यतन रिपोर्ट मांगी

# यौन उत्पीड़न मामले में किसानों और खाप प्रतिनिधियों का आना जारी

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों में दर्ज प्राथमिकी पर शहर की पुलिस से स्थिति रिपोर्ट मांगी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने पहलवानों की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है जिसमें जांच की निगरानी और कथित पीड़ितों के अदालत में बयान दर्ज करने की मांग की गई है। अदालत ने पुलिस को 12 मई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया जब वह मामले की आगे सुनवाई करेगी।

महिला पहलवानों की ओर से दायर याचिका में मामले की जांच पर स्थिति रिपोर्ट पेश करने के लिए अदालत से निर्देश मांगा गया था। आवेदन में दावा किया गया है कि 28 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद से पुलिस ने कुछ नहीं किया है। इसमें दावा किया गया है, पुलिस कोई जांच करने को तैयार नहीं है। यहां तक कि पीड़ितों के बयान भी पुलिस ने अदालत के सामने दर्ज नहीं किए हैं। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो एफआईआर की प्रतियां भी सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश की गईं।

नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है जबकि अन्य शिकायतकताओं के यौन उत्पीड़न के मामले में एक अन्य प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला पहलवानों ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वकील ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पीड़ितों के बयान अदालत में दर्ज किए जाने चाहिए, उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के तीन दिन बाद बयान दर्ज किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि यह आरोप लगाया गया है कि खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने पीड़ितों में से एक के पति को फोन किया और मामले को सुलझाने के लिए कहा। वकील ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य कुश्ती संघ के एक अन्य अधिकारी ने मामले को निपटाने के लिए कोच और पीड़िता के परिवार से संपर्क किया था। वकील ने दावा किया, उस व्यक्ति ने कहा कि लड़कियों ने गलती की है।

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका के एफ-22 रैप्टर लड़ाकू विमानों ने प्रशिक्षण उड़ानें प्रारंभ की

**हेलसिंकी :** अमेरिका की वायु सेना के एफ-22 रैप्टर लड़ाकू विमानों ने एस्टोनिया में प्रशिक्षण उड़ानें शुरू की है। ईआरआर ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल की शुरुआत में सैन्य अभ्यास के लिए 12 लड़ाकू विमानों को अमेरिका से पोलिश एयरबेस में स्थानातंरित किया गया था। इस सप्ताह तेलिन के पास एस्टोनिया के अमारी एयरबेस में तीन लड़ाकू विमान पहुंचे। अभ्यास में अन्य देशों के सहयोग से खतरों का तुरंत जवाब देने का अभ्यास शामिल है। एस्टोनिया में अमेरिकी राजदूत जॉर्ज केंट ने ब्रॉडकास्टर को बताया कि लड़ाकू विमान दूसरे देशों के पायलटों के साथ संयुक्त उड़ानें संचालित करते हैं। केंट ने कहा, ''आज सुबह, पायलटों ने लिथुआनिया के लिए उड़ान भरी, और हम पुर्तगाली और रोमानियाई पायलटों के साथ काम कर रहे हैं,और शायद कल ब्रिटिश टाइफून के साथ उड़ान भरने की उम्मीद है।'' एस्टोनिया में अमेरिकी दूतावास के अनुसार, अमेरिका ने 2015 से अमारी एयरबेस में बुनियादी ढांचे में 33 मिलियन यूरो (36 मिलियन डॉलर) से अधिक का निवेश किया है। एयरबेस के परिसर में निर्मित नवीनतम ईंधन भंडारण सुविधा के अलावा, अमेरिका ने लगभग 220 सेवादारों के लिए एक शयनगृह और एक विमान रखरखाव हैंगर बनाया है।

### जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों की बैठक 11 मई से

**टोक्यो:** जापान के निगाता शहर में जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की 11 से 13 मई तक बैठक होगी। यह बैठक 2023 में जापान द्वारा जी-7 की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ हो रही है। साल भर में जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की कई बैठकें होंगी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक समूह तथा आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी बैठक में भाग लेंगे। बैठकों के एजेंडे में वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी, जिसमें बैंक रन का मुकाबला करने के लिए जी-7 योजना भी शामिल है।

### चीन के कोयला खदान में आग लगी , पांच लोग लापता

**झेंगझोऊ :** चीन के हेनान प्रांत के सैनमेनक्सिया शहर में एक कोयला खदान में आग लगने के बाद पांच लोग अभी भी लापता हैं। कंपनी के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कोयला खदान में लगी भीषण आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे दमकल कर्मियों ने गुरुवार सुबह तक नहीं बुझा पाए हैं। इस हादसे में गेंगकुन खदान के कई कर्मचारी फंस गए, जिन्हें बचावकर्मियों द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया लेकिन इनमें से अभी भी पांच लापता लोग लापता हैं। गौरतलब है कि एक विशेषज्ञ समूह अनुवर्ती बचाव कार्य पर चर्चा करने के लिए खदान में पहुंचा है। गेंगकुन माइन हेनान दयाउ एनर्जी कंपनी लिमिटेड की सहायक कंपनी है।

### निष्पक्ष चुनाव परिणामों को स्वीकार करेंगे-ट्रम्प

**वाशिंगटन:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव निष्पक्ष होंगे तो वह इसके नतीजों को स्वीकार करेंगे। ट्रम्प से सीएनएन टाउन हॉल ने जब पूछा कि क्या वह किसी भी हालत में 2024 के चुनाव परिणामों को स्वीकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो उन्होंने कहा, हां, अगर मुझे लगता है कि यह एक निष्पक्ष चुनाव है, तो बिल्कुल, मैं करूंगा। ट्रम्प ने पिछले साल के अंत में अपने 2024 अभियान की घोषणा की। वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आधिकारिक तौर पर अप्रैल में अपना पुनः चुनाव अभियान शुरू किया।

### ब्राजील ने टेलीग्राम को ब्लॉक करने की दी चेतावनी

**ब्यूनस आयर्स :** ब्राजील की सर्वोच्च संघीय अदालत ने अधिकारियों की आलोचना करने वाले संदेशवाहक टेलीग्राम को अपने बयानों को नही हटाये जाने पर 72 घंटे के लिए ब्लॉक करने की धमकी दी है। ब्राजील की मीडिया ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार 09 मई को, टेलीग्राम पर एक संदेश पोस्ट किया गया था जिसमें कहा गया था कि ब्राजील में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है, जिसमें उसने नकली समाचार बिल का उल्लेख किया था जो वर्तमान में ब्राजीलियाई कांग्रेस के निचले सदन द्वारा अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेलीग्राम को उस संदेश को हटाना होगा और उस चैनल के उपयोगकर्ताओं को भेजना होगा जहां इसे पोस्ट किया गया था। संदेश में ब्राजील के अधिकारियों से संबंधित टिप्पणी जबरदस्त दुष्प्रचार थी। अगर यह संदेश नहीं हटाया गया तो संदेशवाहक को देश में 72 घंटों के लिए अवरुद्ध कर दिया जाएगा, और कंपनी को हर घंटे के लिए 500,000 ब्राजीलियाई रियल का जुर्माना देना होगा। टेलीग्राम ने 09 मई को कहा कि अगर सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं का मुकाबला करने के उद्देश्य से फर्जी समाचार बिल ब्राजील सरकार द्वारा पारित किया जाता है, तो वह ब्राजील छोड़ने के लिए तैयार है।

### जापान में ओकिनावा के आसमान में जलती हुई वस्तु दिखी

**टोक्यो :** जापान के ओकिनावा द्वीप के ऊपर आसमान में बुधवार रात अज्ञात जलती हुई वस्तुएं देखी गयीं। टीबीएस ब्रॉडकास्टर ने यह सूचना दी। रिपोर्ट के मुताबिक, इन वस्तुओं को रात करीब साढ़े आठ बजे देखा गया। स्थानीय समय (11:30 जीएमटी)। एक पोस्ट किए गए वीडियो में कम से कम दो जलती हुई वस्तुओं को आकाश में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। वेदरन्यूज पोर्टल ने बताया कि वस्तुओं का प्रक्षेपवक्र धूमकेतु से अलग था, और उग्र पूंछ उल्का की तुलना में लंबी थी।

### पीटीआई के उपाध्यक्ष कुरैशी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को पुलिस ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने (3एमपीओ) की धारा तीन के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार , पीटीआई नेता को बुधवार दोपहर गिरफ्तार करने की पुलिस की नाकाम कोशिश के बाद इस्लामाबाद के गिलगित बाल्टिस्तान हाउस से हिरासत में ले लिया गया।

### जापान के चिबा में भूकंप के झटके

**टोक्यो :** जापान के चिबा प्रांत में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गयी है। भूकंप प्रांत में स्थानीय समयानुसार सुबह 04 बजकर 16 मिनट (बुधवार को 19:16 जीएमटी) पर आया। भूकंप का केंद्र 40 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप की अधिकतम तीव्रता जापान के 7-ग्रेड स्केल पर पांच थी। एजेंसी के अनुसार सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। भूकंप से किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

## आज का इतिहास

- 1459 : राव जोधा ने जोधपुर की स्थापना की।
- 1666 : पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे।
- 1784 : पेरिस समझौता प्रभावी हुआ।
- 1847 : विलियम क्लेटन ने ओडोमीटर का आविष्कार किया।
- 1915 : क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा।
- 1945 : भारत के 37वें मुख्य न्यायाधीश के.जी.बालकृष्णन का जन्म।
- 1954 : राजनीतिज्ञ एवं तमिलनाडु के 13वें मुख्यमंत्री के.पलानीस्वामी का जन्म।
- 1965 : इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक संबंध शुरु करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान किया।
- 1989 : भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी शिखा पांडे का जन्म।
- 1993 : हिन्दी के जाने माने कवि शमशेर बहादुर सिंह का निधन।

## झारखंड विधानसभा की समिति सिक्किम दौरे पर

रांचीः झारखंड विधानसभा की युवा कार्य, खेलकूद और पर्यटन समिति के सदस्य सिक्किम दौरे पर हैं। समिति के सभापति विधायक सुदेश महतो और सदस्य अनंत ओझा एवं लंबोदर महतो अध्ययन यात्रा के तहत गुरुवार को सिक्किम विधानसभा पहुंचे, जहां विधानसभा के अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। विधायकों ने सिक्किम के पर्यटन स्थलों और वहां की पर्यटन नीतियों के बारे में जानकारी ली।

**आरोप** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर लग है प्रतिबंधित पिस्टल रखने का आरोप की

# प्रतिबंधित पिस्टल मामला में जांच की तैयारी में झारखंड सरकार

राष्ट्रीय खबर






**रांचीः** प्रतिबंधित पिस्टल रखने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ झारखंड सरकार ने जांच की तैयारी शुरू कर दी है। विधायक सरयू राय की शिकायत के बाद राजभवन ने राज्य सरकार को इस मामले की जांच करा कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। राजभवन के निर्देश के बाद राज्य सरकार इसकी जांच कराने की तैयारी शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, इस संबंध में जमशेदपुर जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य सचिव स्तर से राजभवन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायेगा। इधर, वायरल वीडियो के बाद प्रतिबंधित पिस्टल के मुद्दे पर जारी सियासत थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मुद्दे पर विधायक सरयू राय और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आमने सामने हैं।

बहरहाल जिला प्रशासन की रिपोर्ट के बाद ही यह तय होगा कि स्वास्थ्य मंत्री के उपर लगे आरोप में कितनी सच्चाई है और सरकार क्या कदम उठाने जा रही है।दरअसल, यह मामला तब सुर्खियों में आया, जब विधायक सरयू राय ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर स्वास्थ्य मंत्री के पास प्रतिबंधित पिस्टल होने की शिकायत की। जिसके बाद सरयू राय ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर लिखित शिकायत करते हुए इसकी जांच की मांग कर दी।राजभवन को सरयू राय द्वारा सौपे गए शिकायत पत्र में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के ऑर्म्स सेक्शन के कमांडेंट आर्म्स द्वारा कोलकाता पुलिस को 27 जनवरी 2023 को प्रेषित निर्देश की छाया प्रति भी संलग्न किया है।

जिसमें बताया गया है कि मेसर्स काउंटर मेजर्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और जे विश्वास एंड कंपनी को 7 जनवरी 2022 को वितरण के लिए भेजी गई जी 44 मॉडल पिस्टल निर्माण और वितरण लाइसेंस की शर्तों को आर्म्स एक्ट के अधीन पूरा नहीं करता है, इसलिए जिसने भी यह पिस्तौल खरीदा है, उसे वापस लेकर इसे सरकार के मालखाने में जमा किया जाए। इससे पहले जमशेदपुर जिला प्रशासन और केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी सरयू राय ने चिठ्ठी भेजकर शिकायत की है। सरयू राय के इस आरोप को हालांकि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने खारिज कर राजनीतिक विद्वेष के तहत की गई कार्रवाई की बात कहते हुए मानहानि का नोटिस भेजा है।

## हाई कोर्ट में हाजिर हुए विधानसभा के प्रभारी सचिव, मंगलवार को दो बिंदुओं पर होगी सुनवाई

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** नेता प्रतिपक्ष मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने सुनवाई के लिए दो बिंदु तय किए हैं। जिस पर 16 मई को मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की बेंच में दोनों पक्षों की ओर से बहस होगी। हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा सूचना आयुक्त समेत अन्य बोर्ड निगम में नियुक्ति को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट ने दो बिंदु निर्धारित किए हैं। झारखंड विधानसभा की ओर से अदालत में पक्ष रख रहे अधिवक्ता अनील कुमार ने बताया कि अगली सुनवाई में पहला बिंदू न्यायालय के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लेने का निर्देश दे सकता है या नहीं और दूसरा बिंदु यह है कि सर्वाधिक संख्या वाले किसी भी विरोधी दल के नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है या नहीं। इन दोनों बिंदुओं पर 16 मई को दोनों पक्षों की ओर से अदालत में बहस होगी।बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से अदालत के समक्ष पक्ष रख रहे वरीय अधिवक्ता आरएन सहाय ने न्यायालय में कहा कि बीजेपी अगर किसी भी विधायक को नेता चुनकर नेता प्रतिपक्ष का नाम विधानसभाध्यक्ष को भेजते हैं तो उनको अधिकार नहीं है कि वो इसे नहीं मानेंगे। ये बीजेपी को अधिकार है और कानून सम्मत है। इसलिए बीजेपी से बाबूलाल मरांडी के बजाय किसी अन्य नेता का नाम नेता प्रतिपक्ष के लिए स्पीकर द्वारा मांगा जाना कहीं से भी उचित नहीं है।न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर हाई कोर्ट पहुंचे। सुनवाई के दौरान कोर्ट में वो उपस्थित रहे। अगली सुनवाई यानी 16 मई को न्यायालय के आदेश पर विधानसभा के प्रभारी सचिव को हाजिर होने से छूट दी गई है। नेता प्रतिपक्ष के मामले में झारखंड विधानसभा के द्वारा न्यायालय के समक्ष शपथ पत्र दाखिल कर जवाब भी दिया गया है।विधानसभा की ओर से हाई कोर्ट में पक्ष रख रहे अधिवक्ता अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि शपथ पत्र के माध्यम से 18 मई को दल बदल के एक अन्य मामले की स्पीकर न्यायाधिकरण में सुनवाई होने का जिक्र करते हुए समय की मांग की गई है। साथ ही स्पीकर न्यायाधिकरण के द्वारा नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर अब तक हुई सुनवाई और कार्रवाई से न्यायालय को अवगत कराया गया है।

जब तक करेंगे ड्यूटी तब तक होती रहेगी रिकॉर्डिंग

## ट्रैफिक के जवानों को मिला बॉडी वार्न कैमरा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राजधानी के सभी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात जवानों को बॉडी वार्न कैमरा उपलब्ध करवा दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से कुछ पोस्ट पर बॉडी वार्न कैमरा लगाकर जवान ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन अब सभी ट्रैफिक पोस्ट पर कैमरे उपलब्ध करवा दिए गए हैं। ऐसे में ना सिर्फ ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि पुलिस से बदतमीजी करने वाले लोग भी कैमरे के रडार पर रहेंगे।गुरुवार को रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि रांची के सभी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडी वार्न कैमरों से लैस कर दिया गया है। लगभग 100 कैमरे अलग अलग ट्रैफिक पोस्ट पर दिए गए हैं, जिन्हें पहनकर ट्रैफिक पुलिस वाले ड्यूटी कर रहे हैं। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि दिए गए कैमरे में प्राप्त बैकअप है, बैकअप को रिजर्व करने के लिए भी व्यवस्था की गई है। ऐसे में जब तक ट्रैफिक के जवान ड्यूटी पर रहेंगे तब तक उनके कैमरे ऑन रहेंगे।पुलिस मुख्यालय की तरफ से निर्देश दिया गया है कि बॉडी वार्न कैमरा पहना हुआ ट्रैफिक जवान जब तक सड़क पर ड्यूटी करेगा, तब तक उसका कैमरा ऑन रहेगा। दरअसल, हाल के दिनों में ट्रैफिक पुलिस को लेकर भी कई तरह की शिकायतें पुलिस मुख्यालय तक पहुंची थी। वहीं पुलिस एसोसिएशन की तरफ से भी शिकायत गई थी कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ बदतमीजी की जाती है। अब दोनों ही हालातों में तमाम साक्ष्य पुलिस के पास उपलब्ध रहेंगे, जिसके जरिए आरोप लगाने वाले के आरोपों की भी जांच हो जाएगी।गौरतलब है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से राजधानी समेत राज्य भर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 355 बॉडी वार्न कैमरा उपलब्ध कराए गए हैं। राजधानी रांची में फिलहाल 118 कैमरे दिए गए हैं। जिसमें सिर्फ 100 को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच वितरण कर दिया गया है। कैमरे को क्लिप के जरिए वर्दी की जेब पर लगाया जाता है। रांची के ट्रैफिक एसपी ने बताया कि यह कैमरा चारों दिशाओं में घूम सकता है। इसमें 15 दिनों तक का फुटेज स्टोर किया जा सकता है। इस कैमरे को जीपीएस की मदद से कंट्रोल रूम से भी जोड़ा जा सकता है, इसका फायदा यह है कि कंट्रोल रूम से भी जवानों की एक्टिविटी पर नजर रखी जा सकती है।

## एडीजी अभियान करेंगे समीक्षा

**रांची :** चार साल से अधिक समय से लंबित कांडों का एडीजी अभियान शुक्रवार 12 मई को समीक्षा बैठक करेंगे। इसको लेकर सीआईडी के डीआईजी ने पलामू रेंज के आईजी और सभी रेंज के डीआईजी को पत्र लिखा है। डीआईजी द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि एडीजी अभियान 12 मई को शाम चार बजे से चार सालों से अधिक समय से लंबित कांडों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेना सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि लंबे समय से लंबित कांडों के निष्पादन के लिए झारखंड पुलिस पिछले तीन माह से बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर हजारों लंबित कांडों का निष्पादन किया है।

## झारखंड में पहली बार ऑल इंडिया ओपन कराटे प्रतियोगिता

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** 13 और 14 मई को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, रांची में सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड की मेजबानी में एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में ऑल इंडिया ओपन इन्विटेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक एवं सिको कई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने ओल्ड हजारीबाग रोड स्थित बिशप स्कूल में गुरुवार को इस संबंध में संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस चैंपियनशिप का संचालन विश्व कराटे संघ एवं एशियन कराटे संघ के जज एवं रैफरी के देखरेख में राष्ट्रीय कराटे संघ के जजों एवं रैफरियों के द्वारा किया जाएगा। इसमें 70 स्वर्ण पदक के लिए देश भर से आए लगभग 700 खिलाड़ी आपस में भिड़ेंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, कैडेट एवं सीनियर वर्ग में होगी। कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों को 13 मई को दोपहर 12:00 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है ताकि उनके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।सुनील किस्पोट्टा के मुताबिक झारखंड में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के साथ इस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें स्पोर्ट्स डाटा के माध्यम से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस सुविधा से खिलाड़ी मैच के दौरान अपना समय अपना पॉइंट एलईडी स्क्रीन पर देख पाएंगे। साथ ही दर्शकों को भी आसानी से समझ में आएगा कि किस प्रतिभागी का स्कोर ज्यादा है, कौन जीत रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए झारखंड की धरती में पहली बार राष्ट्रीय कराटे संघ कराटे इंडिया ऑगेनाइजेशन के अध्यक्ष सिहान विजय तिवारी एवं महासचिव सिहान संजीव जांगरा का आगमन हो रहा है।प्रतियोगिता के आयोजक निदेशक संसाई संसाई अनिल किस्पोट्टा ने बतलाया कि प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## 15 मई तक 5618 नॉन स्टार्टर आवासों की जियो टैगिंग

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 2022-23 के दूसरे चरण में झारखंड को 5618 आवास मिले हैं। नगरीय प्रशासन निदेशालय के निर्देश के बाद राज्य के सभी नगर निकायों में नये आवंटित सभी नॉन स्टार्टर आवासों की जियो टैगिंग शुरू कर दी गई है। 15 मई तक सभी नॉन स्टार्टर आवासों की तस्वीर पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इसके बाद 240 दिन के अंदर सभी लाभुकों को अपना मकान कंप्लीट करना होगा। तय समय पर मकान निर्माण को लेकर राज्य के सभी नगर निकायों में 1 मई से 7 मई तक कैंप लगाकर लाभुकों के साथ एकरारनामा किया गया है। मकान निर्माण शुरू करने से पहले लाभुकों को पहली किस्त भी आवंटित कर दी जाएगी।नये आवंटित आवासों का निर्माण जल्द शुरू करने का निर्देश सभी नगर निकायों को मिला है, लेकिन राज्य में पुराने आवंटित नॉन स्टार्टर आवासों पर विभाग का ध्यान नहीं है। 3371 आवास अभी भी नॉन स्टार्टर स्टेज पर हैं। लाभुकों से एकरारनामा भी हो चुका है, लेकिन अधिकांश लाभुकों ने निर्माण शुरू नहीं किया है।

## मानव तस्कर पन्नालाल महतो की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की ओर से एनआईए कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया। जिस पर कोर्ट ने अनुमति देते हुए याचिका खारिज कर दी। एनआईए की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की।दरअसल, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, खूंटी में दर्ज कांड संख्या 7/ 2019 को 9 अप्रैल 2020 को एनआईए को स्थानांतरित किया गया है। रांची की एनआईए की विशेष अदालत ने उसके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था जिसे उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बता दें कि मानव तस्कर पन्नालाल व उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड की गरीब लड़कियों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है। एनआईए ने वर्ष 2020 में खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में 19 जुलाई 2019 को दर्ज केस को टेकओवर किया था। रांची एनआईए की विशेष अदालत ने अभी इस मामले में गवाही चल रही है ।पन्ना लाल के मामले में एनआईए की ओर से तीन गवाही कराई जा चुकी है।

**निर्देश**

नहीं लेने पर 10 हजार तक फाइन

## रांची में फूड वैन लगाने वालों के लिए लाइसेंस अनिवार्य

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** नगर निगम ने शहर में फूड वैन लगाने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया है। वहीं लाइसेंस के बगैर कहीं भी फूड वैन लगाकर संचालक कारोबार नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं लाइसेंस नहीं पाए जाने की स्थिति में पहले 10 हजार का फाइन लगाया जाएगा। वहीं दूसरी बार में यह राशि बढ़ जाएगी, जबकि तीसरी बार पकड़े जाने पर फाइन के साथ ही सामान जब्त कर लिया जाएगा। जिसके लिए फूड वैन संचालक पूरी तरह से जिम्मेवार होंगे। ऐसे ही फूड वैन संचालकों को नगर निगम ने लाइसेंस लेने को लेकर नोटिस भी भेजा, लेकिन उन्होंने लाइसेंस लेने में कोई इंटरेस्ट नहीं दिखाया। बताते चलें कि फूड वैन लाइसेंस के लिए अबतक दर्जन भर लोगों ने ही आवेदन दिया है।फूड वैन के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है। जिसकी फीस रांची नगर निगम ने पांच हजार रुपए तय कर रखी है। यह लाइसेंस एक साल के लिए वैलिड है। वहीं लाइसेंस के अलावा हर महीने संचालक को फूड वैन के लिए 5 हजार महीने किराया भी चुकाना है। इसके अलावा 60 हजार रुपए सालाना के साथ 10,800 रुपए का जीएसटी भी वैन संचालकों को भरने का निर्देश है। वहीं तय जगह पर ही फूड वैन लगाकर कारोबार करना है। जिससे कि वे जहां-तहां पर कारोबार नही कर सकेंगे। ऐसा नहीं करने की स्थिति में उनपर कार्रवाई होगी।रांची नगर निगम ने सिटी में अवैध फूड वैन संचालकों पर कार्रवाई तो की, लेकिन यह कार्रवाई केवल दिखाने के लिए की। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 6 सालों में नगर निगम ने फूड वैन संचालकों से 6 लाख 70 हजार रुपए वसूले हैं। जिसमें सबसे ज्यादा 14 लोगों पर फाइन लगाकर पिछले साल रांची नगर निगम ने वसूला है।

